रांची, औरंगाबाद एवं आरा से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

www.sonvarshavani.com

● रांची ● वर्ष -03 ●अंक - 30 ● सोमवार, 11 मार्च 2024 ● रजि नं. - JHAHIN/2022/82776 ● पृष्ठ -12 ● मूल्य : 2 रुपये

## प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड की राजधानी रांची में लाइट हाउस प्रोजेक्ट का किया वर्चुअल उद्घाटन

### झारखंड के 10 लाभुकों को सौंपी चाबी



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत रांची के धुर्वा स्थित पंचमुखी मंदिर के पास बने लाइट हाउस प्रोजेक्ट का रविवार को ऑनलाइन उद्घाटन किया। इस कड़ी में राजधानी के मौसीबाड़ी मैदान पंचमुखी मंदिर के नजदीक कुल 1008 आवासों का उद्घाटन किया गया। ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चैलेंज के तहत 3डी वॉल्यूमेट्रिक प्रीकास्ट विधि से 5.15 एकड़ में सात इमारत बनाए गए हैं। कुल 131 करोड़ की लागत से 18 महीनों में 1008 फ्लैट को नई तकनीक के साथ तैयार किया गया है। हरेक फ्लैट वन-बीएचके है, जो 315 स्क्वायर फीट में बना है। उद्घाटन के दौरान 10 लाभुकों को सांकेतिक रूप से फ्लैट की चाबी दी गई। लाभुकों में शोभा देवी-फ्लैट नंबर 316, केशरी देवी-फ्लैट नंबर 808, संजय कुमार कर्ण-फ्लैट नंबर 312, मनोज कुमार वर्मा-फ्लैट नंबर 606, राकेश कुमार दास-फ्लैट नंबर 607, पूनम देवी-फ्लैट नंबर 506, इंदू देवी-फ्लैट नंबर 215, मुन्नी देवी-फ्लैट नंबर 414, सबिता कुमारी-फ्लैट नंबर 610 और अजय कुमार ठाकुर-फ्लैट नंबर 306 के नाम शामिल हैं। लाभुकों ने घर मिलने की खुशी जताई और प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। उनका कहना था, अभी तक सभी किराए के मकान में रहते थे लेकिन अब उनका खुद का मकान होगा।

**फ्लैट महज प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी : सांसद :** मौके पर रांची सांसद संजय सेठ ने कहा कि यह फ्लैट महज प्रोजेक्ट नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री का विजन है कि आज उन्हें भी घर मिला जो कभी उम्मीद भी नहीं रखते होंगे। प्रधानमंत्री गांव-गरीब और किसान सभी के लिए सोचते हैं। महिलाओं के आरक्षण प्रधानमंत्री ने ही दिया। मोदी जो कहते हैं वही करते भी हैं। यही उनकी गारंटी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी फिर से 2024 में आ रहे हैं। दुनिया के संपन्न देश भी मान चुके हैं कि मोदी फिर से आ रहे हैं। रांची शहर की व्यवस्था को लेकर कहा कि बड़गाई में प्लांट बन कर तैयार है। यहां सीवरेज का पानी ट्रीटमेंट किया जायेगा।

**जल्द ही सारी सुविधाओं की होगी व्यवस्था : विधायक :** हटिया से भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि आज कइयों का सपना पूरा हो रहा, इसकी मुझे खुशी है। घर हर किसी का सपना होता है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री का धन्यवाद देता हूं। उनके विजन के कारण यह सपना पूरा हो सका है। विधायक ने कहा कि जल्द ही यहां कई और सुविधाएं बढ़ेंगी। मसलन कम्युनिटी हॉल, गैस पाइपलाइन की सुविधा के लिए नगर निगम प्रशासन मिलजुल कर प्रयास करें। रांची में बने लाइट हाउस का एक फ्लैट 315 वर्ग फीट का है।

## चीनी रडार हो जाएंगे फुस्स, ताकता रह जाएगा ड्रैगन

### भारत की सेला सुरंग के उद्घाटन से चीन में मची 'खलबली'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वोत्तर के राज्य अरुणाचल प्रदेश के दौरे के दौरान शनिवार को चीन-भारत की वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से करीब 35 किलोमीटर की दूरी पर दुनिया के सबसे लंबे टू-लेन सेला टनल (सुरंग) का उद्घाटन किया है। लोकसभा

● **सेना को तवांग पहुंचने में 10 किमी दूरी कम करनी पड़ेगी तय**

चुनाव से पहले पीएम मोदी का बड़ा मास्टरस्ट्रोक है। करीब 825 करोड़ रुपये की लागत से बनी सेला सुरंग परियोजना एक इंजीनियरिंग चमत्कार है। यह सुरंग 13000 फुट की ऊंचाई पर स्थित है। यह सुरंग पश्चिमी कामिंग और तवांग को जोड़ेगी। पहले सेला दर्रे से होकर तवांग जाना पड़ता था। सर्दियों में दर्रे में बर्फ जम जाने के कारण रास्ता बंद हो जाता




था। इस सुरंग के दो हिस्से हैं, जिसकी लंबाई क्रमशः 1595 मीटर और 1003 मीटर है। इस परियोजना में 8.6 किसोमीटर लंबी दो सड़कें भी शामिल हैं। इस सुंरग में प्रतिदिन 3000 कारे और 2000 ट्रकों की आवाजाही हो सकेगी। गाड़ियां अधिकतम 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकेंगी। इससे सेना को तवांग पहुंचने में 10 किलोमीटर कम की दूरी तय करनी पड़ेगी। इस सुरंग की आधारशिला प्रधानमंत्री ने फरवरी 2019 में रखी थी। यह परियोजना न केवल क्षेत्र में तेज और अधिक कुशल परिवहन मार्ग उपलब्ध कराएगी बल्कि देश को रणनीतिक मजबूती भी देने वाली है। अब सेना की गाड़ियां सभी मौसम में बेरोकटोक एलएसी तक पहुंच सकेंगी और चीन की सीमा पर तैनात सैनिकों को रक्षा उपकरण, रसद, हथियार, मशीनरी उपलब्ध हो सकेगा।

## विकास की बुलंदियों को छू रहा है यूपी, तुष्टिकरण भी पड़ा कमजोर

### यूपी के आजमगढ़ में विपक्ष पर जमकर बरसे पीएम मोदी, लगाई लताड़

**लखनऊ (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव अभियान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आजमगढ़ से यूपी सहित देश के सात राज्यों को 34,676 करोड़ रुपये की 782 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इस दौरान सीएम योगी के समेत भाजपा के कई बड़े नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे। प्रधानमंत्री ने इस दौरान आजमगढ़ और

● **मोदी ने कहा-आजमगढ़ में माफिया नहीं अब यहां पर कानून का राज है**

पूर्वांचलवासियों को मंदूरी एयरपोर्ट समेत राजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय और कई परियोजनाओं की सौगात दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज आजमगढ़ का सितारा चमक रहा है। इस दौरान पीएम मोदी ने परिवारवाद को लेकर विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपका ये प्यार और आजमगढ़ का ये विकास जातिवाद परिवारवाद और वोट बैंक के भरोसे बैठे इंडिया गठबंधन की नींद उड़ा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि आज केवल आजमगढ़ ही



नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ यहां से हो रहा है। आज आजमगढ़ से कई राज्यों में करीब 34 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। अनंतकाल तक ये विकास का गढ़ बना रहेगा ये मोदी की गारंटी है। आज आजमगढ़ में एक नया इतिहास लिखा जा रहा है। यहां से विदेश तक जो भी आजमगढ़ का है उससे आज बहुत खुशी हो रही होगी। आपका ये प्यार और आजमगढ़ का विश्वास हमें जीत दिलाएगा।

### चांद पर फिर से परचम लहराने की तैयारी में इसरो

#### चंद्रयान-4 के लिए बना रहा प्लान, प्रोजेक्ट पर काम जारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के चंद्र मिशन चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अब चंद्रयान-4 की खूब चर्चा हो रही है। चंद्रयान-4 को लेकर कहां तक प्रगति हुई है, इस बारे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) प्रमुख एस सोमनाथ ने शनिवार को बड़ी जानकारी दी। मदुरै में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि चंद्रयान-4 अभी तक फाइनल नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुलशेखरपट्टनम लॉन्चपैड की आधारशिला रखी और यह काम 2 साल में पूरा हो जाएगा।

## किसानों ने डाल दिया रेलवे ट्रैक पर डेरा, यात्री परेशान

### पंजाब-हरियाणा में थम गए 100 से ज्यादा ट्रेनों के पहिए

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** एक महीने से अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत किसानों ने रविवार को चार घंटे के रोल रोको आंदोलन का आह्वान किया था। ऐसे में पंजाब और हरियाणा में कई जगहों पर किसान रेल की पटरी पर बैठ गए। दोपहर के 12 बजे किसान रेलवे ट्रैक पर आ गए और कई ट्रेनों के पहिये थम गए। 4 बजे तक ट्रेनों के पहिए जाम रहेंगे। किसान पंजाब में 22 जिलों में 52 स्थानों पर ट्रैक पर बैठ गए हैं। वहीं हरियाणा में सिरसा समेत 3 जगहों पर रेलवे ट्रैक जाम किया गया है। दोनों राज्यों में 100 से ज्यादा ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शंभू बॉर्डर पर किसान नेता रेलवे ट्रैक पर बैठे हैं। मोहाली रेलवे स्टेशन पर भी रेल ट्रैक पर किसान मौजूद हैं। अमृतसर, जालंधर और सुनाम में किसान रेलवे ट्रैक पर बैठे हैं। इस वजह से ट्रेनों को रोका गया है।



आसपास पुलिस के जवान भी मुस्तैद हैं। भारी पुलिस की तैनाती की गई है। अमृतसर के देवीदासपुरा में भारी पुलिस तैनाती की गई है दिल्ली-अमृतसर रूट पर कई ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। रेल रोको आंदोलन में महिला किसान भी हिस्सा ले रही हैं। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं हो जाती, हम अपना विरोध जारी रखेंगे। हम आज दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक 4 घंटे के लिए ट्रेनें रोकेंगे। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने से हमारा कोई लेना-देना नहीं है। जब हमने यह विरोध शुरू किया था तो हमें पता था कि हम 40 दिनों में यह विरोध नहीं जीत पाएंगे। हम अपनी ताकत बढ़ाना जारी रखेंगे। किसानों के धरने के कारण रेलवे ने कुछ गाड़ियों को ब्यास व लुधियाना से ही वापस भेज दिया। इनमें शान-ए-पंजाब, अमृतसर एक्सप्रेस, अजमेर एक्सप्रेस, अमृतसर चंडीगढ़ शामिल हैं, जिन्हें ब्यास और लुधियाना रेलवे स्टेशन से वापसी के लिए रवाना कर दिया गया।

## कमलनाथ से लेकर दिग्विजय सिंह तक...

### एमपी में चुनाव लड़ने से दूर भाग रहे कांग्रेस नेता!

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश में बीजेपी ने 24 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। वहीं, कांग्रेस अभी भी असमंजस की स्थिति में है। कांग्रेस ने अभी तक उम्मीदवारों के नाम फाइनल नहीं किए हैं। लोकसभा चुनाव से पहले भोपाल स्थित पार्टी दफ्तर में सन्नाटा पसरा रहता है। वहीं, धरातल पर भी कांग्रेस की तैयारी नहीं दिखती है। कहा जा रहा है कि पार्टी नेतृत्व चाहती है कि कांग्रेस के बड़े नेता चुनाव लड़ें। पार्टी ने मिसाल पेश करने के लिए छत्तीसगढ़ में अपने बड़े नेताओं को मैदान में उतारे हैं। वहीं, चर्चा है कि एमपी में कांग्रेस के बड़े नेता चुनाव लड़ने से दूर भाग रहे हैं। कमलनाथ से लेकर दिग्विजय सिंह तक लोकसभा चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। वहीं, सुरेश पचौरी जैसे बड़े नेता पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। एमपी में कांग्रेस की स्थिति को इसी से समझा जा सकता है कि



29 में से अधिकांश सीटों के लिए कांग्रेस को एक से अधिक उम्मीदवारों का पैनल नहीं मिला है।

### चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं दिग्गज नेता

दरअसल, एमपी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार हुई है। इसके बाद पार्टी में भगदड़ मची हुई है। प्रदेश के हर इलाके के नेता लगातार पाला बदल रहे हैं। हार के बाद प्रदेश कांग्रेस में भगदड़ थम नहीं रही है। वहीं, जमीनी स्तर पर संगठन भी हतोत्साहित है। भोपाल से लेकर दिल्ली तक के नेता एमपी में कांग्रेस की स्थिति से वाकिफ हैं। ऐसे में कांग्रेस के दिग्गज नेता चुनाव लड़ने से भाग रहे हैं। प्रदेश में कद्दावर चेहरों की बात करें तो दिग्विजय सिंह, कमलनाथ, अरुण यादव और अजय सिंह राहुल जैसे नेताओं की दिलचस्पी चुनाव लड़ने में नहीं है।

### जमीनी स्तर भी नहीं है तैयारी

बीजेपी जहां एमपी में लोकसभा चुनाव की तैयारियों में दिन-रात एक की हुई है। वहीं, कांग्रेस कही नहीं दिखती है। अभी कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में जुटे हैं या फिर सोशल मीडिया पर ऐक्टिव दिखते हैं। कांग्रेस की तरफ से न तो उतने दावेदार सामने आ रहे हैं और न जमीनी स्तर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की तैयारी दिख रही है। ऐसे में 29 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस के लिए उम्मीदवार ढूंढ़ना आसान नहीं है। सियासी जानकारों का कहना है कि शायद वास्तविक स्थिति से वाकिफ होकर चुनाव नहीं लड़ना चाहते होंगे। एक वरिष्ठ पत्रकार ने कहा कि अभी की स्थिति आप देखेंगे तो कांग्रेस के पास 29 लोकसभा सीटों के लिए योग्य उम्मीदवार नहीं है।

## राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचना लक्ष्य : चम्पाई सोरेन

**गिरिडीह।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार जन आकांक्षाओं के अनुरूप राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। राज्य सरकार झारखंड के छोटे-बड़े किसानों के खेतों तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचने के लिए कृत संकल्पित है। पीरटांड़ मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका आज यहां शिलान्यास हो रहा है। मुख्यमंत्री रविवार को गिरिडीह जिले के पीरटांड़ प्रखंड स्थित मकर संक्रांति मेला मैदान, मधुबन में पीरटांड़ मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुल 639.20 करोड़ रुपये की लागत से योजना का निर्माण होगा। चम्पाई ने कहा कि उनकी सरकार राज्य के आदिवासी, मूलवासी, किसान, मजदूर, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग-समुदाय के लोगों को अपने पैरों पर खड़ा करने की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि



झारखंड खनिज संपदाओं वाला प्रदेश है लेकिन यहां की खनिज संपदाओं का उपयोग झारखंड के लोगों के उत्थान के लिए आज तक नहीं किया जा सका है। झारखंड की खनिज संपदाओं का लाभ दूसरे प्रदेश के लोगों ने उठाया है। झारखंड के संसाधनों से दूसरे राज्यों ने अपनी चमक बिखेरी है।

**पीरटांड़ क्षेत्र आदर्श क्षेत्र के रूप में विकसित होगा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने झारखंड प्रदेश के किसान भाईयों के खेतों में सिंचाई के लिए एक मीटर पाइपलाइन भी बिछाने का कार्य नहीं किया था। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार यहां के कृषक परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए पाइपलाइन के माध्यम से किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में किसान साल भर में तीन फसल की उपज कर सके यह हमारा लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में गिरिडीह जिला का पीरटांड़ क्षेत्र आदर्श क्षेत्र के रूप में विकसित होगा। गिरिडीह कोयला क्षेत्र तथा औद्योगिक संस्थानों वाला क्षेत्र रहा है लेकिन विडंबना है कि इसी जिला से सबसे ज्यादा लोग पलायन करने को मजबूर हैं।

**हर खेत में पहुंचाएंगे पानी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि लघु-मध्यम सभी वर्ग के कृषकों के खेत में पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचाने का कार्य उनकी सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि इस राज्य के खेत ऊपर-नीचे तथा असमतल प्रवृत्ति के हैं। यहां के खेतों पर पाइपलाइन के माध्यम से ही पानी पहुंचाई जा सकती है। पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचने पर खेतों को कोई क्षति भी नहीं पहुंचेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गिरिडीह में डीवीसी जैसा प्रोजेक्ट पुराने जमाने से चल रहा है। गिरिडीह के विस्थापितों को आज तक कोई लाभ नहीं पहुंचा। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से अपील किया कि आप सभी लोग झारखंड के माटी के पुत्र हैं। हम सभी लोगों को आपस में मिलजुल कर झारखंड को संवारना है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लोगों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। यहां की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य के 20 लाख आवास विहीन जरूरतमंद पात्र लोगों को अबुआ आवास योजना का लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## 14 मछुआरों की खोज में भारत की मदद लेगा पाकिस्तान

### इनके भारतीय सीमा में पहुंचने की आशंका, 5 दिन पहले डूबी थी नाव

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में सिंध प्रांत के केती बंदर पोर्ट के पास 45 मछुआरों को ले जा रही एक नाव डूब गई थी। 31 मछुआरों को बचा लिया गया था लेकिन अब



भी 14 मछुआरे लापता हैं। इनकी तलाश के लिए पाकिस्तान सरकार भारत से मदद मांगेगी। पाकिस्तानी मीडिया द डॉन के मुताबिक, सांसद आगा रफीउल्लाह ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह से मछुआरों के ढूंढ़ने के लिए भारत से मदद लेने के बारे में बात की थी।

## बधाई हो !: भारत में 'चीता' प्रोजेक्ट को लगे चार चांद

### एमपी के कूनो नेशनल पार्क से फिर आई बड़ी खुशखबरी

**श्योपुर (एजेंसी)।** श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क से एक बार फिर से बड़ी खुशखबरी आई है। चीता गामिनी ने 5 शावकों को जन्म दिया है। इन शावकों के जन्म के बाद कूनो में चीतों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। अब कूनो में 13 शावकों समेत चीतों की संख्या 26 हो गई है।

● **चीता गामिनी ने दिया 5 शावकों को जन्म, कुल 26 हुई संख्या**

केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट × पर इसकी जानकारी दी। केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने लिखा - हाई फाइव, कूनो, दक्षिण अफ्रीका के त्वालु कालाहारी रिजर्व से लाई गई मादा चीता गामिनी (उम्र लगभग 5 वर्ष) ने आज 5 शावकों को जन्म दिया है। इससे भारत में जन्मे शावकों की संख्या 13 हो गई है। यह भारतीय धरती पर चौथा चीता वंश है



और दक्षिण अफ्रीका से लाया गया चीता का पहला वंश है। सभी को बधाई, विशेषकर वन अधिकारियों, पशु चिकित्सकों और फील्ड स्टाफ की टीम को। जिन्होंने चीतों के लिए तनाव मुक्त वातावरण सुनिश्चित किया है। कूनो राष्ट्रीय उद्यान में शावकों समेत चीतों की कुल संख्या 26 है। केंद्रीय मंत्री ने एक्स पर आगे लिखा, सभी को बधाई, खासकर वन अधिकारियों, पशु चिकित्सकों और फिल्ड स्टाफ को जिन्होंने चीतों के लिए एक तनाव मुक्त वातावरण तैयार किया। इसकी वजह से चीतों का सफलतापूर्वक मिलन हो सका और शावकों का जन्म हुआ।

अब कूनो नेशनल पार्क में सभी शावकों को लेकर चीतों की संख्या 26 हो गई है। केंद्रीय भूपेंद्र यादव ने कहा कि देश की धरती पर ये चौथा और दक्षिण अफ्रीका से लाया गया चीता का पहला कुनबा है। केंद्रीय वन मंत्री ने सभी 5 शावकों की तस्वीर के साथ-साथ वीडियो भी एक्स पर शेयर किया है। इस वीडियो में सभी चीते स्वस्थ नजर आ रहे हैं। भारत में चीतों को बसाने के उद्देश्य प्रोजेक्ट चीता की शुरुआत की गई थी।

## अकड़ गई, अब चेहरे पर भी दिख रहा है तनाव

● **सीबीआई कस्टडी में आते ही बदले शाहजहां शेख के हाव-भाव**

**कोलकाता (एजेंसी)।** संदेशखाली केस में गिरफ्तार हो चुका शाहजहां शेख अब बंगाल पुलिस से निकलकर सीबीआई के हवाले किया जा चुका है। सीबीआई संदेशखाली में महिलाओं के यौन उत्पीड़न और ईडी अधिकारियों पर हमले को लेकर शेख से पूछताछ कर रही है। रविवार को बशीरहाट अदालत में



सीबीआई ने शेख को पेश किया, जहां कोर्ट ने उसकी चार दिन की रिमांड मंजूर कर ली। गौर करने वाली बात यह है कि शेख के हाव-भाव महज चार दिन में ही बदले दिखाई दिए हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper

## संक्षिप्त समाचार

### लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए गठित बूथ स्तरीय जागरुकता समूहों को क्रियाशील रखें : रवि कुमार



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने रविवार को लोकसभा आम चुनाव के लिए बूथ स्तरीय जागरुकता समूह का गठन करने का निर्देश सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों से कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 जल्द ही होना है। हरेक मतदान केंद्र पर स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं नैतिक मतदान के लिए गठित बूथ स्तरीय जागरुकता समूहों को क्रियाशील रखें। रवि कुमार ने बूथ स्तरीय स्वीप कार्यक्रमों को मूर्त रूप देने तथा बूथ स्तर पर व्यापक मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाने के बाबत इनकी गतिविधियों में हरेक स्तर पर तेजी लाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने स्तर से सभी प्रखंडों में बूथ स्तरीय जागरुकता समूह के सदस्यों के लिए नैतिक मतदान से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करें। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने वाले बूथ के सदस्यों को नैतिक मतदान से संबंधित सभी आवश्यक सूचनाओं एवं तत्संबंधी प्रसार- सामग्री को उपलब्ध कराया जाना है। बूथ स्तरीय जागरूकता समूह के संबंधित बीएलओ संयोजक हैं एवं अन्य विभागों के ग्राम,शहर स्तरीय कर्मी एवं ऐसे स्वयं-सेवक बतौर सदस्य शामिल किये जा सकते हैं, जो राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्त न हो। रवि कुमार ने कहा कि इसके लिए स्वीप साथी के रूप में चिन्हित की गई आंगनबाड़ी सेविका, आंगनबाड़ी सहायिका, पारा शिक्षक, स्वास्थ्य कर्मी, किशोरी क्लब की सदस्य, महिला स्वयं सहायता समूह की सक्रिय सदस्य, जल सहायिका, श्रमिक मित्र, मनरेगा मेट, ग्रामसेवक, पंचायत स्वयंसेवक, साक्षरता प्रेरक, मध्याह्न भोजन योजना की रसोईया, कृषक मित्र, पर्यटन मित्र आदि को इस ग्रुप में बतौर सदस्य शामिल किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए कि बीएजी के कोई भी सदस्य किसी भी प्रकार की राजनैतिक गतिविधियों में कदापि संलग्न नहीं हों।

### रातू में रिटायर्ड सीसीएल कर्मी के परिवार को बंधक बनाकर 20 लाख की डकैती



**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के आस्थापुरम में हथियारबंद अपराधियों ने रिटायर्ड सीसीएल कर्मी के घर पर लूट की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। बताया जाता है कि अपराधियों ने शनिवार की देर रात प्रमोद कुमार पांडेय के परिजनों को बंधक बनाकर डकैती की वारदात को अंजाम दिया है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है। इस मामले में पुलिस कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि अपराधी प्रमोद कुमार के घर का दरवाजा तोड़कर घुसे थे। फिर हथियार का भय दिखाकर घरवालों को बंधक बनाकर घटना को अंजाम दिया। डकैती के इरादे से आए आधा दर्जन अपराधियों में से तीन घर के अंदर घुसे और घर के दूसरे माले पर सोई बुजुर्ग महिला माधुरी देवी को हथियार के बल पर अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद घर की अलमारी सहित दूसरे स्थान पर रखे गए गहने, मोबाइल और लैपटॉप सहित करीब 20 लाख से अधिक की संपत्ति ले कर फरार हो गए। डायल 100 के माध्यम से पुलिस को डकैती की घटना की सूचना दी गई, जिसके बाद रविवार की सुबह रातू पुलिस मौके पर पहुंची। डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम से भी जांच करवायी गयी है, लेकिन फिलहाल किसी भी अपराधी का पुलिस सुराग नहीं लगा पाई है। हथियार के बल पर हुई डकैती की इस घटना से पूरा परिवार और आसपास के लोग दहशत में हैं। रिटायर्ड सीसीएल कर्मी प्रमोद कुमार पांडेय पहले कंपनी में ओएस के पद पर कार्यरत थे। इस लूट की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और एफएसएल की टीम पूरे मामले की जांच में जुट हुई है अपराधियों की पहचान के लिए एफएसएल टीम और डॉग स्क्वायर टीम को बुलाकर जांच की गई। डीएसपी मुख्यालय अमर कुमार पांडेय ने बताया कि दो- तीन व्यक्ति घर के अंदर घुसे थे ,तो लूट की घटना हुई। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### भाजपा में टिकट नहीं काटा जाता, बल्कि दायित्वों का वितरण किया जाताः समीर उरांव



**रांची।** भाजपा ने सुदर्शन भगत का नाम काटते हुए लोहरदगा लोकसभा सीट से समीर उरांव को पार्टी प्रत्याशी बनाया है। इस संबंध में भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने जानकारी दी है। समीर उरांव ने इस संबंध में कहा कि पिछले तीन बार से सुदर्शन भगत यहां के सांसद रहे। इस बार पार्टी ने उन्हें (समीर उरांव) प्रत्याशी बनाया है। पार्टी का फैसला ही सबकुछ होता है। यहां टिकट कटने जैसी कोई भी बात नहीं होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा में टिकट नहीं काटा जाता, बल्कि दायित्वों का वितरण किया जाता है। उन्होंने लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के लिए प्रमुख मुद्दे के रूप में अपनी बातों को रखते हुए कहा कि इस क्षेत्र में पलायन की समस्या सबसे अधिक गंभीर रही है। पलायन को रोकने को लेकर जो प्रयास होंगे, उसे वह गंभीरता से करेंगे। क्षेत्र में उद्योग विकास को लेकर भी उनका प्रयास होगा।

### शहरवासियों को बुनियादी सुविधा बहाल कराने को हरसंभव प्रयासः विधायक



**रांची।** रांची के विधायक और पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने कहा कि शहरवासियों को बुनियादी सुविधा बहाल करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। आमजन की सहूलियत एवं विकास को लेकर गली-मुहल्लों में पीसीसी पथ, नाली एवं अन्य बुनियादी संरचना का निर्माण रांची विधानसभा क्षेत्र में नियमित रूप से हो रहा है। उन्होंने राजधानी को साफ-सुथरा और प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के लिए हरसंभव योगदान का आह्वान किया। सिंह रविवार को विधायक निधि से रातू रोड के भरतपुरी और अलकापुरी में नाली, आर्यपुरी में नाली, पिस्का मोड में सिन्हा कम्पाउंड में पेबर टाइल्स बिछाने, सुखदेवनगर में नाली निर्माण का शिलान्यास किया। मौके पर भाजपा सुखदेवनगर मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय, पूर्व पार्षद सुनीता देवी, बिंदा बरनवाल समेत मुहल्ले के लोग मौजूद थे।

## राज्य के सभी डैम और झीलों में पर्यटक ले सकेंगे बोटिंग का आनंद

# राज्य में रोजगार के लिए वन विभाग की विशेष पहल

रांची



राज्य में ऐसे तो कई समस्याएं हैं लेकिन बेरोजगारी का दंश सबसे ज्यादा है। समय के साथ बेरोजगार नौजवानों की फौज बढ़ती ही चली जा रही है। यही कारण है कि राज्य से लाखों लोग दूसरे राज्यों में रोजगार के लिए पलायन को विवश रहते हैं। इसे देखते हुए वन विभाग ने पहल की है। वन विभाग झारखंड के विभिन्न डैम और झीलों में बोटिंग की व्यवस्था कर रहा है, ताकि डैम और झील घूमने आने वाले लोग बोटिंग कर झारखंड की प्राकृतिक सुंदरता का लुत्फ उठा सकें। साथ ही स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिल सके। वन विभाग की ओर से तैयारी शुरू कर दी गयी है। इसकी शुरुआत रांची के गेतलसूद डैम से की जा रही है। इस संबंध में जिला वन पदाधिकारी श्रीकांत वर्मा ने बताया कि इसकी शुरुआत रांची के गेतलसूद डैम से की जा रही है। आने वाले दिनों में अन्य झीलों और जलाशयों पर भी बोटिंग शुरू की जायेगी। स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ा जा सके, इसके लिए व्यवस्था शुरू की जा रही है। इसकी जिम्मेदारी लिटमस मरीन नामक संस्था को दी गई है। संस्था गेतलसूद डैम के आसपास रहने वाले लोगों को बोटिंग का प्रशिक्षण दे रही है। जो लोग प्रशिक्षण ले रहे हैं उन्हें नाविक का लाइसेंस भी दिलाया जा रहा है। वन पदाधिकारी ने बताया कि नौकायन सुविधाओं को मजबूत करने के बाद डैम और झीलों के आसपास सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। वन विभाग की इस पहल के पीछे मुख्य कारण झारखंड के सुदूरवर्ती और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले मूल निवासियों को रोजगार उपलब्ध कराना है। वन विभाग की इस पहल पर स्थानीय लोगों ने भी खुशी जताई।

## झारखंड की 70 फीसदी नौकरियां बाहरियों को बेच रही राज्य सरकार : अमित मंडल

रांची



भाजपा विधायक और प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल ने कहा कि सरकार राज्य की 70 फीसदी नौकरियां बाहरियों को दे रही है। परीक्षा कराने वाली एजेंसियां पैसे लेकर 70 फीसदी से अधिक सीटें दूसरे राज्यों के युवाओं को बेच दे रही हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में नगर विकास विभाग में जेई पद पर नियुक्ति हुई। इसमें 70 फीसदी से ज्यादा बाहरी अभ्यर्थी नियुक्त हुए हैं। यूपी, बिहार, पश्चिम बंगाल के साथ तमिलनाडु के लोग झारखंड की नौकरियां ले गये। अमित मंडल रविवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व की हेमंत सरकार ने 60-40 की नीति के तहत राज्य की सरकारी नौकरियों में 40 फीसदी पद बाहरियों के लिए खोल दिया था। राज्य के युवा और भाजपा के विरोध के बाद सरकार को झुकना पड़ा था। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा में कहा था कि बाहरियों को थर्ड और फोर्थ ग्रेड की नौकरियां किसी हाल में नहीं देंगे लेकिन यह सिर्फ आईवॉश था। आंदोलन खत्म होते ही झारखंड की सरकारी नौकरियां बाहरियों को बेच दी गई। विधायक ने कहा कि 2019 के चुनाव में झामुमो ने अपने घोषणापत्र में युवाओं को हर साल पांच लाख सरकारी नौकरी देने का वादा किया था लेकिन हकीकत यह है कि चार साल में यह सरकार जेएसएससी और जेपीएससी के माध्यम से तीन हजार से अधिक नियुक्तियां नहीं कर पाई। इन चार सालों में एपीपी पद पर 107 नियुक्तियां हुई। 129 कृषि पदाधिकारी, 37 प्रयोगशाला सहायक, 217 आयुष चिकित्सक, 617 जेई और 32 पशु चिकित्सक नियुक्त हुए। बाकी जो नियुक्तियां हुईं, वे हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में चली गईं।

## राज्यसभा चुनाव में प्रत्याशियों की निर्विरोध जीत सुनिश्चित कराए राज्य का सत्ताधारी गठबंधन : अमर बाउरी



**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में पार्टी के विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में राज्यसभा चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने को लेकर चर्चा हुई। बैठक के बाद मीडिया ब्रीफिंग करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि भाजपा ने एक समर्पित कार्यकर्ता डॉ प्रदीप वर्मा को राज्यसभा चुनाव में भाजपा का प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने कहा कि राज्य में खाली हुए दो राज्यसभा सीटों में एक भाजपा के खाते में है तथा दूसरा राज्य के सत्ताधारी गठबंधन के खाते में। संख्या बल के आधार पर दोनों पक्षों के पास एक-एक उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित कराने का संख्या बल है। बाउरी ने कहा कि भाजपा उम्मीदवार सोमवार 11.30 बजे पूर्वाह्न नामांकन भी दाखिल करेंगे। ऐसे में आदर्श स्थिति होगी कि सत्ता पक्ष भी एक उम्मीदवार घोषित कर दोनों सीटों पर निर्विरोध जीत सुनिश्चित कराए। झारखंड धनपशुओं के कारण राज्य सभा चुनाव में बदनाम होता रहा है। ऐसे में सत्ताधारी गठबंधन को झारखंड को कलंकित होने से बचाना चाहिए। इसके पूर्व विधायक दल की बैठक में पार्टी के घोषित प्रत्याशी डॉ प्रदीप वर्मा का अभिनंदन किया गया। डॉ वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित सभी का आभार प्रकट किया।

## झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन की आम सभा

## समान कार्य का समान वेतन नहीं मिला तो लोकसभा चुनाव में नोटा का बटन दबाएंगे होमगार्ड के जवान

रांची



झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन की आम सभा धुर्वा गोल चक्कर स्थित मैदान में रविवार को हुई। इस आम सभा की अध्यक्षता प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी और संचालन प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी ने किया। आम सभा में झारखंड के सभी जिलों से हजारों की संख्या में होमगार्ड के जवान पहुंचे थे। आम सभा की समाप्ति के बाद प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी के नेतृत्व में होमगार्ड के जवानों ने शपथ लिया कि यदि आचार संहिता लगने से पूर्व होमगार्ड जवानों को सर्वोच्च न्यायालय एवं झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश आलोक में पुलिस कर्मियों के अनुमान्य मूल्य वेतन एवं अन्य भत्ते के बराबर समान कार्य का समान वेतन का लाभ नहीं दिया जाता है तो झारखंड के होमगार्ड के जवान के साथ उनके परिवार के लोग लोकसभा चुनाव के दौरान अपने मत का प्रयोग नोटा पर करेंगे। यह भी निर्णय लिया गया कि लोकसभा चुनाव की समाप्ति के बाद झारखंड राज्य के होमगार्ड जवान जेल भरो आंदोलन करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी ने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय में चार अप्रैल को अवमानना याचिका की जो सुनवाई होने वाली है उसमें सर्वोच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता की अभयकांत मिश्रा बहस करेंगे। प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि जो आश्वासन उन्होंने प्रोजेक्ट भवन एवं अपने आवास पर होमगार्ड के प्रतिनिधि के साथ किया था उसके अनुसार होमगार्ड जवानों को यथाशीघ्र समान कार्य का समान वेतन का लाभ दिया जाए। इस आम सभा में बड़ी संख्या में महिला होमगार्ड जवान भी शामिल थी।

### हजारीबाग में पुलिस और टीपीसी के बीच मुठभेड़

हजारीबाग

जिले के बड़कागांव में रविवार को टीपीसी कमांडर दिवाकर उर्फ प्रताप के दस्ते के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई। इस दौरान दोनों ओर से गोलीबारी हुई। हालांकि, पुलिस को भारी पड़ता देख उग्रवादी घने जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। उग्रवादियों की धर-पकड़ के लिए पुलिस सर्च अभियान चला रही है। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह खुद मोर्चा संभाल रहे हैं। पुलिस के वरीय अधिकारी को सूचना मिली थी कि टीपीसी के एरिया कमांडर दिवाकर उर्फ प्रताप दस्ते के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। इसके बाद पुलिस ने सर्च अभियान चलाया। इसी दौरान उग्रवादियों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। पुलिस का सर्च अभियान जारी है।

# रांची में बस और बालू लदे हाइवा में टक्कर, मां-बेटी की मौत, कई घायल

रांची



राजधानी रांची के तुपुदाना ओपी क्षेत्र के तुपुदाना ओवरब्रिज के पास रविवार सुबह करीब पांच बजे एक यात्री बस और बालू लदे हाइवा में हुई टक्कर में मां-बेटी की मौत हो गई। बस रांची से चाईबासा के लिए जा रही थी। इसी दौरान तुपुदाना ओवरब्रिज के पास अनियंत्रित हाइवा ने बस में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में आधा दर्जन से ज्यादा यात्री घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार रांची से चाईबासा के लिए श्री हरिरथ नाम की बस रविवार सुबह निकली थी। बस जैसे ही तुपुदाना ओवरब्रिज के पास पहुंची, एक तेज रफ्तार हाइवा से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस और हाइवा दोनों ही ओवरब्रिज के पिलर में जा घुसे। टक्कर में बस का दाहिना हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में अगली सीट पर बैठे कोडरमा की रहने वाली मां और बेटी की मौत हो गई, वहीं आधा दर्जन से ज्यादा यात्री बुरी तरह से घायल हुए हैं। इस हादसे में कोडरमा की रहने वाली रीमा देवी (45) और उनकी बेटी सोनल कुमारी (7) की मौत हो गई। दोनों कोडरमा के फॉरेस्ट कॉलोनी के रहने वाले थे। रांची से दोनों खूंटी जाने के लिए चाईबासा जाने वाली बस में बैठे थे। हादसे की जानकारी मिलने के बाद तुपुदाना थाना पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। घायलों को बस से निकाल कर अस्पताल भेजा गया। तुपुदाना थाना प्रभारी मीरा सिंह मौके पर पहुंच घायलों को बस से निकालने में लगी रही। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायलों को अस्पताल भिजवाया है।

## नारकोटिक्स अधिकारी बनकर ठगी करने पहुंचे युवक- युवती की हुई पिटाई



रांची

नामकुम थाना क्षेत्र के नामकुम बस्ती में शनिवार देर रात लोगों ने एक युवक-युवती जमकर पीटा। बताया जा रहा है कि दोनों ने लोगों को खुद को नारकोटिक्स विभाग का अधिकारी बताया। दोनों फर्जी अधिकारी बन कर पैसा वसूलने की नियत से वहां गए थे। लोगों को उन दोनों पर शक हुआ। पूछताछ के क्रम में सच्चाई सामने आ गई और फिर स्थानीय लोगों ने दोनों की जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद दोनों युवक-युवती को पुलिस के हवाले कर दिया गया। दोनों को रिम्स में भर्ती कराया गया है। युवक-युवती के बारे में बताया जा रहा है कि दोनों फर्जी तरीके से लोगों से वसूली करने का काम करते हैं। दोनों खुद को कभी पत्रकार तो कभी कोई विभाग का अधिकारी बताकर लोगों से पैसे ठगते हैं। थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद ने रविवार को बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# झारखंड में आठ लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी भाकपा

रांची



भाकपा झारखंड राज्य कार्यकारिणी की बैठक रविवार को राज्य कार्यालय में पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में झारखंड के आठ लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला लिया गया। इनमें रांची, हजारीबाग,कोडरमा,चतरा ,पलामू, गिरिडीह,दुमका और जमशेदपुर शामिल है। उम्मीदवार के नाम की घोषणा 16 मार्च के बाद किया जाएगा। चुनाव संचालन के लिए उम्मीदवार चयन समिति, घोषणा पत्र समिति, सोशल मीडिया समिति का गठन किया गया । मौके पर प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि भाजपा को सता से बेदखल करने के लिए कांग्रेस को महागठबंधन के तहत एकजुट होकर चुनाव लड़ना चाहिए। भाजपा ने अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी। लेकिन कांग्रेस और महागठबंधन ने अभी तक सीटों पर कोई बातचीत नहीं कर रही है । आई एन डी आई ए घटक दलों का इंतजार छोड़ कर भाकपा ने उम्मीदवार खड़ा करने की घोषणा किया। उन्होंने कहा कि देश में बेकारी, बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। भाजपा अपने 10 वर्षो के नाकामी को छुपाने के लिए उम्मीदवार बदल रहा है। देश के कई नाम चीन सांसदों का टिकट काट दिया गया। कितनी डरी हुई है कांग्रेस पार्टी ने भी उम्मीदवार के चयन में देरी कर भाजपा को मजबूत बनाने में लगी है। इसलिए भाकपा पूरे दमखम के साथ झारखंड के आठ सीटों पर चुनाव लडेगी।

# राज्य के नवनिर्माण के लिए नवीन सोच की आवश्यकताः सुदेश महतो

रांची



आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राज्य के नवनिर्माण के लिए नवीन सोच की आवश्यकता है। कृषि पर राज्य की बड़ी आबादी निर्भर करती है लेकिन मौजूदा सरकार ने कृषि विकास की अनदेखी की है। किसानों की समस्याओं से सरकार और सिस्टम का कोई लेना- देना नहीं है। सुदेश कुमार महतो रविवार को बिजुपाड़ा में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान चान्हो के जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी और मंडर के जिला परिषद सदस्य परमेश्वर भगत अपने समर्थकों के साथ आजसू पार्टी में शामिल हुए। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राज्य जिस अराजकता के माहौल से गुजर रहा है, उसमें लोगों की चेतना को जगाना और हक अधिकार के लिए मुखर बनाने की जरूरत है। आजसू पार्टी इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। इस बार के विधानसभा चुनाव में लूट और झूठ का पर्दाफाश होगा। बेरोजगारी के दलदल में फंसे युवाओं में सरकार की कार्यप्रणाली को लेकर गुस्सा है। उन्होंने कहा कि मांडर, चान्हो, इटकी को कृषि के क्षेत्र में बहुत आगे ले जाया जा सकता है लेकिन राज्य सरकार ने किसी असरदार योजना पर काम नहीं किया। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि आजसू समाज के हर वर्ग की पार्टी है। झारखंड के बारे में चिंतन मंथन करने वाले लोग लगातार हमारे साथ जुड़ रहे हैं। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले चान्हो जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने कहा कि झारखंड में विकास की असीमित संभावनाएं हैं फिर भी हमारा राज्य आज गरीब व पिछडों राज्यों की गिनती में आता है। आजसू पार्टी का संकल्प राज्य का सर्वांगीण विकास है और विकास के लिए सुदेश महतो ही एक मात्र विकल्प हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एक सौ छह मास्टर प्रशिक्षकों को मिला चुनावी प्रशिक्षण



**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशिरंजन के आदेशानुसार लोकसभा आम चुनाव-2024 के सफल संचालन हेतु एक सौ छह मास्टर प्रशिक्षकों को समाहरणालय के ब्लाक 'सी' में प्रशिक्षण दिया गया।ये प्रशिक्षक सभी मतदान पदाधिकारियों को मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण देंगे।जिला प्रशिक्षक मनु प्रसाद तिवारी, परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अजातशत्रु प्रसाद सिन्हा,अशोक सिंह व अमरेन्द्र पाठक ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में चुनाव आचार संहिता,ईवीएम का संचालन,प्रपत्रों का संधारण तथा निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व त्रुटि रहित मतदान कराने की विस्तृत जानकारी दी गई।इसके पूर्व अपर समाहर्ता कुंदन कुमार एवं सदर एसडीओ अनुराग तिवारी के द्वारा बीडीओ व सीओ को पोस्टल बैलेट के बारे में प्रशिक्षण दिया गया,मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के रामलखन राम,धनंजय कुमार सिंह व इन्द्रदेव राम मौजूद थे।

### सांसद के प्रयास से पंजरी कला एवं लालगढ़ में LHS का होगा निर्माण



**मेदिनीनगर।** सांसद पलामू श्री विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों के फलस्वरूप पलामू जिला अंतर्गत पंजरी कला एवं लालगढ़ में LHS निर्माण की स्वीकृति रेलवे बोर्ड द्वारा दिनांक 9 मार्च 2024 को कर दी गयी है। दोनों स्थानों पर निर्माण हेतु 12 करोड़ 99 लाख 50 हजार रुपए की राशि की भी स्वीकृति हो चुकी हैं। विदित है कि उक्त दोनों स्थानों पर LHS निर्माण की जनता द्वारा लगातार मांग की जा रही थी। इस संबंध में सांसद द्वारा वर्ष 2014 से ही लोकसभा में शून्य काल एवं नियम 377 के तहत मामले को उठाया। मंडल रेल प्रबंधक धनबाद, महाप्रबंधक हाजीपुर, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन को पत्राचार एवं रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर निर्माण की मांग की गई थी। उपरोक्त दोनों स्थानों पर LHS निर्माण होने से वहां की जनता को आवागमन में हो रही कठिनाईयों से निजात मिलेगी। सांसद ने इसके लिए देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव के प्रति अपनी ओर से एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से धन्यवाद एवं अभार व्यक्त किया है। यह जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

### रेड़मा के झरणा आहर के गहरीकरण के नाम लूट का खेल : रूचिर तिवारी



**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने कहा की रेड़मा स्थित झरना अहरा रेड़मावासियों के जल स्त्रोतों का लाइफ लाइन है। ऐसी स्थिति में इस आहर का गहरीकरण स्वागत एवं कदम है। निरीक्षण के क्रम में पाया कि इस आगरा का गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण के नाम पर केवल खाना पूर्ति किया जा रहा है। आहर से निकलने वाला मिट्टी को भी बेचने का काम संबंधित ठेकेदार के द्वारा किया जा रहा है। निरीक्षण के क्रम में यह देखा गया कि एक जेसीबी मशीन से आगरा के किनारे किनारे मिट्टी काटकर उसको ऊपर करके खाना पूर्ति किया जा रहा है। उसके देखरेख के लिए भी कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। जबकि इस अहर के गहरीकरण और सौंदरीकरण के लिए करोड़ों रुपया का टेंडर किया गया है परंतु इसमें आम जनता के टैक्स के पैसा का बंदर बांट करके खाना पूर्ति करने का काम किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पलामू जिला परिषद नगर आयुक्त से मांग करती है कि इसकी गुणवत्ता की जांच किया जाए। मौके पर एआइएसएफ जिला सचिव मृत्युंजय तिवारी, किसान नेता रामराज तिवारी, एवं नसीम राइन उपस्थित थे।

### कल से बालक व बालिका चयन ट्रायल प्रतियोगिता का होगा आयोजनः रणवीर



**पाकुड़।** जिला एथलेटिक्स पाकुड़ संघ के तत्वधान में जिला स्तरीय जूनियर, सब जूनियर एथलेटिक्स अंडर14, अंडर 16, अंडर 18, अंडर 20 बालक व बालिका चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्तरीय स्टेडियम बैंक कॉलोनी पाकुड़ में 12 मार्च की सुबह 7 बजे से आयोजित की जाएगी । उक्त प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न प्रखंडों तथा विद्यालय, महाविद्यालय, क्लब आदि के खिलाड़ी भी भाग लेगें। सिलेक्शन ट्रायल प्रतियोगिता में 60मी,600 मी,100 मी, 200 मी, 400मी,1500 मी, 3000मी, 5000मी,हाई जंप, लॉन्ग जंप, जैवलिन थ्रो, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, रिले, स्पर्धा का होगा। उक्त जानकारी पाकुड़ जिला एथलेटिक्स संघ के सचिन रणवीर सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। रणवीर सिंह ने बताया कि सिलेक्शन ट्रायल में जो भी खिलाड़ी भाग लेते हैं । उन खिलाड़ियों का जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड ,अंक प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है । प्रतियोगिता में जो भी खिलाड़ी जिले से चयनित होंगे। वह आगामी 20 से 22 मार्च को देवघर जिला के मेगा स्पोर्ट्स कंपलेक्स कुमैठा स्टेडियम में आयोजित होने वाली 17वीं झारखंड राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे। ट्रायल प्रतियोगिता को लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गई है।

### पेजल एवं स्वच्छता विभाग में जूनियर इंजीनियर बने हिरणपुर के कुणाल



**पाकुड़।** हिरणपुर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र कदमटोला के रहने वाले 29 वर्षीय कुणाल रविदास ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग पर सिविल में जूनियर इंजीनियर बन कर ना सिर्फ अपना भविष्य को उज्वल बनाया है बल्कि माता पिता के साथ हिरणपुर प्रखंड का नाम को भी रोशन किया है। गुरुवार को राजधानी रांची में राज्य स्तरीय नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कुणाल को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में जूनियर इंजीनियर सिविल पद पर नियुक्ति पत्र दिया। वह मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर गौरवान्वित है। कुणाल ने बताया कि कड़ी मेहनत,लगन, माता पिता एवं गुरुजनों सहित रिश्तेदारों का आशीर्वाद से इस मुकाम को हासिल किए है । साथ ही बताया कि गांव के विद्यालय से प्राथमिक शिक्षा प्राप्त किया। प्लस टू उच्य विद्यालय हिरणपुर से मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा में अवल नम्बर से पास कर दुमका से इंजीनियरिंग की पठाई कर वर्ष 2023 में जेडीएलसीसीई द्वारा निकली गई वेकेंसी में परीक्षा में पास कर इंजीनियर बना। उसके इस सफलता को लेकर परिजनों व रिश्तेदारों ने बधाई दिया है।

# भाजपा व्यापार के लिए नहीं बल्कि देश के सम्मान के लिए करती है राजनीतिःमंत्री स्वतंत्र देव सिंह

**पाकुड़**



उत्तर प्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह दो दिवसीय दौरे पर शनिवार की देर रात पाकुड़ परिसदन पहुंचे है। उन्होंने ने रविवार को पाकुड़ परिसदन भवन में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर पत्रकारों से कहा कि भरतीय जनता पार्टी व्यापार के लिए नहीं बल्कि मिशन के लिए राजनीति करती है। इतिहास पलटकर देखे की अटल बिहारी बाजपेयी से लेकर नरेंद्र मोदी की सरकार में देश के कल्याण व सम्मान के लिए काम किया गया है। वर्ष 2014 के पहले की सरकार में देश मे बम फटते थे। देश के अंदर कई समस्याएं थी। सभी राज्यों की स्थिति दयनीय थी। चाहे वह नक्सलवाद हो या मुआवाद। देश मे नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनते के बाद अब ना श्रीनगर में बम फट रहे है और ना ही मुंबई के ताज होटल या सांसद भवन में बम फट रहे हैं । आज पूरे देश में कानून का राज्य कायम है। देश का मान सम्मान भी बड़ा है। आज सीरिया में भी आंतकवाद संगठन अथवा एसएसआई संगठन नरसंहार करते है तो मोदी के हस्तक्षेप के बाद वह बेटियां सुरक्षित हिंदुस्तान घर वापस पहुंच रही है। संकट की हर परिस्थिति में देश सभी के साथ खड़ा रहती है। देश का पूरी दुनिया के अंदर सम्मान बड़ा है। देश मे सड़कों का बेहद पैमाने पर जाल बिछा है। चाहे वह सड़क,रेल अथवा हवाई यात्रा ही क्यों ना हों। लोगों का आवागमन की सुविधाएं बड़ी है। गरीबों के लिए जो सपना था वह आज नरेंद्र मोदी की सरकार में पूरी हुआ है। गरीबों को शौचालय, बिजली, गैस कनेक्शन का लाभ मिला है। डबल इंजन की सरकार में केंद्र की योजनाएं सुचारू रूप से चल रही है। केंद्र सरकार की योजनाओं को विपक्ष की सरकार के राज्य में संचालन करने में कठिनाई हो रही है। चाहे वह भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी या कानून व्यवस्था क्यों ना हो। जिसकारण गरीब, आदिवासी व दलित तक केंद्र सरकार के योजनाओं का लाभ पहुंच नही रहा है। मोदी का सपना घर घर नल लगाने की योजना है। इस योजना के तहत झारखण्ड में भी नल का कनेक्शन घर घर किया जा रहा है। देश के हर घर को पक्का मकान बनना मोदी की गारंटी है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की सरकार में समृद्ध के रास्ते झारखण्ड चल रहा था। पर वर्तमान सरकार में झारखण्ड राज्य की स्थिति काफी खराब है। आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता जनार्दन खुद चुनाव लड़ रही है।

आने वाले दिनों में नरेंद्र मोदी का पुनः प्रधानमंत्री बनना तय है। देश के 80 करोड़ गरीबों को मुक्त अनाज दिया जा रहा है। काग्रेस के समय मे मंहगाई बड़ी थी। लेकिन अभी मंहगाई पर काफी विराम लगा है। गैस, पेट्रोल व डीजल के दाम भी काफी सस्ते हुए है। हिंदुस्तान के नवजवान दूसरे देश को अपनी दिशा दे रहे है। देश में स्वतंत्रता सेनानी से लेकर सभी वर्गों को बराबर सम्मान मिल रहा है। आदिवासी, दलित, पिछलों के उन्नत के लिए हमारी सरकार प्रयासरत है। आज महिलाएं घर से बाहर निकलकर आत्मनिर्भर बन रही है। देश से जातिवाद खत्म हो रहा है। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अमृत पांडेय, दुर्गा मरांडी, हिसाबी राय, मीरा परवीन सिंह, धर्मेंद्र त्रिवेदी सहीत अन्य मौजूद थे। इसके उपरांत मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भाजपा जिला कार्यालय,पाकुड़ में युवा संवाद, कुनाई टोला,झिकरहाटी,नवीनगर मंडल में ग्रामीण संवाद, सिगना, पंचायत - बाबूपुर, महेशपुर में जनजाति के साथ संवाद, तलवा,पाकुड़िया में महिला संवाद में शामिल होकर लोगों की बातों कल सुना। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव भाजपा की जीत सुनिश्चित करने की अपील की।

### लोस चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने निकाली फ्लैग मार्च



**पाकुड़**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नगर थाना पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसका नेतृत्व प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी अजय आर्यन ने किया। प्रशिक्षु डीएसपी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शहर में फ्लैग मार्च निकाली गई। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों को भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील किया। मौके पर एएसआई भीम रजक सहित अन्य महिला व पुलिस के जवान मौजूद थे।

## देसी कट्टा दिखाकर लूट मामले में पुलिस ने एक आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल



**पाकुड़**

बीते शनिवार को ज़िले के अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के पचुवाड़ा पंचायत के अमड़ाटोला निवासी शंकर भगत के किराना दुकान से देसी कट्टा के नोक पर 38 हजार की लूट मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकारों को बताया कि बीते शनिवार सुबह 9:00 बजे शंकर भगत के किराना दुकान से 38000 की लूट की घटना को अंजाम देकर भाग रहे एक अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जबकि दो आरोपित फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि एसपी के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम गठन कर छापेमारी की गई। जिसमें गांव के पास एक आदमी को पकड़ कर रखा गया था। उसे अपने हिरासत में लेकर आवश्यक पूछताछ की गई। गिरफ्तार आरोपित एमेली मरांडी लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के जीतपुर का निवासी बताया जा रहा है । एमेली मरांडी का पूर्व का भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसने अपने बयान में स्वीकार है कि में और मेरे साथी लेटबाड़ी निवासी सुरेश साह और तोड़ाई निवासी ठाकुर टुडू मिलकर इस घटना को अंजाम दिया है। जल्द ही फरार अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम करेगी।

## नया लीज दर लागू होने से कई होंगे बेघर, मिलकर करना होगा काले कानून का विरोधः अरुणा शंकर

**मेदिनीनगर**



प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पलामू उपयुक्त के द्वारा भेजे गए लीज नवीकरण हेतु भूमि दर बढ़ाने के प्रस्ताव के आलोक में झारखंड सरकार द्वारा अनुमति दिए जाने का विरोध किया है। कहा की प्रशासन एवं सरकार लीजधारीयो के साथ मनमानी कर रही I एक तरफ सरकार 20 वर्षों से केवल नए-नए नियमों का नोटिफिकेशन पर नोटिफिकेशन कर रहा तो दूसरी तरफ जिला प्रशासन लीजभूमि दर पर दर बढ़ांते जा रही जिससे लीजधारी लीज कराने में असमर्थ होते चले जा रहे। अरुणा शंकर ने कहा मैं भी पिछले वर्ष परामर्शदात्री समिति की बैठक में थी और दर बढ़ाने के मुद्दे का विरोध करते हुए अध्यक्षता कर रहे उपायुक्त को कहा था जब पुराने दर पर ही 1896 लीजधारीयो मे मात्र 46 लीज धारीयो ने अब तक लीज नवीकरण कराया तो क्या लीज दर और भी बढ़ा देने से लीजधारी लीज नवीनीकरण करा पाएंगे ? वे समिति का प्रस्ताव को ठुकराते हुए सिग्नेचर तक नहीं किया था जिसे आज भी फाइल में देखा जा सकता। मुझे बाद में हस्ताक्षर करने हेतु दबाव भी दिया गया लेकिन उन्होंने जनहित को ध्यान में रखते हुए मना कर दिया I

प्रथम महापौर ने कहा जब हमारा शहर बसाना था तब सरकार ने 2/4 रुपया रेंट और हर नवीकरण पर रेंट दुगना करने की शर्त साथ ही बिना उपायुक्त के अनुमति लीज भूमि का स्वरूप बदलने पर 250 रुपया फाइल का प्रावधान करते हुए लीजधारीयो के साथ रजिस्टर्ड एग्रीमेंट कर शहर को बसाया बाद में जब सारा शहर बस गया लोगों ने उस भूमि पर क्षमता के अनुसार लाखों ,करोड़ों रुपया लगा दिए तब अचानक बिना लीजधारीयो के सहमति के अपने रजिस्टर्ड एग्रीमेंट को तोड़ते हुए सलामी के साथ कई शर्त लगाते हुए लंबा चौड़ा लीज दर का निर्धारण कर दिया गया और यही लीज दर एवं भूमि दर बढ़ाते बढ़ाते इतना कर दिया गया जितने में लोग आज काके रोड रांची में केवाला पर भूमि खरीद सकते I अरुणा शंकर ने कहा हद तो तब है जब लीजधारी जिनका लीज 5/10 साल पहले खत्म हुआ और समय पर उन्होंने लीज नवीकरण के सभी प्रावधानों को पूरा करते हुए ससमय अप्लाई भी किया उसके उपरांत खास महल पदाधिकारी द्वारा भेजी गई सहमति पत्र पर सहमति भी दी गई लेकिन आज तक नवीनीकरण नहीं किया गया ,वर्षों से फाइल पड़ा है अगर उस वक्त लीज किया जाता तो उस वक्त के लीज प्रावधान के तहत उस वक्त के भूमि दर पर लीज हो जाता जो काफी सस्ता पड़ता लेकिन सरकार को अब आज के दर से और आज के जटिल कानून के साथ 20 वर्ष पुराना किराया और बिना किसी कानून उल्लंघन के फाइन चाहिए यह कहां का कानून है ? प्रथम महापौर ने कहा हम सभी लीज धारीयो को एक होना होगा और इस काले कानून का जमकर विरोध करना होगा I

सबो की सहमति बनी तो उच्च न्यायालय का शरण भी लेना पड़ेगा तभी इस काले कानून से छुटकारा होगा वरना कई लोगों को जमीन से हाथ धोना पड़ सकता है I प्रथम महापौर ने कहा लीज भूमि का अधिकांश भाग सरकारी उपयोग, रोड, सरकारी भवन, वन विभाग, अस्पताल ,तालाब, मैदान मैं उपयोग हो रहा मात्र 25% भूमि डेढ़ सौ एकड़ के लगभग आम नागरिक उपयोग कर रहे फिर भी सरकार सहानुभूति पूर्वक विचार नहीं करते हुए दर पर दर बढ़ा रही जबकि देश में 90% राज्य ने इस काले कानून को खत्म कर दिया I

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपने क्षेत्रों में अलर्ट रहे थानेदारःएसपी

**पाकुड़**



पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने किया। एसपी ने फरवरी माह में किये गए कार्यो की बारी-बारी से समीक्षा के उपरांत सभी थाना, ओपी प्रभारी, शाखा प्रभारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी ने माह जनवरी 2024 में प्रतिवेदित व निस्पादित सभी कांडो का विस्तृत समीक्षोप्रांत लंबित कांडो का त्वरित निष्पादन करते हुए अंतिम प्रतिवेदन समर्पित करने, सभी पुलिस उपाधीक्षक व पुलिस निरीक्षक प्रभाग को लंबित सभी पर्वेक्षण प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर समर्पित करने, अवैध कोयला, बालु, पत्थर का उत्खनन, परिवहन, भंडारण पर पूर्णतः रोक लगाने हेतु सभी थाना प्रभारी व पुलिस निरीक्षक प्रभाग, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। दागी पंजी व गुंडा पंजी में अंकित सभी अपराधकर्मियों का भौतिक सत्यापन करने, थाना क्षेत्र के उपद्रवियों,आदतन शरारती तत्वों, सक्रिय अपराधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कारवाई करने, लूट, डकैती,चोरी, छिनतई जैसे घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु नियमित रूप से एन्टी क्राइम चेकिंग चलाने, एवं पेट्रोलिंग पार्टी को भ्रमणशील रहने हेतु निर्देशित किया गया। सभी थाना प्रभारी को अपने स्तर से विशेष अभियान चलाकर लंबित स्थाई वारंटियों का भौतिक सत्यपान करने एवं अन्य लंबित वारंट व कुर्की की संख्या को एक सप्ताह के अंदर 50 प्रतिशत घटाने का निर्देश दिया गया। परिवाद पत्र, पासपोर्ट, चरित्र सत्यापन का निष्पादन निर्धारित समय में करने हेतु निर्देश दिया गया। कोर्ट परिवाद पत्र प्राप्त होने की तिथि को ही कांड अंकित कर अनुसंधान की अग्रतर करवाई करने का निर्देश दिया गया ।आगामी लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन के उपरान्त मूलभूत आवश्यकता,बलों की प्रतिनियुक्ति एवं अन्य तयारियों के संबंध में समीक्षोप्रांत आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।अंतरराज्य व अंतरजिला सीमा पर स्थापित चेकपोस्ट पर सघन वाहन जांच चलाने, अवैध शराब के निर्माण व बिक्री के विरूद्ध अभियान चलाकर इसपर पूर्णतः रोक लगाने हेतु निर्देश दिया गया। मौके पर एसडीपीओ डीएन आजाद, विजय कुमार,प्रशिक्षु डीएसपी अजय आर्यन, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता, सजीव कुमार झा, सुखदेव कुमार, नवीन कुमार, सन्नी सुप्रभात सहित अन्य मौजूद थे।

## खास महाल की दर मे वृद्धि कर घर से वेघर करने की हो रही है साजिशः सतीश कुमार

**मेदनीनगर**



शहर को खास महाल से मुक्त कराने के लिए जोरदार आन्दोलन चला है। सत्ता मे आने के पहले चुनावी घोषणा पत्र में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने घोषणा की थी कि सत्ता में आते ही मेदनीनगर समेत पुरे राज्य को खास महाल से मुक्त किया जाएगा। अब तक कोई भी कार्यवाही नहीं कि गई है। एक भूमि पर दो टैक्स एक नगर निगम और दुसरा खास महाल का लगान शुल्क गला घोटने के समान है। खास महाल के दर की घोषणा किया जाना निन्दनीय है। मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन को अबिलंम्ब संज्ञान लेकर इस काले कानून को निरस्त्रीकरण की कारवाई करना चाहिए। इस संबंध में आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सह गढवा जिला प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि बढ़ी हुई दर प्रति डिसमिल मुख्य मार्ग में 11लाख तीस हजार दो सौ साठ तय किया गया है जो पुर्णत नजायज है। जो 5 साल में दुगुनी से ज्यादा है।कुछ जनप्रतिनिधि सत्ता में रहते हुए इस पर संज्ञान तक नहीं लिया है। आजसू पार्टी सरकार को अगाह करती है अबिलम्ब को रद्द किया जाय।

## दहेज मांगने एवं प्रताड़ित करने के मामले को लेकर तीन लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज

**पाकुड़**

मुख्य न्यायायिक दंडाधिकारी पाकुड़ के न्यायालय के आदेश के आलोक में पर महेशपुर थाना क्षेत्र के बलियापतरा गांव निवासी उर्मिला कुमारी के साथ दहेज प्रताड़ित करने के मामले को लेकर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज की गई है। उक्त घटना को लेकर परिवादिनी ने अपने पति चदंन घोष, ससुर- अनंतो घोष व सास - शिखा घोष के खिलाफ दहेज प्रताड़ित करने के आरोप में स्थानीय थाने में सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज की गई है। बता दे की उर्मिला कुमारी ने माननीय न्यायालय मुख्य न्यायाधीश अधिकारी के न्यायालय में दिनांक - 29/11/2023 को शिकायत बात संख्या - 377/2023 दायर की। जिसके आलोक पर न्यायालय ने 16/02/2024 को संबंधित थाना को शिकायत पत्र के आलोक में प्राथमिक की दर्ज करने का निर्देश दिया। जिसके आधार पर प्राथिमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है।

## बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था कायम करने के लिए जनप्रतिधि करें पुलिस का सहयोगःएसडीपीओ

**पाकुड़**





पुलिस व जनप्रतिनिधियों ले साथ बेहतर समन्वय स्थापित को लेकर मुफस्सिल थाना परिसर में रविवार को बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी संजीव कुमार झा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डी एन आवाज मौजूद थे। एसडीपीओ ने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से आये जनप्रतिनिधियों से बारी-बारी से परिचय प्राप्त कर उनकी समस्याओं को सुना। एसडीपीओ ने कहा कि क्षेत्र में जनता के सहयोग से बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था कायम की जाएगी। अपराधी व गलत कारोबारियों को किसी भी हाल में बख्शा नही जाएगा। क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए जनप्रतिनिधि पुलिस का सहयोग करें। अगर क्षेत्र में कही भी अवैध कारोबार हो रहा है तो इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दें। मामले की जांच कर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। लोकसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में पुलिस की पैनी नजर रहेगी। अगर गांव में कोई अनजान व्यक्ति प्रवेश करता है तो इसकी जानकारी पुलिस को दें। सूचना देने वाले का नाम पुलिस गुप्त रखेगी। मौके पर एसआई पप्पू कुमार, मनोकामना प्रसाद सहित अन्य मौजूद थे।

## इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ

**कोडरमा**

झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला मैच रविवार को चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में बोकारो और कोडरमा के बीच खेला गया। समारोह के शुभारंभ में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मेजर बाखला सर और सार्जेंट मेजर ज्ञानेंद्र पंडित ने कहा कि इस प्रकार के टूर्नामेंट के आयोजन से खिलाड़ियों को खेल में आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होता है। छोटे-छोटे बच्चे अपनी प्रतिभा के बल पर अपना नाम, अपना परिवार का नाम के साथ साथ जिले का नाम भी रौशन करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। संचालन मनोज सहाय पिंकू ने किया।इस अवसर पर केडीसीए के सचिव दिनेश सिंह, मनोज सहाय पिंकू, महेश भारती, ज्योति भारती, आलोक पांडे, सोनू खान, सुमन कुमार, ओम प्रकाश, धर्मेंद्र कौशिक, सुरेंद्र प्रसाद, तहसीन हुसैन, धीरज पांडे, गनौरी रजक, अमित जायसवाल, उपेंद्र सिंह, लक्ष्मण यादव, अजय राणा, अक्षय कुमार, शुभम कुमार सहित अन्य खेल प्रेमी शामिल थे। आज बोकारो और कोडरमा के बीच खेले गए मैच में टॉस जीतकर कोडरमा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 221 रन बनाए।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय साहिबगंज में मनाया गया सेल डे



**साहिबगंज**। प्रोजेक्ट संपूर्ण के तहत हर्ष जोहर कार्यक्रम के अंतर्गत 10 मार्च को स्थानीय मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय साहिबगंज में सेल डे अर्थात सामाजिक और भावनात्मक अधिगम दिवस मनाया गया। उक्त मौके पर प्रभारी प्राचार्या सुमना राय ने कहा कि हर्ष जोहार के माध्यम से छात्राओं में उनको सिर्फ किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर उनकी समझ को इस तरीके से बढ़ाया जाता है ताकि वह जीवन जीने की कौशल का विकास कर एक संवेदनशील समाज निर्माण में सहायक सिद्ध हो।सेल शिक्षक मनोहर शर्मा ने कहा कि हर्ष जोहार गतिविधियों के दौरान शिक्षक छात्रों के बीच आदर्श संबंधों का निर्माण होता है जिससे विद्यार्थी अपने विचारों और भावनाओं को खुलकर शिक्षकों के समक्ष रख पाते हैं। इस मौके पर कई शिक्षक -शिक्षिकाएं, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य, बाल संसद की सभी मंत्री और अनेकों छात्राएं शामिल हुए।

### हिंदू धर्म रक्षा मंच की जिला स्तरीय बैठक



**राजमहल**। रविवार को डाक बंगला, गेस्ट हाउस राजमहल में हुई जिला स्तरीय बैठक कि अध्यक्षता प्रभु यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से हिंदू धर्म रक्षा मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष संत कुमार घोष कि मौजूदगी में सामूहिक चर्चा हुई कि लोकसभा चुनाव में हिंदू धर्म रक्षा मंच कि क्या भुमिका रहेगी इस विषय पर मंच के अध्यक्ष संत कुमार घोष ने कहा कि राजमहल लोकसभा चुनावी मैदान में प्रत्याशी आ जाने के बाद ही हिन्दू धर्म रक्षा मंच अपना स्पष्ट करेंगी हिन्दू धर्म रक्षा मंच साहिबगंज जिला का सामाजिक संगठन है हिन्दू धर्म रक्षा मंच के विचार धारा में जो प्रत्याशी कार्य करेगी वहीं प्रत्याशी को समर्थन करेगी।जो आगामी बैठक में पूर्ण निर्माण लिया जाए गा। मंच के जिला महामंत्री सोनू कुशवाहा ने कहा कि वर्तमान समय में भाजपा कि ही राजमहल लोकसभा प्रत्याशी की घोषणा हुई है बाकी पार्टियों का घोषणा बाकी है बैठक में सोनू कुशवाहा , सुरेश सहा,मिथुन राजवंशी, गंगा विष्णु घोष ,फाटिक सरकार, गौतम पासवान, चंकी पांडे,सचिन कुमार, संजय कुमार गुप्ता,उतम राय, कार्तिक मंडल, दुलाल घोष नितिश कुमार साहा विनोद ठाकुर सोनी दुवे उपस्थित हुए।

### आजसू पार्टी की ओर से कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई

**साहिबगंज**। शहर के आजसू जिला कार्यालय में रविवार को आजसू जिला अध्यक्ष चतुरानंद पांडेय की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई ।वहीं बैठक का संचालन केंद्रीय सदस्य विजय कुमार शाह ने किया ।बैठक में मुख्य रूप से लोकसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशी को समर्थन देने एवं उनकी जीत सुनिश्चित करने को लेकर रणनीति बनाई गई । इसी दौरान यह भी सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि पाकुड़ विधानसभा अंतर्गत बरहरवा पंचायत के सभी पंचायत प्रभारी के नेतृत्व में । बूथ कमेटी का पुनर्गठन किया जाएगा एवं सभी पंचायत में बूथ कमेटी का प्रशिक्षण कार्यक्रम अप्रैल माह के अंत तक किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि 12 मार्च को मांडरो प्रखंड के बढ़िया पंचायत के और मांझीगांव में एक दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट कराया जाएगा एवं 14 मार्च को तालझारी प्रखंड में एकदिवसीय धरना जनता की मूलभूत मांगों को लेकर किया जाएगा । इस बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य माखनलाल यादव, कार्तिक माल्टो, माखनलाल यादव ,कार्तिक मालटो, प्रदीप वर्मा, नवीन कुमार दुबे ,भीम महतो, राजीव कुमार, मो मुसब्बर सरफराज,श्रीमती कुसुम हांसदा ,मोहम्मद रहमान, राजीव रंजन, ओंकार तिवारी, जिला संगठन सचिव विकास कुमार शाह ,प्रखंड अध्यक्ष राजेश राय, प्रखंड अध्यक्ष विष्णु कांत मोदी ,रमाकांत गॉड परशुराम सिंह,जिला कार्यकारिणी सदस्य रामप्रवेश यादव, बबलू कुमार, जिलामहिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनैना देवी, उपाध्यक्ष मेरी माल्टो आदि उपस्थित थी।

### 19 वर्षीय आरोपित को पुलिस ने भेजा जेल

**राजमहल**। थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मध्य प्रदेश के होशंगाबाद जिला अंतर्गत स्टेशन रोड पिपरिया थाना क्षेत्र से एक 19 वर्षीय आरोपित को गिरफ्तार कर लिया साथ ही अपहृत नाबालिक लड़की को पुलिस ने बरामद भी कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार अपहरण मामले में बीते 3 जनवरी को नाबालिक के परिजन के शिकायत पर पुलिस ने थाना कांड संख्या 3/ 2024 में प्राथमिक की दर्ज की थी। मामले में पुलिस ने होशंगाबाद के राजकुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। छापामारी दल में थाना प्रभारी गुलाम सरवर असी प्रमोद गुप्ता तस्लीम राजा महिला आरक्षी रासमूनी सोरेन एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

### लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने की बैठक

**बोरियो**। बोरियो विधानसभा के बोरियो प्रखंड में कांग्रेस की ओर से आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक आयोजित गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड उपाध्यक्ष तारिक अजीज ने की। बैठक में सभी कार्यकर्ता को बताया गया कि बोरियो प्रखंड में जो भी कांग्रेस के कार्यकर्त्ता है वह अपना-अपना क्षेत्र में कार्यकर्ता को जोड़े ताकि पार्टी और मजबूत बने और चुनाव के लिए तैयार हो जाय। बोरियो प्रखंड के सभी पंचायत में कांग्रेस कार्यकर्त्ता अपना-अपना बूथ मेंबर चुने इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा विस अध्यक्ष असगर अफरीदी मौजूद थे। जहां उन्होंने कहा की समय समय पर बोरियो विधानसभा के सभी प्रखंड में बैठक कराई जाएगी। ताकि हर प्रखंड में कांग्रेस अपना संगठन को और मजबूत बने। इस मौके पर तालझारी युवा प्रखंड अध्यक्ष रिंकू खान, नोवो दत्ता, मिस्त्री रजवार, सुनील हांसदा, मोहम्मद सहबाज़, रफाइल हांसदा, जेठा बास्की सुनील सोरेन, अतहर अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

### ज़िला क्रिकेट सीनियर लीग टूर्नामेंट

**साहिबगंज**। ज़िला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत रविवार को माही स्पोटर्स येलो बनाम नेताजी क्रिकेट क्लब ब्लू के बीच मैच खेला गया। माही स्पोर्ट्स येलो ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 27.5 ओवर में 173 रन बना कर ऑल आउट हो गई। अमित कुमार ने 36, रवि पासवान ने 31 व कुश तिवारी ने 28 रनों की पारी खेली। नेताजी येलो के गेंदबाज अंकित ने 3 व अभिषेक ने 2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी नेताजी क्लब की टीम 26 ओवर में 134 रन बना कर ऑल आउट हो गई। अनिकेश ने 43 व अंकित कुमार ने 26 रनों की पारी खेली। माही स्पोर्ट्स के गेंदबाज मो मुजाहिद, रिचर्ड व अमित कुमार ने 3-3 विकेट लिया। माही स्पोर्ट्स येलो ने 39 रनों से जीत दर्ज की। माही स्पोटर्स ब्लू के खिलाड़ी अमित कुमार को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्यतिथि आफताब खान ने कृष कुमार को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। अंपायरिंग मो अशफाक आलम व सुधीर कुमार सुधा ने किया। स्कोरिंग केएस सौरभ कर रहे थे। मौके पर जेएससीए डिस्ट्रिक्ट सब कमिटी चेयरमैन चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा, सुरेश साह, राकेश गुप्ता, सतीश सिन्हा, गोपाल सिंह, शानू कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### उधवा के कठहलबाड़ी में आग लगने से तीन घर जलकर राख



**उधवा**। प्रखंड राधानगर थाना क्षेत्र के कटहलबाड़ी मोमीन टोला में बीते रात्रि अचानक आग लगने से तीन घर जलकर राख हो गया है। जानकारी के अनुसार आग लगी से घर में रखें सारा समान समेत नगदी व कई मवेशी भी जलें है। शनिवार के रात करीब 12 बजे आग सबसे पहले सिराजुद्दीन मोमीन के घर पर लगी। धीरे-धीरे आग विकराल रूप धारण कर लिया और पड़ोस के महताब मोमीन एवं अलताफ मोमीन के घर को भी अपने चपेट में ले लिया।आग लगी से एक बकरी व दर्जनों मुर्गा- मुर्गी के अलावा करीब साठ हजार रुपया नगदी भी जल गए हैं। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद रात्रि में ही आग पर काबू पाने में सफल हो गए थे।सुबह घटना की सूचना राधानगर थाना व अंचल प्रशासन को दी गई है।आग लगी का वास्तविक कारण पता नहीं चल पाया है।

# बरहेट में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्म पत्नी कल्पना सोरेन व मंत्री हफीज़ुल हसन के आगमन पर उमड़ा जन सैलाब

**साहिबगंज**





रविवार को बरहेट प्रखंड स्तिथ नौगछिया मैदान में झारखंड के पूर्व मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन की धर्म पत्नी कल्पना सोरेन और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन का आगमन हेलीपैड के माध्यम से हुआ ।हेलीपैड से उतरकर सबसे पहले सड़क मार्ग से सिद्धो कान्हु के जन्म स्थली भोगनाडीह पहुंचकर शहीद के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया । वहीं माल्यार्पण के पश्चात वापस कार्यक्रम स्थल नौगछिया पहुंचकर सभा को संबोधन किया। मंच पर पहुंचने से पूर्व कार्यकर्ताओं द्वारा नारे बाजी के साथ जोरदार स्वागत किया एवं आदिवासी कन्याओं के द्वारा आदिवासी संस्कृति के साथ स्वागत गीत गाते हुए साथ में ढोल नगाड़ा बजाते हुए स्वागत के साथ मंचासिन हुए। तत्पश्चात मंच में उपस्थित कल्पना सोरेन, मंत्री हफीजुल हसन, सांसद विजय हांसदा, पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, जिला परिषद अध्यक्षा मोनिका किस्कू के द्वारा सामूहिक द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सर्व प्रथम राजमहल लोकसभा सांसद विजय हांसदा ने उपस्थित जनता को संबोधन करते हुए बताया कि हमलोग सरकार का चार साल पूर्ण हुआ है, जिसमे साल तो कोरोना में ही गुजर गया। बाकी दो सालों में हमलोग का हेमंत बाबू ने जो किया है वो किसी से परे नहीं है, सर्वजन पेंशन योजना, आबूवा आवास योजना, और विभिन्न प्रकार की योजना और विकास देखकर विपक्ष के साजिश ने आज जेल में डाला है। लेकिन आपलोग का प्यार और स्नेह ही भीतर से लड़ने का हिम्मत रखा है।वहीं जिन योजनाओं का सपना हेमंत बाबू ने देखा है वो चंपई सोरेन धरातल पर ला रहे हैं।वहीं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि ये क्षेत्र युवा सम्राट हेमंत सोरेन का विधानसभा क्षेत्र है, बीजेपी के षड्यंत्र के तहत आज हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया है। लेकिन ये वीर शहीद का धरती है यहां की माटी में क्रांति हैं, यहां के युवाओं के नस में क्रांति भरा है, इसलिए हेमंत सोरेन ने जेल का रास्ता अपनाया लेकिन घुटने नही टेका है।हमारे विभाग में हेमंत सोरेन ने 100 करोड़ का तोहफा दिया जिससे विकास कर सके, और उस राशि से कब्रिस्तान घेराव, जाहिर स्थान घेराव, मासानी घेराव आदि का कार्य किया।अंत में पूर्व मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन की धर्म पत्नी कल्पना सोरेन का संबोधन संथाली तथा हिंदी में उपस्थित जनता से किया जिसमे तिलका मांझी, सिदो कान्हु, चांद भैरव को जोहार व नमन करते हुए संबोधन को आगे बढ़ाया । जिसमे कल्पना सोरेन ने कही कि इस क्षेत्र में आदिवासी कभी भी गुलामी बर्दाश्त नहीं किया है, इसके लिए अंग्रेजों को मार भगाया है, ऐसे में उक्त बलिदानियों को कैसे भुल सकते हैं। जिस तरीके से झारखंड के पूर्वजों ने आजादी का सपना देखा था, जिस समय किसी ने भी अंग्रेजों के अत्याचार को खत्म करने के बारे में सोचा भी नही था उस समय आदिवासी ने लोहा लिया था।ये आग उस समय शरीर में कोड़े और गोली खाने से भी नही डरे थे, उस समय हमारे आदिवासी वीरों ने तकलीफ को झेलते हुए आदिवासी ने गुलामी के खिलाफ जंग छेड़ा था।जिसमें दिसोम गुरु शिबू सोरेन की कुछ झलक बताते हुए कही कि हमारे बाबा ने अपने गांव छोड़ा इसलिए था कि उस समय महाजनी प्रथा, और अंग्रेजों का अत्याचार चरम सीमा पर था, ये उस दर्द की कहानी है जो शिबू सोरेन को दिसॉम गुरु बनाया है।और आज उसी गुरु ने झारखंड को एक नई पहचान दिलाई ताकि आदिवासी मूलवासी को एक पहचान मिल सके।आज जहां गर्व होकर झारखंडी बताते हैं ये आत्म सम्मान हमारे गुरुजी का देंन है।और आगे का भी यही संकल्प है कि लड़ेंगे तब तक जब तक शरीर में एक बूंद खून रहेगा, लेकिन झुकेंगे नही। क्योंकि झारखंड झुकेगा नही।पिछले चार सालों में जनादेश के द्वारा चुना गया सरकार हेमंत सोरेन ने आबुवा राज आवुवा दिसोम का नारा लगाया था। इन चार सालों में विभिन्न योजना का लाभ दिलाया। महिलाओं की सम्मान के लिए विभिन्न कार्यक्रम विगत चार वर्षों में हुई है जिसमे हेमंत दादा ने विशेष रूप से महिला, बच्चे और बुजुर्गों के हित के लिए किया।वहीं महिला की शिक्षित होने की बात कही कि अगर एक महिला शिक्षित है तो पूरा परिवार समाज शिक्षित है। आप लोगों को चिंता करने कि कोई जरूरत नहीं है, आपका लाल आपका बेटा हेमंत सोरेन आपके साथ है, क्योंकि झारखंड का बेटा कभी झुकता नहीं है। जिस तरह से हेमंत जी को अंदर डाला गया है वो आज की साजिश नही है,2019 से विपक्ष इसलिए पीछे पड़ी हुई है क्योंकि हेमंत आदिवासी है।हेमंत बाबू दुमका और बरहेट दो जगह से चुनाव लडा था, लेकिन बरहेट से जो प्यार और स्नेह मिला वो प्यार कभी नहीं भूल पाया।आज हमलोग हेमंत सोरेन जिंदाबाद का नारा इतना जोर से लगाएं जो आवाज होटवार जेल के सलाखों से पार होकर हेमंत सोरेन के कानो तक पहुंचे। ताकि उसको लगे बरहेट की जनता कितना प्यार कर रही है। आज आपलोग इतना धूप में बैठकर मेरी बात सुन रहे हैं इसी से पता चलता है कि आपलोग हेमंत सोरेन से कितना प्यार करते हैं।लड़ेंगे, जीतेंगे, झारखंड झुकेगा नही का नारा लगाकर अपनी वाणी का समापन किया।कार्यकर्ताओं ने जोश के साथ नारा बाजी किया।इसके बाद मंत्री हफीजुल हसन के विभिन्न योजनाओं का परिसंपत्ति का वितरण किया साथ ही कुल 31 करोड़ 10 लाख योजनाओं का शिलान्यास किया।इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू, उपविकास आयुक्त सतीश चंद्रा, भूमि उप समाहर्ता जयवर्धन कुमार, जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखण्ड स्तर पदाधिकारी , पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

# पत्रकार बनाम एम आर के बीच फ्रेंडली क्रिकेट मैच का हुआ आयोजन

**बरहरवा**



नगर क्षेत्र स्थित हाई स्कूल क्रिंडागन मैदान में रविवार को पत्रकार बनाम एमआर के बीच फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दवा व्यवसायी सह सामाजिक कार्यकर्ता सुमन कुमार शामिल हुए।क्रिकेट मैच का उद्घाटन प्रेस क्लब के अध्यक्ष दीपक आनंद द्वारा बोलिंग एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुमन कुमार द्वारा बल्लेबाजी कर किया गया। वहीं पत्रकार टीम ने टॉस जीतकर पहली बल्लेबाजी करते हुए कुल 12 ओवर का संपूर्ण मैच को खेलते हुए 107 रन का स्कोर बनाकर एमआर टीम को 108 रन का टारगेट दिया। जहां एमआर टीम ने चुनौती पूर्ण रन के साथ मैदान में उतरकर बल्लेबाजी करते हुए कुल चार विकेट खोकर 108 रन का स्कोर बनाते हुए विजेता बने। वहीं इस फ्रेंडली क्रिकेट मैच का मैन ऑफ द मैच ललन कुमार को मिला। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि सुमन कुमार के द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सुमन कुमार ने कहा किसी भी खेल को खेल की भावना से खेलनी चाहिए। उन्होंने कहा किसी भी खेल को लेकर खिलाड़ी मैदान में उतरते हैं तो उन्हें अपनी टीम के लिए पूरी लगन और निष्ठा के साथ खेलनी चाहिए। कहा किसी भी खेल के मैदान में दो टीम के खिलाड़ी के बीच किसी एक की विजय होती है, इसीलिए खेल में कभी हार तो कभी जीत लगी रहती है। प्रेस क्लब के अध्यक्ष दीपक आनंद ने कहा किसी भी खेल हो या फिर अन्य क्षेत्र मैदान में उतरकर सामना करने वाले हार कर भी जितते हैं, उन्होंने कहा जिंदगी में हर उनकी होती है जो मैदान में कभी उतरने का साहस नहीं रखते।

**पत्रकार टीम में शामिल खिलाडी-** वहीं पत्रकार टीम की ओर से कप्तान के रूप में दीपक देशमुख के साथ शंभू रजक, आनंद भगत, मुख्तार, नसरुद्दीन शेख, शिव शक्ति कुशवाहा, छोटू, सन्नी दास, दीपक आनंद, विश्वजीत शर्मा खिलाड़ी के रूप में शामिल हुए।

**एमआर में शामिल खिलाड़ी-** वहीं एमआर टीम की ओर से कप्तान के रूप में सरोज झा के साथ कमल सिंह, सूरज पंडित, ललन कुमार, पुष्कर, अंकित, दिव्यानंद सहित अन्य शामिल हुए।

### हजारीबाग में पुलिस और टीपीसी के बीच मुठभेड़

**हजारीबाग**

जिले के बड़कागांव में रविवार को टीपीसी कमांडर दिवाकर उर्फ प्रताप के दस्ते के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई। इस दौरान दोनों ओर से गोलीबारी हुई। हालांकि, पुलिस को भारी पड़ता देख उग्रवादी घने जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। उग्रवादियों की धर-पकड़ के लिए पुलिस सर्च अभियान चला रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुठभेड़ में घायल एक उग्रवादी को पुलिस ने अपने हिरासत में ले लिया है। हालांकि इसकी पुष्टि पुलिस की ओर से नहीं की गई है। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह खुद मोर्चा संभाला। पुलिस के वरीय अधिकारी को सूचना मिली थी कि टीपीसी के एरिया कमांडर दिवाकर उर्फ प्रताप दस्ते के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है।

# कुर्मी महासभा सभा की मासिक बैठक आयोजित






**साहिबगंज**

शहर के गांधी चौक समीप उत्सव हॉल में रविवार को आ0 भारतीय, क्षत्रीय कुर्मी महासभा के अध्यक्ष प्रेम लाल मंडल,उर्फ मंट्टा मंडल, के निर्देशा अनुशार आ0 भारतीय, क्षत्रीय कुर्मी महासभा की ओर से मासिक बैठक आयोजित किया गया। कि इस बैठक की अध्यक्षता,मुन्ना सिन्हा के नेतृत्व में किया गया।इस बैठक का मुख्य उद्देश्य साहिबगंज जिला के नो प्रखंड कमेटी गठित एवं समिति का गठन किया जाना है।संगठन को मजबूत बनाने एवं जिला स्तर पर समाज के लोगों को जोड़ने, पारिवारिक विवरणी पत्र बनाने, प्राथमिक सदस्यता शुल्क निंधारित करने एंव साथ साहिबगंज मुख्यालय में कार्यालय खोलने के साथ,अन्य इत्यादि जैसे विभिन्न मुद्दों पर बिचार विमर्श कर प्रस्ताव लिया गया।उधर इस बैठक में निर्णय लिया गया है। कि सभी पांच लोगो का कमेटी बनाया गया है।साहिबगंज जिला अध्यक्ष,प्रेम लाल मंडल,उर्फ मंट्टा मंडल, सत्यनारायण सिन्हा,महासचिव प्रवीर कुमार सिन्हा, चंदन कुमार सिंह,ओमप्रकाश सिन्हा,अशोक कुमार सिन्हा,प्रमोद कुमार सिन्हा, किशोर कुमार मंडल, सुबोध कुमार, संजय सिंह पटेल,,मनिद्र नाथ राय,सुनील सिन्हा,कुणाल किशोर राय, बबलू सिंहा,रमन कुमार,संजय पटेल,संगीता सिन्हा,सुधा कुमारी, सतीश सिन्हा, मुन्ना सिन्हा,आशीष कुमार,ओर अन्य लोग मौजूद थे।

### विधायक प्रतिनिधि बरकरत खान ने उधवा में किया 300 के.वी.पी मिनी सोलर ग्रिड का शुभारंभ



**उधवा**

प्रखण्ड अन्तर्गत दक्षिण पलासगाछी पंचायत के बानु टोला एवं दक्षिणी प्राणपुर में झारखण्ड रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी ऊर्जा विभाग झारखंड द्वारा शत-प्रतिशत राज्य अनुदान के माध्यम से ग्रामीण 300 केडब्लूपी, सोलर मिनी ग्रीड का शुभ उद्घाटन कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम के प्रतिनिधि बरकत खान, झामुमो नेता एम.टी. राजा, नगर अध्यक्ष केताबुद्दीन,मुखिया नफीसा खातुन, राधानगर थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बरकत खान ने कहा कि मुखिया के अथक प्रयास से सोलर मिनी ग्रीड के चालू हो जाने से ग्रामीण बिजली का लाभ ले सकेंगे साथ ही ऐसे ग्राम जहां बिजली बहाल नहीं हो सका है वैसे ग्राम में भी सोलर मिनी ग्रीड का निर्माण करवाया जायेगा। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मो.ताजेरुल हक,चांदशहर के मुखिया मुस्तकीम, मेहबूब आलम, जिला महासचिव ऐनुल अंसारी,बीस सूत्री अध्यक्ष मो.तमीरुद्दीन,उप मुखिया अब्दुल मन्नान,टुनु शेख,नेहरुल इस्लाम, दिलावर,मो.तमरुद्दीन, इरफान अली एवं स्वच्छता विभाग इंद्रदेव मंडल, परियोजना अभियंता अंशु कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बिंदुपाड़ा पंचायत में महिलाओं की विभिन्न समस्याओं बैठक का अयोजन



**बरहरवा**

प्रखण्ड अंतर्गत बिंदुपाड़ा पंचायत में महिलाओं की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड महिला उपाध्यक्ष दिल अफरोज खातून ने की बैठक में गांव में हो रही समस्याओं को सुना जिसमे गांव में ज्यादातर समस्याये आवास,राशनकार्ड,शौचालय एवं आवास निर्माण को लेकर थी ग्रामीण महिलाओं ने प्रखण्ड उपाध्यक्ष दिल अफरोज खातून को सभी समस्याओं को मंत्री आलमगीर तक पहुंचाने को कहा तथा जल्द ही इन सभी समस्याओं को निपटाने की बात कही इस पर दिल अफरोज खातून ने कहा कि मंत्री आलमगीर आलम द्वारा लगातार सभी समस्याओं का निदान किया जा रहा है इसलिए आपने जो समस्या हमे बतायी है इन सभी समस्याओं को मंत्री साहब के पास रखेंगे तथा जल्द ही निदान करने को कहेंगे। मौके पर प्रखण्ड महिला सचिव साहिना खातून,पंचायत अध्यक्ष शमीमा खातून,पंचायत सचिव तपोसी प्रामाणिक,तंजीला बीबी,फरोजिना बीबी सहित दर्जनों महिलाएं उपस्थित रहे।

### जय हिंद क्लब बरहेट ने किया रक्त दान शिविर का आयोजन



**बरहेट**। रक्त दान महादान के तहत रविवार को बरहेट प्रखंड के जनता पुस्तकालय में जय हिंद क्लब की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें साहिबगंज सिविल सर्जन डॉ अरविंद कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अंशु कुमार पांडे, डॉक्टर चौधरी चंद्रशेखर प्रसाद चंद, उप प्रमुख रूप कुमार साह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। वहीं बैम चंदन कुमार, जय हिंद क्लब के अजय कुमार भगत, रूपक कुमार मित्रा ,निरंजन भगत, लैब टेक्नीशियन मोहम्मद अजहर, शुभम गोस्वामी, विजय कुमार यादव ,विकास कुमार सहित दर्जनों सदस्य उपस्थित थे। वहीं उप प्रमुख रूप कुमार साह, रजत राज डोकानिया, स्वदेश कुमार शील ,रवि कुमार गुप्ता, मिथुन कुमार साह ,बंटी दास, रंजीत कुमार भगत सहित दर्जन लोगों ने शिविर में उपस्थित होकर रक्तदान किया। रक्तदाताओं को सिविल सर्जन डॉक्टर अरविंद कुमार, अजय कुमार भगत, और उप प्रमुख के द्वारा रक्तदान का प्रमाण पत्र भी वितरण किया गया।फोटो n 4 बांझी से केंदुआ पुल जोड़ने वाली उच्च स्तरीय पुलिया निर्माण में अनियमितता।

### बालू के जगह डस्ट से की जा रही बोल्डर जोड़ाई



**बोरियो**। प्रखंड क्षेत्र के बांझी बाज़ार को केंदुआ गांव से जोड़ने वाली उच्च स्तरीय पुलिया निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है लगभग तीन करोड़ की लागत से बनने वाले पुलिया के गार्डवॉल को बालू की जगह डस्ट से जोड़ाई की जा रही है। जहां सीमेंट भी कम मात्रा तथा घटिया क्वालिटी का इस्तेमाल किया जा रहा है। गार्ड वाल मे इस्तेमाल की जा रही पत्थर भी अवैध उत्खनन कर लाया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा पुलिया मानक अनुरूप ना बनने से थोड़े ही दिनों जर्जर होने का अंदेशा जताया जा रहा है। पुलिया के निर्माण होने से केंदुआ जामकुंदर सहित कई अन्य गांव मुख्य सड़क से जुड़ जायेंगे परंतु संवेदक द्वारा कार्य में अनियमितता बरते जाने से महत्वकांझी योजना में मानो ग्रहण लग गया हों। मामले को लेकर संवेदक से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन संपर्क नही हो पाई।

### डल झील के तर्ज़ पर चालू किए गए शिकारा नाव पर पड़ी असमाजिक तत्वों की नज़र



**उधवा**। प्रखंड रविवार के दोपहर उधवा पक्षी अभयारण्य दो शिकारा नाव को जलाने का मामला प्रकाश में आया है। एक ओर जहां पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पतौड़ा झील में डल झील के तर्ज़ पर झील भ्रमण हेतु शुरू की गई थी। अज्ञात असामाजिक तत्वों ने रविवार के दोपहर करीब 1 बजे दो शिकारों में आग लगा दी। बताया जाता है कि घटना उस समय हुई जब कर्मी खाना खाने के लिए गए हुए थे। कर्मियों के वापस लौटने पर शिकारा जल चुका था। उसमें आग की लपटें उठ रही थी। कर्मियों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इधर वनरक्षी इंद्रजीत कुमार ने मामले में पुलिस से शिकायत की है। ज्ञात हो कि वन विभाग ने पर्यटकों को लुभाने के लिए 26 जनवरी 2023 से झील भ्रमण के लिए दो शिकारा की सेवा शुरू की थी। ये शिकारा नौका पर्यटकों को काफी आकर्षित कर रहा था। इस सेवा का उद्घाटन राजमहल सांसद विजय हांसदा ने किया था। इधर वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष तिवारी ने मामले में नाराजगी जताते हुए असमाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की बात कही।

### आलम मेडिकल में डीजीटल एक्स-रे मशीन का शुभारंभ



**उधवा**। रविवार को आलम मेडिकल उधवा में डीजीटल एक्स-रे मशीन का शुभारंभ राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल प्रभारी उदय टुडू व मेडिकल संचालक मासुद आलम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान आलम मेडिकल के संचालक ने कहा कि डीजीटल एक्स-रे मशीन के द्वारा एक्स-रे के बाद प्लेट व रिपोर्ट दोनों उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही कहा कि बच्चों के स्पेशलिस्ट इलाज के लिए दो डॉक्टर रहेंगे। एक्स-रे हेतु 24 घंटा सेवा उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कि शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मो. कलीमुद्दीन प्रतिदिन बच्चों के सेवा में उपलब्ध रहेंगे। वहीं 24 घंटा एमरजेंसी सेवा भी उपलब्ध रहेंगे। कहा कि मरीजों के बेहतर इलाज की व्यवस्था की गई है। मौके पर छाती रोग विशेषज्ञ मो समीम अख्तर, शहबाज आलम,मोहीमुद्दीन शेख, मैमुल शेख़, राहुल अली,अतीकुल, खबीर आलम सहित अन्य मौजूद थे।

### सीएम 11 को दो योजनाओं की करेंगे शुरुआत

**रांची**। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन सोमवार को खेलगांव के टाना भगत स्टेडियम में गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड स्कीम (जीसीसीएस) तथा मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ करेंगे। मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री उद्योग विभाग एवं श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग के मंत्री बादल उपस्थित रहेंगे।

# होली पर रेलवे का तोहफा, बिहार के लिए चलेंगी 18 स्पेशल ट्रेन



**पटना, एजेंसी।** होली के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनको सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के लिए रेलवे द्वारा राजगीर, पटना, दानापुर, आरा, गया एवं रक्सौल से आनंद विहार के लिए तथा सहरसा से अम्बाला कैंट के लिए होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा।

गाड़ी सं. 02351/02352 पटना-आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट स्पेशल सप्ताह में तीन दिन चलेगी। यह संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस की क्लोन ट्रेन होगी। गाड़ी 02351 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेशल 20 से 31 मार्च तक बुधवार, शुक्रवार व रविवार को पटना से शाम चार बजे प्रस्थान करेगी।

वहीं गाड़ी सं. 03255 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेशल 17 से 31 मार्च तक रविवार व गुरुवार को पटना जं. से रात 10.20 बजे खुलकर शाम तीन बजे आनंद विहार पहुंचेगी।

गाड़ी सं. 02391 पटना-आनंद विहार स्पेशल 16 से 30 मार्च तक हर शनिवार को पटना से रात 10.20 बजे खुलेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 02392 आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट पूजा स्पेशल 17 से 31 मार्च तक हर रविवार को आनंद विहार से रात 11.30 बजे प्रस्थान कर शाम 5.20 बजे पटना पहुंचेगी। गाड़ी सं. 02365 राजगीर-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेशल 16 मार्च से 30 मार्च तक हर शनिवार एवं मंगलवार को राजगीर से रात आठ बजे खुलकर अगले दिन दिन तीन बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 02366 आनंद विहार-राजगीर सुपरफास्ट स्पेशल दिनांक 17 से 31 मार्च तक रविवार एवं बुधवार को आनंद विहार से रात 11.45 बजे खुलकर अगले दिन रात 9.10 बजे राजगीर पहुंचेगी। गाड़ी सं. 03635 गया-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेशल 20 मार्च से 29 मार्च तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को गया से 14.15 बजे प्रस्थान करेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 03636 आनंद विहार-गया सुपरफास्ट स्पेशल दिनांक 21 मार्च से 30 मार्च तक मंगलवार, गुरुवार एवं शनिवार को आनंद विहार से सुबह सात बजे प्रस्थान कर दिन रात 8.45 बजे गया पहुंचेगी।

**आरा-आनंद विहार स्पेशल 20 मार्च से 29 मार्च तक :** गाड़ी सं. 03227 आरा-आनंद विहार स्पेशल 20 मार्च से 29 मार्च तक हर सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को आरा से दिन 3.45 बजे प्रस्थान करेगी तथा विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन सुबह 07.15 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 03228 आनंद विहार-आरा स्पेशल दिनांक 21 मार्च से 30 मार्च तक हर मंगलवार, गुरुवार एवं शनिवार को आनंद विहार से आरा पहुंचेगी।

### रक्सौल-आनंद विहार एक्सप्रेस स्पेशल 24 मार्च से

गाड़ी सं. 05531 रक्सौल-आनंद विहार एक्सप्रेस स्पेशल 24 मार्च एवं 31 मार्च को (रविवार) को रक्सौल से रात 10.25 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन शाम 6 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी 05532 दिनांक 25 मार्च एवं एक अप्रैल को सोमवार को आनंद विहार से रात 8 बजे प्रस्थान कर 2.30 बजे रक्सौल पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 05565 सहरसा-अम्बाला कैंट एक्सप्रेस स्पेशल 21 एवं 28 मार्च को सरहसा से रात 7.30 बजे खुलकर अगले दिन रात 11.15 बजे अम्बाला कैंट पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 05566 अम्बाला कैंट-सहरसा एक्सप्रेस 23 एवं 30 मार्च को अम्बाला कैंट से सुबह 03.40 बजे खुलकर अगले दिन सुबह 09.45 बजे सहरसा पहुंचेगी ।

## संक्षिप्त समाचार

### सांसद व विधायक ने किया शिलान्यास

**भागलपुर/सुल्तानगंज , एजेंसी।** सुल्तानगंज-शाहकुंड पथ पर शनिवार को पीएमजीएसवाई योजना के तहत दो पुल का शिलान्यास बांका सांसद गिरधारी यादव एवं विधायक प्रो ललित नारायण मंडल ने किया। सांसद प्रतिनिधि पवन केसान ने बताया कि प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सुल्तानगंज शाहकुंड पथ पर दो ब्रिज बनाया जाना है। जिसका शिलान्यास किया गया। विधायक ने बताया कि देवघा में सामुदायिक भवन और श्रीमद् भागवत कार्यक्रम में पहुंचे। करहिरया के बडहरा में भी विधायक के योजना का उद्घाटन किया गया।

### बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन से लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू

**भागलपुर/पीरपैंती, एजेंसी।** प्रखंड के योगीवीर पहाड़ी बाराहाट के नीचे स्थित ईदगाह मैदान में बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता अमरनाथमंडल आशीष ने की।बैठक में कहलगांव एवं पीरपैंती प्रखंड के पार्टी कार्यकर्ता सहित झारखंड के भी कार्यकर्ता शामिल थे।बैठक को मुख्य अतिथि दिल्ली से पहुंचे केंद्रीय चुनाव प्रभारी डॉ लालजी मेधांकर, प्रदेश अध्यक्ष शंकर महतो, उपाध्यक्ष सकलदेव दास, भागलपुर जोन प्रभारी एडवोकेट सुरेश राव, नकुल प्रसाद आदि ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया की मायावती को प्रधानमंत्री बनाने के लिए अभी से जुट जाएं।

### बाखरपुर थाना में नए थानाध्यक्ष ने दिया योगदान

**भागलपुर/पीरपैंती, एजेंसी।** ओपी से नए बने थाना में नए थानाध्यक्ष के रूप में आलोक कुमार ने योगदान कर लिया। उनकी नियुक्ति निवर्तमान थानाध्यक्ष बिनोद कुमार के एसएसपी द्वारा निलंबन के बाद किया गया है। जबकि महज कुछ दिन पूर्व ही ओपी से थाना में परिणत हुआ था बाखरपुर का यह थाना।

### दुबौली में बनेगा अस्पताल, किया गया भूमि पूजन

**भागलपुर/पीरपैंती, एजेंसी।** प्रखंड के दुबौली गांव में अस्पताल बनने का सपना साकार हो रहा है। शनिवार को अस्पताल निर्माण हेतु पूरे विधि विधान से भूमि पूजन किया गया। अस्पताल निर्माण हेतु भूमि राज्यपाल बिहार सरकार को समाजसेवी बीके पटेल द्वारा दान दिया गया है। पटेल ज्ञान गंगोत्री संस्थान के संस्थापक भी हैं। समारोह में घनश्याम दास, झूंपा सिंह, रामजन्म मिश्रा, चिंटू दुबे, भूलन दुबे, मुनमुन तिवारी आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे। अस्पताल निर्माण में नर्मदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने भी आर्थिक योगदान दिया है।

### कुश्ती के दंगल में बेटियों ने दिखाया दमखम

**भभुआ, एजेंसी।** बिहार के भभुआ के पहाड़िया गांव में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में शनिवार को अंतर राज्यीय महिला एवं पुरुष की कुश्ती प्रतियोगिता हुई। मुख्य अतिथि जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य वकील यादव ने उद्घाटन किया। महिला एवं पुरुष पहलवानों ने अखाड़े में एक-दूसरे को मात देने के लिए दांव-पेच का प्रदर्शन किया। लखनऊ की महिला पहलवान शालू एवं बक्सर की रिया के बीच हुए दंगल में रिया ने शालू को अखाड़े में पराजित कर विजेता बनी। पुरुष में पहाड़िया के नीरज यादव एवं यूपी के नौबतपुर के वीरेंद्र यादव के बीच कुश्ती प्रतियोगिता हुई। दोनों पहलवान बराबरी पर रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि मां मुंडेश्वरी की गोद में बसे पहाड़िया गांव हमेशा कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन कराते रहा है। दंगल समिति के सदस्य दरोगा सिंह यादव ने बताया कि लगातार तीन वर्षो से महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में दंगल का आयोजन कराया जा रहा है। इस दंगल में विभिन्न राज्यों के महिला-पुरुष पहलवान भाग लेने आते हैं। आयोजकों ने बताया कि सभी विजेता व उपविजेता पहलवानों को सम्मानित किया गया। ग्रामीण युवाओं को पहलवानी में रियाज करने का आह्वान किया गया, ताकि वह भी नामी-गिरामी पहलवान बन सकें। वक्ताओं ने पढ़ाई के साथ पहलवानी का अभ्यास करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया और कहा कि इससे स्वास्थ्य ठीक रहता है। शारीरिक व मानसिक रूप से बलवान बना जा सका है। मौके पर डॉ. योगेश्वर यादव, बहादुर सिंह, दुमदुम पंचायत के मुखिया इस्लाम खान, अशोक सिंह पटेल, पूर्व मुखिया योगेंद्र यादव, डॉ. नरसिंह यादव, पहलवानों में प्रमोद पहलवान, संतु यादव, श्रीधर यादव, बीरबल यादव, महेंद्र यादव आदि शामिल हैं।

# चाचा-भतीजे को साथ रखने में भाजपा को करना पड़ रही मशक्कत





**पटना, एजेंसी।** इंडिया गठबंधन के शील्पकार माने जाने वाले नीतीश कुमार के साथ आने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की स्थिति बिहार में तो मजबूत हो गई है, लेकिन दूसरे सहयोगियों के साथ सामंजस बिठाना चुनौती बन चुकी है। बीजेपी चिराग पासवान और उनकी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को खुश रखने का तरीका ढूंढ रही है। ऐसा इसलिए कि भगवा खेमा उनके चाचा और केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस को भी साथ रखना चाहता है। नीतीश कुमार की एनडीए में वापसी से पहले बिहार में चिराग पासवान भाजपा के सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी थे। उन्होंने कई मौकों पर खुद को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हनुमान भी बताया था। लेकिन नीतीश के साथ आते हुए वह अब हासिए पर जाते दिख रहे हैं। तेजस्वी यादव की पार्टी आरजेडी ने परिस्थिति को भांपते हुए चिराग पासवान को आठ लोकसभा सीटों का ऑफर दे दिया। इनमें से छह बिहार की सीट और दो बिहार से बाहर की सीट शामिल है। इसके लिए चिराग को महागठबंधन में शामिल होना होगा।

सूत्रों ने बताया कि बीजेपी अब इस पर विचार कर रही है कि चिराग के साथ किस तरीके से सीट शेयरिंग करनी है। पार्टी के कुछ नेता इसे दबाव की राजनीति बताते हैं। आपको बता दें कि चिराग पासवान के पास कथित तौर पर 6-7प्रतिशत वोटों का समर्थन प्राप्त है। हालांकि, पार्टी में हुई टूट के बाद इसका आकलन होना बाकी है।

### राजद के एक नेता ने कहा

चिराग और तेजस्वी एक-दूसरे का बहुत सम्मान करते हैं। हमारे पास हमेशा उनके लिए एक स्थायी प्रस्ताव रहा है। फैसला उन्हें करना है। लालू प्रसाद और राम विलास पासवान के बीच बहुत अच्छे राजनीतिक संबंध थे।

चिराग के अलावा भाजपा को उनके चाचा केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस को भी संतुष्ट करना होगा। पारस राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (एनएलजेपी) के प्रमुख हैं और एनडीए के सहयोगी भी हैं। चिराग और पशुपति पारस दोनों ही पासवान की राजनीतिक विरासत के असली उत्तराधिकारी होने का दावा करते हैं।

### एक भाजपा नेता ने कहा

2019 के लोकसभा चुनावों में हमने एलजेपी और जेडी (यू) के सहयोगियों के साथ बिहार में 40 में से 39 सीटें जीतीं। यह एक अच्छी केमेस्ट्री है। हम इसमें खलल डालने का जोखिम नहीं उठा सकते हैं, लेकिन हमारी चुनौती यह है कि पारस को कैसे और कहां समायोजित किया जाए। चिराग हाजीपुर सीट से चुनाव लड़ने पर अड़े हैं। फिलहाल पशुपति पारस वहां से सांसद हैं। भाजपा के एक नेता ने कहा कि चिराग पासवान ने पिछले हफ्ते भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी और उन्हें उम्मीद है कि विवाद जल्द ही सुलझ जाएगा। ऐसी चर्चा है कि पारस को समस्तीपुर से चुनाव लड़ने के लिए कहा जा सकता है, वर्तमान में इस सीट से चिराग के चचेरे भाई प्रिंस राज सांसद हैं। अगर ऐसा होता है तो चिराग एनडीए में बने रह जाएंगे और तेजस्वी यादव के खिलाफ एक युवा चेहरा एनडीए के पास होगा, जो कि लोकसभा चुनाव के दौरान पलटवार करते नजर आएंगे। बीजेपी और एलजेपी दोनों सूत्रों का कहना है कि चिराग को 5 लोकसभा सीटें और एक राज्यसभा सीट की पेशकश की जा सकती है। 2019 की तुलना में 1 कम होगी।

## नालंदा कॉलेज में होगा मतगणना का काम-लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटा जिला प्रशासन

**नालंदा, एजेंसी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी, नालंदा शाशंक शुभंकर ने लोकसभा चुनाव का निर्वाचन स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता एवं अन्य विषयों से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि फर्स्ट लेवल चेकिंग के उपरांत इवीएम, वीवीपैट की सूची सभी राजनीतिक दलों को प्राप्त करा दी गई है। प्रशिक्षण हेतु चिन्हित हर अनुमंडल परिसर स्थित वेयरहाउस में रखी गई इवीएम,वीवीपैट की सूची एवं मतदान केंद्रों की सूची सभी राजनीतिक दलों को प्राप्त करा दी गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर राजनीतिक दलों, अभ्यर्थियों, स्टार प्रचारको द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।




**विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित डिस्पैच सेंटर की विवरणी निम्नवत है**

171- अस्थावां ,पेरू महतो सोमरी कॉलेज, पहाड़पुरा, बिहारशरीफ।

172 -बिहारशरीफ ,सोगरा प्लस टू उच्च विद्यालय, बिहारशरीफ, नालंदा।

173 - राजगीर (अनुसूचित जाति), आरडीएच उच्च विद्यालय, राजगीर।

174 - इस्लामपुर एवं 175- हिलसा, रामबाबू उच्च विद्यालय ,हिलसा।

176 -नालंदा, रास बिहारी हाई स्कूल, नगर पंचायत, नालंदा।

177 -हरनौत, सोगरा कॉलेज, बिहार शरीफ ।

बज्रगृह एवं मतगणना केंद्र नालंदा कॉलेज, बिहारशरीफ में निर्धारित है।

## मामूली विवाद में एक ही परिवार के पांच लोग घायल



**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर जिले के वारिसनगर थाने के पुरनाही गांव में मकान बनाने को लेकर हुए विवाद के बाद गांव के ही कुछ लोगों ने सूरज कुमार और उनके परिवार के पांच सदस्यों का तलवार और लाठी-डंडे से मारपीट कर जख्मी कर दिया। सभी लोगों को देर शाम सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जख्मी लोगों में सूरज कुमार के अलावा कंचन कुमार, कविंद्र महतो, चंदन कुमार और सुरेश महतो शामिल हैं। सभी का उपचार सदर अस्पताल में शुरू किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया है कि सूरज महतो गांव में मकान निर्माण करा रहे थे। शनिवार को मकान का छत ढला रहा था। इसी दौरान उनके पड़ोसी विहारी महतो के घर की ओर मकान ढालने वाला मसाला गिर गया। जिस कारण देर शाम विवाद शुरू हो गया। इसी बात को लेकर विहारी महतो के अलावा सुनील कुमार, संतोष कुमार, अमित कुमार आदि ने सूरज के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान बीच बचाव करने पहुंचे परिवार के अन्य लोगों के साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि लोगों ने इस दौरान तलवार से वार किया। जिससे सभी लोग जख्मी हो गए। हल्ला होने पर आसपास के लोगों की भीड़ जुटी तो बीच बचाव कर मामला शांत कराया। जख्मी सभी लोगों को उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया। उधर, घटना की जानकारी वारिसनगर पुलिस को भी दी गई है।

**नगर पुलिस ने दर्ज किया जख्मी का बयान :** सदर अस्पताल में नगर पुलिस ने जख्मी लोगों को बयान दर्ज किया है। नगर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार ने बताया कि पीड़ित का बयान लेकर प्राथमिकी के लिए संबंधित थाने को भेजा गया है। इस मामले में आगे की कार्रवाई वारिसनगर पुलिस करेगी।

## लोकसभा चुनाव 2024 : लालू की पार्टी राजद ने कसी कमर वॉर रूम तैयार, तेजस्वी हर बूथ की जानकारी ले रहे

**पटना, एजेंसी।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर राजद का वॉर रूम तैयार है और हरेक पंचायत व बूथ स्तर तक की जानकारी जुटा रहा है। वॉर रूम से प्रमंडल से लेकर बूथ स्तर तक की विभिन्न कमेटियों को सौंपी जा रही जिम्मेदारियों की निगरानी की जा रही है। प्रदेश राजद कार्यालय के ऊपरी तल पर एक बड़े से कमरे में छह कंप्यूटर लगाए गए है। उन कंप्यूटरों पर तकनीकी विशेषज्ञों को तैनात किया गया है। पार्टी सुप्रीमो लालू यादव और तेजस्वी पूरे चुनावी अभियान की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। वॉर रूम के माध्यम से पार्टी के राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य एवं पदाधिकारियों से लेकर बूथ स्तर तक के कमेटियों के सदस्यों के नाम, पता एवं बूथ संख्या इत्यादि की जानकारी एकत्र की गयी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह इस वॉर रूम पर नजर रखते हैं। इनके माध्यम से ही प्रमंडलीय प्रभारी, जिला अध्यक्ष एवं प्रधान महासचिव एवं प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रधान महासचिव सहित अन्य पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया जा रहा है।



**तेजस्वी के पांच देशरत्न मार्ग स्थित आवास पर कार्यरत है कंट्रोल रूमः** राष्ट्रीय जनता दल के शीर्ष नेताओं द्वारा चुनावी तैयारियों की निगरानी सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्णयों के लिए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के पांच देशरत्न मार्ग स्थित सरकारी आवास पर कंट्रोल रूम तैयार किया गया है। यहां तेजस्वी यादव द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद के निर्देश एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे है। यहां सामान्य पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का प्रवेश निषेध है।

**बूथ स्तर पर कमेटी बना प्रचार की तैयारी की :** वॉर रुम के माध्यम से हरेक संसदीय क्षेत्र के हरेक बूथ कमेटियों के माध्यम से चुनाव प्रचार की तैयारी की गयी है। वहीं, बूथ कमेटियों को चुनाव की पूरी प्रक्रिया के दौरान मुस्तैद रहने को कहा गया है। पार्टी के अनुसार सभी 40 संसदीय क्षेत्रों में 90 प्रतिशत बूथ कमेटियां बनायी जा चुकी है। कुछ प्रखंडों के कुछ बूथों पर बूथ कमेटियां बनाया जाना बाकी है। इन बूथ कमेटियों के माध्यम से राजद समर्थकों को गोलबंद करने की तैयारी है।

# बाइक और बस की सीधी टक्कर में दो की मौत, एक घायल

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में पप्पू यादव की महारैली से लौट रहे बाइक सवार तीन समर्थक दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हो गए। बाइक और बस की सीधी टक्कर में बाइक सवार एक समर्थक ने जहां मौके पर ही दम तोड़ दिया तो वहीं दो बाइक पर बैठे मामा-भांजा की हालत काफी नाजुक होने की वजह से अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां घायल दूसरे युवक नीरज यादव(18) पिता नंदकिशोर यादव की मौत हो गई। जबकि तीसरा घायल मैक्स सेवन में है। आनंद कुमार जो रिश्ते में नीरज के मामा हैं उसकी हालत भी गंभीर है। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में न सिर्फ खासा आक्रोश है बल्कि पार्टी के नेताओं के प्रति उनकी नाराजगी भी काफी बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि अपने नेता के लिए जिन्होंने जान गंवाई। हादसे के बाद उन्हें कॉल करने पर कोई रिस्पॉन्स तक नहीं लिया गया। घटना के घंटों बीतने पर भी कोई झांकने तक नहीं आए, जबकि महारैली में बड़ी -बड़ी बातें कहीं गई। लंबे -चौड़े वायदे किए गए। क्या पार्टी या फिर नेता की नजरों में जनता की जान की कीमत नहीं? वे चाहते थे जाप सुप्रीमो पप्पू यादव के परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्हें सांत्वना दें और दुःख की इस घड़ी में उनकी पीड़ा काम कर सकें। इसके लिए उन्होंने पार्टी के स्थानीय नेता के जरिए अपनी बात पप्पू यादव तक पहुंचाने की भी कोशिश की। स्थानीय नेता से संपर्क किया और कई दफे कॉल किया, मगर कोई रिस्पॉन्स नहीं आया। बता दें कि शनिवार को जाप सुप्रीमो पप्पू यादव की प्रणाम पूर्णिया महारैली थी। रंगभूमि मैदान में आयोजित इस महारैली में बड़ी तादात में लोग पप्पू यादव को सुनने पहुंचे। ये पहला मौका था, जब किसी नेता ने अकेले ऐसी भीड़ जुटाई थी। इन्हें सुनने पहुंचने करीब 50 हजार की भीड़ में तीन ऐसे समर्थक भी रहे। जो शनिवार रात महारैली से घर लौटने के क्रम में धमदाहा -पूर्णिया स्टेट हाईवे पर लोहिया चौक के समीप दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हो गए।

वे सभी बी.कोठी थाना क्षेत्र के ठाडी पंचायत के हरिराही महादेवपुर गांव के वार्ड 2 के रहने वाले थे। इस हादसे में बाइक ड्राइव कर रहे अजय मुर्मू के 18 वर्षीय बेटे रवीन मुर्मू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसी बाइक पर बैठे मामा -भांजे नीरज कुमार और आनंद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहे हैं। त्रस्ष्ट॥ आने पर डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर भागलपुर रेफर कर दिया। मृतक और घायलों के गांव में रहने वाले दोस्त अशोक निराला, शिवम शुक्ला और एक अन्य ने बताया कि वे तीनों पप्पू यादव की महारैली में उनका समर्थन करने गए थे, लौटने के क्रम में उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई और ये दर्दनाक घटना घटी। हादसे के बाद उन्होंने एससी से मोर्चे के प्रखंड स्तरीय स्थानीय नेता से भी संपर्क किया। फोन कर घटना की जानकारी दी गई मगर दुर्भाग्यपूर्ण ये है कि कोई रिस्पॉन्स नहीं आया। डिस्ट्रिक्ट लेवल के जाप लीडर से भी संपर्क किया गया ताकि उनकी बात पप्पू यादव तक पहुंच जाए और वे पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उनका दुःख कम किया जा सके। मगर किसी ने झांकने तक की जहमत नहीं उठाई। इस हादसे में हरिराही महादेवपुर गांव में रहने वाले रवीन मुर्मू (18) की जान गई, उसने इसी साल मैट्रिक की परीक्षा दी थी। वो पढ़ने में काफी होनहार था, मगर गरीबी उसके आड़े आ रही थी। उसके सपने बड़े थे और उसे बड़ी ही बेसब्री से अपने रिजल्ट का इंतेजार था। ग्रामीणों ने बताया कि रवीन मुर्मू एक बेहद ही गरीब और साधारण परिवार का छात्र था। वो 4 बहनों पर इकलौता भाई था और सबका दुलारा भी था। घर की माली हालत, तंगहाली, बेटियों की शादी की चिंता और रविन के सपने को देखते हुए ही उसके पिता अजय मुर्मू केरल में बतौर प्रवासी मजदूर मजदूरी करते हैं। पिता के उन्हीं भेजे गए पैसों से किसी तरह घर चलता था। वही, नेता के लिए जिस समर्थक ने जान गंवा दी।

## मुजफ्फरपुर में लूट के दौरान स्वर्ण कारोबारी पर चलाई गोली, मौत

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में लूटपाट के दौरान एक स्वर्ण कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शहर के के जैतपुर ओपी के गिजास के पास बाइक सवार अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया। लूट का विरोध करने पर फायरिंग की गई। जिसके बाद जख्मी कारोबारी को इलाज के लिए मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच मेडिकल कॉलेज लाने के क्रम में रास्ते में मौत हो गई है। इस घटना के बाद मृतक स्वर्ण कारोबारी के परिजन सदमे की हालत में है। कारोबारी शनिवार रात करीब 9 बजे अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे, तभी वारदात को अंजाम दिया गया। अपराधी कैश और गहने वाला बैग लूटकर भाग निकले। पूरा मामला सरैया थाना क्षेत्र के जैतपुर ओपी क्षेत्र के गिजास की बताई जा रही है। जहां, बखरा चौक से अपने आभूषण की दुकान को बंद कर कारोबारी ओमप्रकाश वर्मा (40) बाइक से अपने घर रजवाड़ा लौट रहे थे। गिजास के पास कुछ हथियारबंद अपराधियों ने उनसे लूटपाट करने की कोशिश की। इसका विरोध करने पर अपराधियों ने आभूषण कारोबारी को गोली मार दी गई। जिसके बाद सभी अपराधी उसके कैश और गहनों को लेकर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोग मौके पर गोली की आवाज सुनकर पहुंचे। जिनके द्वारा इस मामले की जानकारी बखारा चौक के दुकानदारों और घायल आभूषण कारोबारी के परिजनों को दी गई। जिसके बाद कुछ स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल कारोबारी को इलाज के लिए मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच मेडिकल कॉलेज लाने के क्रम में रास्ते में मौत हो गई। आभूषण कारोबारी के परिजन दीपक कुमार ने बताया कि रोज की तरह दीपक अपनी दुकान को बंद कर रात में बखरा चौक से अपने घर राजवाड़ा लौट रहे थे। जहां, बाइक सवार दो अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया गया। वारदात के वक्त दीपक कुमार अपनी बाइक से अकेले ही लौट रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि 4-5 राउंड गोली चली थी जिसमें एक गोली कंधे में लगी। इस घटना के संबंध में मृतक के परिजनों के द्वारा इस घटना की जानकारी एसकेएमसीएच मेडिकल कालेज के ओपी को दे दी गई है। जिसके बाद पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी में भेज दिया गया है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### कश्मीर घाटी में प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कश्मीर घाटी की यात्रा जितनी सुखद है, उतनी ही ऐतिहासिक भी। प्रधानमंत्री ने वहां 6,400 करोड़ रुपये से अधिक की 43 विकास परियोजनाओं का अनावरण-शिलान्यास करने के साथ ही सार्वजनिक सभा को भी संबोधित किया। 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद यह भारतीय प्रधानमंत्री की पहली घाटी यात्रा थी और इसकी खूब चर्चा होनी ही चाहिए। घाटी के लोग जब प्रधानमंत्री को अपने बीच देख रहे थे, तो उन्हें जो खुशी हुई, उसका सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। श्रीनगर आतंकियों के शिकंजे से निकलकर अब जिस तरह से विकास की सांसें लेने लगा है, उससे निश्चित रूप से प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों की जरूरत वहां बढ़ गई है। आरोप लगाने वाले अक्सर कहते थे कि प्रधानमंत्री श्रीनगर नहीं जा रहे हैं, क्योंकि वहां की स्थितियां अनुकूल नहीं हैं। अब इस यात्रा से ऐसे आलोचकों के आरोपों पर अंकुश लग सकेगा। प्रधानमंत्री ने गुरुवार को श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में सार्वजनिक रैली को जिस तरह से संबोधित किया है, उसकी गूंज घाटी के उन चंद रोशनी से महरूम इलाकों तक भी अवश्य पहुंची होगी, जहां अभी भी आतंकी यदा-कदा जा छिपते हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि प्रधानमंत्री का यह दौरा जितना विकास कार्यों को समर्पित था, उतना ही चुनाव को भी संबोधित था। इस दौरे से निस्संदेह भाजपा और कश्मीर में उसके समर्थकों को राजनीतिक बल मिलेगा। कश्मीर में पता नहीं, भाजपा कितनी सीटें जीत पाएगी, लेकिन प्रधानमंत्री के कश्मीर दौरे से बाकी देश में भाजपा की मजबूती का ही संदेश पहुंचेगा। नरेंद्र मोदी ने कश्मीर घाटी की जनसभा से भी विपक्ष पर हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस सहित विपक्ष पर निशाना साधा और दावा किया कि कुछ परिवार न केवल जम्मू-कश्मीर के लोगों को, बल्कि पूरे देश को गुमराह कर रहे हैं। गौर करने की बात है कि विपक्ष के अनेक नेता यह कहते नहीं थकते थे कि जम्मू-कश्मीर से अगर अनुच्छेद 370 को हटाया गया, तो वहां कोहराम मच जाएगा। मगर अब यह इतिहास में दर्ज है कि केंद्र सरकार ने 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त कर दिया। इतना ही नहीं, जम्मू-कश्मीर से राज्य का दर्जा भी छिन गया। लद्दाख एक अलग केंद्रशासित प्रदेश हो गया। बेशक, आतंकवाद के निशाने पर रहे इस इलाके के शासन-प्रशासन में आमूल-चूल बदलाव जरूरी हो गया था, ताकि किसी भी तरह के अनुचित विरोध या हिंसा की स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। कश्मीर में आतंकवाद भले पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ हो, लेकिन सरकार की रणनीतियां इस पूरे क्षेत्र को विकास की ओर ले जाने के लिए प्रयासरत हैं।

## सर्वप्रिय नेतृत्व के आदर्श प्रतिमान हैं भगवान शिव

(डॉ. कृष्णगोपाल मिश्र)

*शिव का विषपान लोक कल्याण के लिए आवश्यक शर्त है। अमृत सब चाहते हैं, विष कोई नहीं चाहता। यश की अभिलाषा सब करते हैं किन्तु लोक की भलाई के लिए अपयश स्वीकार करने को कोई विरला ही तैयार होता है। जो नेता निर्भय होकर समाज के कल्याण के लिए अपमान और अपयश का विष पचा जाता है, वही सर्वप्रिय बन पाता है।*

शिव की देह पर लगी भस्म का अंगराग उनकी निष्कामता, निर्लोभता और निर्लिप्तता का प्रतीक है। सर्वप्रिय बनने के लिए उत्सुक नेतृत्व को व्यक्तिगत सुख सुविधाओं और वैभवपूर्ण प्रदर्शनों की विलासप्रियता पर अंकुश लगाना चाहिए। भगवान शिव सर्वप्रिय देवता हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने उन्हें जगत्वन्द्य कहा है -'संकर जगत् वन्द्य जगदीसा' - अर्थात भगवान शंकर संसार के स्वामी हैं और समस्त संसार' उन्हें वंदनीय मानता है। देवता, मनुष्य, ऋषि मुनि सब उन्हें नमन करते हैं। यहाँ प्रयुक्त 'सब' शब्द में देवताओं, मनुष्यों और साधारण मनुष्यों से अधिक अलौकिक शक्ति सम्पन्न मुनियों के साथ यक्ष, किन्नर, नाग, असुर आदि अन्य जातियाँ भी समाहित हो जाती हैं। भगवान शिव जगत वंध होने के कारण सब के प्रिय आराध्य हैं। इस संदर्भ में यह विचारणीय प्रश्न है कि जब देवता और दैत्य परस्पर शत्रु हैं तब देवाधिदेव महादेव दैत्यों के लिए भी वंदनीय क्यों हैं ? दैत्य वरदान प्राप्ति के लिए सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा की शरण में जाते हैं। उनकी तपस्या करते हैं किन्तु उनकी पूजा नहीं करते। दैत्य विष्णु से कभी कोई याचना नहीं करते परन्तु शिव के समक्ष सदा नतमस्तक मिलते हैं। शिव की इस सर्वप्रियता का रहस्य उनकी कल्याणकारी शक्ति और त्यागपूर्ण सरलता में निहित है। नेतृत्व यदि सर्वप्रिय होना चाहें तो उसे भी शिव के समान सहज सुलभ और सबके प्रति कल्याणकारी बनना चाहिए। 'शिव' का एक अर्थ कल्याण' भी है। कल्याण सब चाहते हैं- देवता भी और दैत्य भी। अतः शिव के भक्त सभी हैं। कल्याण-कामना से किसी का विरोध नहीं होता। इसलिए शिव से भी किसी का विरोध नहीं है। शिव वैदिक- पौराणिक देवता होने के साथ- साथ लौकिक घरातल पर भी एक ऐसे नेहूत्व का प्रतीकार्थ देते हैं जो सबका भला चाहता है, सबका भला करता है, सबके लिए सुलभ है और भोला-भंडारी है। जो वीतरागी है, संन्यासी है, जिसका अपना अपने लिए कुछ नहीं, अपना सब कुछ सबके लिए हैं। जो समन्वय की सामर्थ्य से युक्त है और विरोधों में सामंजस्य बैठाना जानता है, जिसे अपयश, अपमान एवं निन्दा का विष पीना- पचाना और समाज के लिए घातक भयानक विषधरों को वश में करना आता है। ऐसा ही व्यक्तित्व शिव हो सकता है, लोक के लिए शुभ हो सकता है और सर्वप्रिय तथा जगतबंद्य बन सकता है। शिव के कंठ में, भुजाओं में नाग लिपटे हैं। नाग संसार के लिए भयकारी हैं किन्तु जब वे शिव के नियन्त्रण में उनकी देह पर मालाओं के समान शोभायमान होते हैं तब लोक के लिए भय का कारण नहीं रह जाते। लौकिक संदर्भ में नाग अपराधी ताकतों के प्रतीक हैं। लोक के कल्याण के लिए इनका नियंत्रण आवश्यक है। शिव वही हो सकता है जो इन पर नियंत्रण कर सके। नेतृत्व की शिवता शिव जैसी नियन्त्रण-शक्ति की अपेक्षा करती है। शिव को त्रिलोचन कहा गया है। दो नेत्र तो सबके पास हैं। सब उनसे देखते हैं, अनुमान लगाते हैं और निष्कर्ष निकालकर कार्य करते हैं किन्तु शिव ज्ञान के तृतीय नेत्र से देखकर विचार करते हैं। सही निष्कर्ष तक पहुँचने के लिए ज्ञान के तृतीय नेत्र का सदुपयोग शिव-नेतृत्व की परम उपलब्धि है। ज्ञान का यही तृतीय नेत्र लोक-कल्याण के लिए आवश्यकता पड़ने पर रुद्र रूप धारण कर अशिव शक्तियों के संहार का कारण भी बनता है। समाज की सुरक्षा के लिए नेतृत्व के तीसरे नेत्र का संहारक रौद्ररुप लेना और उसकी कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में उसका विचार सम्पन्न ज्ञान रूप में परिणत होना आवश्यक है। भगवान शंकर के इस तीसरे नेत्र का रहस्य समझकर ही कोई नेतृत्व समाज को समृद्धि और सुरक्षा देकर सर्वप्रिय बन सकता है। लच्छेदार बातों और कोरे वादों की बौछारें समाज को वहका सकती हैं, बहला सकती हैं उसे रिझाकर वोट बटोर सकती हैं लेकिन समाज का भला नहीं कर सकतीं। शिव की देह पर लगी भस्म का अंगराग उनकी निष्कामता, निर्लोभता और निर्लिप्तता का प्रतीक है। सर्वप्रिय बनने के लिए उत्सुक नेतृत्व को व्यक्तिगत सुख सुविधाओं और वैभवपूर्ण प्रदर्शनों की विलासप्रियता पर अंकुश लगाना चाहिए। निजी महत्वाकांक्षाएं नेता को इंद्र बना सकती हैं, शिव नहीं और इन्द्र कभी सर्वप्रिय नहीं हो सकते। इंद्र व्यवस्था चला सकते हैं किन्तु समाज पर आयी विपदाओं के निवारण के लिए सक्षम नहीं हो सकते। इस कार्य के लिए उन्हें शिव आदि अन्य शक्तियों की शरण में आना पड़ता है। नेतृत्व का इन्द्र बन जाना समाज के लिए शुभ नहीं होता। समाज की शुभता तो शिवता की विलासिता विहीन भस्मरागमयी भूमि में ही विलसती है। भगवान शिव नित्य शुद्ध हैं। शुद्धता का संधारण मन, वाणी और कर्म से होता है। शिव की कथाओं में कोई प्रसंग ऐसा नहीं मिलता जब उन्होंने कहीं किसी से कोई छल किया हो। समाज का नेतृत्व करने वाला व्यक्ति भी यदि शुद्ध हो, छल-फरेब न करे, झूठ न बोले तो उसकी विश्वसनीयता समाज में स्वतः बढ़ जाती है और तब उसकी सर्वप्रियता का पथ प्रशस्त होने लगता है। नेतृत्व की शुचिता समाज में भी सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करके समाज से भ्रष्टाचार दूर कर सकती है। लोकजीवन में आचरण की पवित्रता नेतृत्व के शिवत्व की शुचिता पर निर्भर है। शुद्धता के अभाव में सामाजिक लोकप्रियता संभव नहीं। निजी आवश्यकताओं में न्यूनता शिव का आदर्श है। अन्न, वस्त्र और आवास लोकजीवन की अनिवार्य आवश्यकताएं हैं। शिव सबके लिए इन आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं। शिव की पत्नी भगवती पार्वती का एकनाम अन्नपूर्णा भी है। माता अन्नपूर्णा की शिवगृह में उपस्थिति सबका पेट भरने की गारंटी है। अन्नपूर्णा सुख समृद्धि देकर लोक में वस्त्र और आवास की लौकिक आवश्यकताओं की पूर्ति का भी प्रतीकार्थ हैं। शिव और अन्नपूर्णा की यह पौराणिक युति नेतृत्व और नीति में सामंजस्य को संकेतित करती है। लोक का कल्याण चाहने वाले नेता की नीति ऐसी होनी चाहिए जो सबकी अनिवार्य आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके। स्वयं शिव इन अनिवार्यताओं से भी परे हैं। वे दिगम्बर हैं, उन्हें अन्न और आवास भी नहीं चाहिए। वस्त्र के नाम पर बाघम्बर, भोजन के लिए बिल्वपत्र-भांग-धतूरा और आवास के लिए कैलाश अथवा श्मशान। शिव से संदर्भित ये उपादान संकेतित करते हैं कि सर्वप्रिय होने के लिए त्याग का निर्वाह परम आवश्यक है। नेता को अपने लिए वे सुविधाएं भी नहीं चाहिए जिनकी व्यवस्था वह अन्य के लिए अनिवार्य रूप से करता है।

### गरीबी के पैमाने को लेकर सरकार का तर्क विवादों के घेरे में

चालू वित्तवर्ष की तीसरी यानी दिसंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 8.4 फीसद दर्ज हुई है। यह निस्संदेह उत्साहजनक आंकड़ा है। यह भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान से कहीं अधिक है। इस तरह चालू वित्तवर्ष का सकल घरेलू उत्पाद सारे अनुमानों से अधिक रहने वाला है। रिजर्व बैंक ने अपना पुराना अनुमान बदल कर इसे 7.6 फीसद कर दिया है।हालांकि रिजर्व बैंक ने माना था कि तीसरी तिमाही में आर्थिक विकास दर आठ फीसद के आसपास रहेगी, मगर चौथी तिमाही में इसके छह फीसद के नीचे रहने का अनुमान है। तिमाही में विकास दर ऊंची रहने के पीछे विनिर्माण क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन, कर संग्रह में बढ़ोतरी और सबसिडी खर्च में कमी को मुख्य कारण माना जा रहा है। पांच लाख करोड़ डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के सरकार के इरादे को निश्चित रूप से इससे बल मिलेगा।मगर इस आर्थिक विकास दर की परत-दर-परत पड़ताल करें, तो कई असंगत स्थितियां भी नजर आती हैं। आर्थिक विकास दर के ऊंची रहने के बावजूद आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों- कोयला, इस्पात, बिजली, कच्चा तेल, रिफाइनरी, प्रकृतिक गैस, उर्वरक और सीमेंट- में विकास दर सुस्त दर्ज हुई है। इसके समांतर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करीब तेरह फीसद घटा है।माना जाता है कि तेज अर्थव्यवस्था वाले देशों की तरफ विदेशी प्रत्यक्ष निवेश अपने आप आकर्षित होता है। इस वक्त जब दुनिया मंदी के दौर से गुजर रही है, तब भारतीय अर्थव्यवस्था का रुख ऊपर की तरफ बना हुआ है। दवा उत्पादन, सेवा, दूर संचार जैसे कुछ क्षेत्रों में विकास की संभावनाएं अधिक आंकी जाती रही हैं।मगर सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद इन क्षेत्रों में भी अगर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित नहीं हो पा रहा है, तो इसे अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत नहीं माना जा सकता।

## जिनपिंग की सनक के चलते विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का तमगा खो सकता है

(नीरज कुमार दुबे)

राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सनक ने दुनिया की दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था वाले देश चीन का बुरा हाल कर दिया है। एक समय अपनी आर्थिक तरक्की की रफ्तार के लिए पूरी दुनिया में मशहूर चीन इस समय बमुश्किल गुजारा कर पा रहा है और जिस धीमी गति से उसकी अर्थव्यवस्था आगे बढ़ रही है वह कछुआ चाल यदि जारी रही तो जल्द ही चीन दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था का तमगा खो सकता है। चीन में इस समय कितनी निराशा है इसका अंदाजा इस बात से लग जाता है कि वहां के हुक्मरान अब तरक्की के बहुत बड़े लक्ष्य तय करने की बजाय इस बात पर जोर दे रहे हैं कि गुजारा चलाने लायक स्थितियां बनी रहें। हम आपको बता दें कि आर्थिक मंदी और कमजोर पड़ती कारोबारी धारणा से जूझ रहे चीन ने इस साल पांच प्रतिशत की मामूली आर्थिक वृद्धि का लक्ष्य तय किया है। पिछले साल चीन ने 5.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी। इसके साथ ही चीन ने बढ़ती बेरोजगारी पर चिंताओं के बीच 1.2 करोड़ नौकरियां पैदा करने का वादा भी किया है। चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने देश की रबर-स्टैम्प संसद नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) के उद्घाटन सत्र में पेश अपनी रिपोर्ट में उम्मीद जताई कि इस साल शहरी क्षेत्रों में 1.2 करोड़ से अधिक नौकरियां पैदा होंगी। बताया जा रहा है कि चीन में इस साल शहरी बेरोजगारी दर लगभग 5.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हम आपको बता दें कि करीब सप्ताह भर चलने वाले एनपीसी के वार्षिक सत्र में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के अलावा देश भर से 2,000 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की वृद्धि को मजबूत करने के लिए जरूरी पहलों पर विचार-विमर्श किया गया। बताया जा रहा है कि चीन ने 2024 के लिए एक सक्रिय राजकोषीय नीति और एक विवेकपूर्ण मौद्रिक नीति जारी रखने की बात कही है जिसमें सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मुकाबले घाटे को तीन प्रतिशत पर रखा जाएगा। चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग ने अपनी 39 पेज की कार्य रिपोर्ट में कहा है कि इस बार सरकारी घाटा 2023 के बजट आंकड़े से 180 अरब युआन (26 अरब अमेरिकी डॉलर) बढ़ जाएगा। देखा जाये तो चीन इस समय सबसे गहरी आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है इसलिए राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सभी मंत्रालयों को निर्देश दिया है कि वह ऐसी नीतियां बनाएं जिससे अर्थव्यवस्था को संकट से उबारा जा सके। लेकिन यहां सवाल यह है कि चीन आखिर उबरेगा कैसे? वैश्विक बाजारों में उसके माल की गुणवत्ता पर लगातार सवाल उठ रहे हैं और उन्हें लौटाया जा रहा है या पुराने ऑर्डर रद्द किये जा रहे हैं। चीनी कंपनियों को नये ऑर्डर नहीं मिलने से उत्पादन ठप है और बेरोजगारी लगातार बढ़ती जा रही है। चीन में विदेशी निवेशक आने से कतरा रहे हैं या अपना कारोबार समेट रहे हैं क्योंकि तानाशाह जैसे शासन में काम करना मुश्किल होता जा रहा है। यही नहीं चीनी युवा भी अपने भविष्य को लेकर इतने आशंकित पहले कभी नहीं दिखे जितने अब दिख रहे हैं। दरअसल चीन में मजदूरी और उत्पादन लागत बढ़ने से वैश्विक बाजारों में चीन प्रतिस्पर्धा नहीं कर पा रहा है। इसके अलावा, चीन का रियल एस्टेट उद्योग जिस तरह भरभरा कर गिर रहा है और स्थानीय सरकारों को सामान्य खर्च चलाने के लिए भी ऋण लेना पड़ रहा है उससे शी जिनपिंग की नीतियों और उनकी उन महत्वाकांक्षी परियोजनाओं पर भी सवाल उठ रहे हैं जिन पर अरबों डॉलर खर्च हो रहा है मगर हासिल कुछ नहीं हो रहा है।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 5306

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | | | | 7 | | | 1 |
| 1 | 8 | | 5 | 3 | | 4 | | |
| | 4 | 6 | | | | | | |
| | 5 | | | | 8 | | | 2 |
| | 6 | | | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 3 | | | | | |
| | | | | | | 8 | 2 | |
| | | 3 | | 5 | 9 | | 4 | 7 |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5305

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 9 | 5 | 2 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 5 | 9 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 5 | 8 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 6 |
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 5 | 2 |

## आज का राशिफल

**मेष**
आज के दिन हर मामले में सावधानी रखकर कार्य करने की जरूरत है। कार्यक्षेत्र में अधिकारी से या व्यवसाय क्षेत्र में व्यापारी से अनबन हो सकती है। अपने कार्यकौशल से आप शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे और आपको आर्थिक लाभ होगा। घर गृहस्थी के उपयोग की कोई प्रिय वस्तु खरीद सकते हैं और उसमें आपको लाभ होगा।

**वृष**
आज लाभ होगा। आज के दिन आपकी सभी महत्वाकांक्षाएं पूर्ण होंगी और आपके सुख में वृद्धि होगी। आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायक रहेगा। यात्रा सामान्य लाभप्रद रहेगी। दोपहर बाद उच्चाधिकारी से वाद विवाद होने से कानूनी विवाद बढ़ सकता है और आपके सामने परेशानियां आ सकती हैं। शाम के वक्त किसी योजना के पूर्ण होने से आपको लाभ होगा।

**कर्क**
आज आर्थिक लाभ होगा। आज किसी नई डील से अचानक धन का लाभ होगा। परिवार में अचानक से किसी की तबियत खराब होने से आपको दौड़भाग करनी पड़ सकती है। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करते समय या गाड़ी चलाते समय टेंशन को हावी न होने दें। दोस्ती में किसी स्पेशल स्कीम का हिस्सा न बनें, जोखिम के कामों से दूर रहें।

**सिंह**
आज का दिन सफलता से भरा होगा। किसी महान सफलता का हर्ष होगा। बड़ी मात्रा में रुपया हाथ में आने से संतोष होगा। दिन के उत्तरार्द्ध में पिछले चार दिनों से चले आ रहे किसी विवाद का अंत होगा। आपकी कोई बात आपस में सलाह करने से सुलझ जाएगी। कहासुनी को बातचीत से सुलझा लें। रात का समय आनंद में बीतेगा।

**मिथुन**
आज आर्थिक लाभ होगा और आपके सुख में वृद्धि होगी। ऑफिस में आप अपने धैर्य और मृदु व्यवहार से वातावरण को हल्का करने में कामयाब होंगे। अपने प्रिय व्यक्ति की मदद करने में कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। कुछ लोग आपकी खलिाफत कर सकते हैं।

**कन्या**
आज आर्थिक लाभ होगा और आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी। दिन अच्छा है, जिन यंगस्टर्स ने अभी अपने करियर का आरंभ किया है उनको लाभ होगा और सफलता प्राप्त होगी। आज अपने ऑफिस में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**तुला**
आज आर्थिक लाभ होगा और आपके सुख में वृद्धि होगी। आज आपको ऑफिस में भी काम अधिक करना पड़ेगा, लेकिन आपकी लगन को देखकर अधिकारी आपसे प्रसन्न होंगे। आज आपको अच्छे कर्म करने का लाभ मिलेगा और हर कार्य में मनचाहा फल प्राप्त होगा। रात में मांगलिक कार्यक्रम में आपको भाग लेना पड़ सकता है।

**वृश्चिक**
आज आर्थिक लाभ होगा और आज का दिन आपके लिए सफलता से भरा होगा। समाज में आपकी स्वच्छ छवि बनेगी और आपको आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त होंगे। किसी प्रकार के विरोध के चलते भी संकल्पित कार्य सिद्ध होंगे। आपको नई योजनाओं से लाभ होगा और आप पैसों के मामले में बचत कर पाएंगे।

**मकर**
आर्थिक लाभ होगा और आपके सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आपकी भौतिक सुविधाएं बढ़ेंगी और कोई मेहमान आपके घर आ सकता है। आपको जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा और आपके व्यवसायिक प्रयास फलीभूत होंगे। मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शाम से लेकर रात कहीं आउटिंग का अच्छा प्लान बन सकता है।

**कुंभ**
आज लाभ होगा और आपका दिन परोपकार में बीतेगा। कोई अधिकारी आपकी मदद और सहायता करने आगे आ सकते हैं। आपको आत्मसंतुष्टि प्राप्त होगी। किसी सांसारिक सुख से इसकी तुलना आप नहीं कर सकते। ऑफिस में आपके अधिकारों में वृद्धि होने के कारण साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है। शाम का वक्त धार्मिक कार्य में बीतेगा।

**धनु**
आज लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होगी। आज का दिन आपके लिए भाग्योदयकारक है। जीवनसाथी एवं व्यापार में साझीदारों से आपको लाभ होगा और आपको सहयोग मिलेगा। अच्छे कार्य में आपकी रुचि बनी रहेगी और आपको लाभ होगा। नौकरीपेशा लोगों की उन्नति होगी और उन्हें सफलता प्राप्त होगी। मन को शांति मिलेगी। अत्यधिक श्रम से थकान हो सकती है, सावधान रहें।

**मीन**
आज ग्रहों के शुभ योग बन रहे हैं और आपके सुख समृद्धि में वृद्धि होगी। आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होगी और भाग्य साथ देगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और भाग्य का साथ मिलेगा। आपके उत्तरदायित्व बढ़ने से कुछ असहज स्थिति उत्पन्न हो सकती है। बेहतर होगा कि आप अपने काम पर ध्यान दें।

### वर्ग पहेली 5306



**संकेत: बाएं से दाएं**
1. इंदौर में जन्मी (18 अप्रैल 1916 )ये मशहूर खल अभिनेत्री जिनकी पहली वाक फिल्म थी हिम्मत-ए-मर्द जो 1935 में बनी थी (6)
5. काव्यमर्मज्ञ, रसपान करने वाला, काव्य रस से आनंदित होने वाला (3)
9. कच्चे आम या इमली से बना हुआ खट्ठा-मीठा पदार्थ (2)
11. देह, जिस्म, शरीर, तन (2)
12. मूर्तिगृह, बुतखाना (5)
14. आज्ञापत्र, अस्थायी राजकीय आज्ञा (4)
16. ग्रीन देश को यह भी कहते है (2)
17. बराबर, तुल्य (2)
18. भास्कर, दिनपति, एक दिवंगत फिल्म संगीतकार (2)
21. ऋग्वेद के अनुसार एक प्रकार का पेय जा देव दानव दोनों को प्रिय था (2)
22. उन्नति करने वाला, प्रगति करने वाला (5)

**ऊपर से नीचे**
1. बिना सोचे-समझे पुराने ढर्रों या ढ़ंग पर चलने वाला (7)
2. भवसागर के पार उतरने वाला, सद्गति प्राप्त करने वाला (3)
3. झरोखा, खिड़की (4)
4. सुमात्रा द्वीपों में होने वाली एक प्रकार की घास, ताश के खेल का एक प्रकार (2)
6. सहसा तेजी से आगे बढ़ना (3)
8. गीड़ को यह भी कहते है (3)
9. नासमझ, भोला (3)
12. बलमा, प्रेमी, साजन (3)
13. मोर, हमारा राष्ट्रीय पक्षी (2)
15. तीस दिन का समय, महीना, माह (2)
19. ब्रहमण, पुरोहित (2)
20. यह बनारस या वाराणसी का प्राचीन नाम है (3)
22. साधू, महात्सा के रहने का स्थान (2)

### वर्ग पहेली 5305 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | रि | क्ष | | | प्या | र |
| ग | ला | | मा | | अं | दा | ज |
| र | क | बा | | ला | गू | | नी |
| क्ष | | जा | न | व | र | | श |
| क | स | र | त | | | खु | |
| | ह | | न | म | क | दा | नी |
| ना | म | क | | क | | दा | म |
| का | ति | ब | | र | स | द | |

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा डी.बी. कॉर्पो. लि., प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटवा, थाना-रातू, जिला-रांची (झारखंड) में मुद्रित एवं 204, निर्मला इन्कलेव अपार्टमेंट, रानी बागान, बरियातु, रांची (झारखंड) से प्रकाशित | संपादक- साकेत कुमार, मो.-9934957121, 7766886433 | E-mail : svvjh123@gmail.com | website : www.sonvarshavani.com

# पूरब से पश्चिम तक भाजपा का अगड़े-पिछड़ों पर दांव, एक भी दलित उम्मीदवार नहीं



**लखनऊ , एजेंसी।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विधान परिषद चुनाव में पूरब से पश्चिम तक अगड़े और पिछड़ो पर दांव चला है। पार्टी ने दो ठाकुर, एक ब्राह्मण, एक वैश्य, एक भूमिहार और दो पिछड़ों को मैदान में उतारा है। तमाम कोशिश के बाद भी सामाजिक संतुलन बैठाने में चूक रही है। सात प्रत्याशियों में एक भी दलित और अल्पसंख्यक सदस्य नहीं हैं।

पश्चिमी यूपी में गुर्जर समाज को साधने के लिए पूर्व परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अशोक कटारिया और पार्टी ने अपने जाट बैंक पर कब्जा बनाए रखने के लिए प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल को टिकट दिया है।

वहीं पूर्वांचल में ब्राह्मण वोट बैंक को संदेश देने के लिए आजमगढ़ के विजय बहादुर पाठक को फिर मौका मिला है। पूर्वांचल और अवध में ठाकुर वोट बैंक में आधार बरकरार रखने के लिए डॉ. महेंद्र सिंह और संतोष सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है।

अवध से पूर्वांचल तक भूमिहार समाज को संतुष्ट रखने के लिए धर्मेंद्र सिंह को मौका दिया है। एनडीए के दस उम्मीदवारों के सामाजिक समीकरण में अगड़े समाज से दो ठाकुर, एक ब्राह्मण, एक वैश्य, एक भूमिहार हैं। जबकि तीन पिछड़ों में दो जाट, एक गुर्जर और एक कुर्मी हैं।

**सात में एक भी दलित उम्मीदवार नहीं:** 5 मई को रिक्त होने वाली परिषद की जिन 13 सीटों के लिए चुनाव हो रहा है उनमें भाजपा के विद्यासागर सोनकर और निर्मला पासवान, बसपा के डॉ. भीमराव आंबेडकर दलित सदस्य हैं। लेकिन भाजपा, रालोद और अपना दल के प्रत्याशियों में एक भी दलित प्रत्याशी नहीं हैं।

सपा के जो नाम चल रहे हैं, उनमें भी कोई दलित नहीं है। नतीजन विधान परिषद में तीन दलित सदस्य कम होने से उनका प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा। परिषद में 6 मई से भाजपा के मात्र दो लालजी निर्मल और सुरेंद्र चौधरी दलित सदस्य रह जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि भाजपा ने हालही में राज्यसभा की दस सीटों के लिए हुए चुनाव में आठ सीटों पर विजय हासिल की है। भाजपा के नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्यों में भी एक भी सदस्य दलित समाज से नहीं है।

**अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व भी कम:** विधान परिषद की जिन 13 सीटों पर चुनाव हो रहा है उनमें भाजपा के मोहसिन रजा और बुक्कल नवाब दो अल्पसंख्यक सदस्य है। दोनों का टिकट कटने से परिषद में अल्पसंख्यक समुदाय का नेतृत्व भी कमजोर हुआ है। परिषद में अब भाजपा से राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी और पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. तारिक मंसूर सदस्य हैं। जबकि सपा से शाहनवाज खान और मोहम्मद जासमीर अंसारी सदस्य हैं। सपा प्रत्याशियों पर निगाहें हैं।

### प्रत्याशी परिचय

**डॉ. महेंद्र सिंह :** योगी आदित्यनाथ सरकार 1.0 में जलशक्ति मंत्री रहे हैं। वर्तमान में मध्यप्रदेश के चुनाव प्रभारी हैं। देश के कई राज्यों में चुनाव कराने का अनुभव है। प्रदेश से लेकर केंद्र तक मजबूत पकड़ है। तीसरी बार परिषद जाने का मौका मिला है।

**विजय बहादुर पाठक :** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी से लेकर प्रदेश महामंत्री तक रहे हैं। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र के करीबी हैं। संगठनात्मक गतिविधियों के क्रियान्वयन से लेकर चुनाव प्रबंधन का लंबा अनुभव है। दूसरी बार परिषद जाने का मौका मिला है।

**अशोक कटारिया :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में छात्र राजनीति की शुरुआत की। भाजयुमो के के प्रदेश अध्यक्ष से लेकर पार्टी के प्रदेश महामंत्री तक रहे हैं। गुर्जर समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। भाजपा के केंद्रीय नेताओं की नजर में अच्छी छवि का फायदा मिला है।

**मोहित बेनीवाल :** भाजपा के पश्चिम क्षेत्र के अध्यक्ष रहे हैं। पश्चिम में जाट समाज के चेहरे माने जाते हैं। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के करीबी हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष होने के नाते पहली बार परिषद का टिकट मिला है।

**संतोष सिंह :** अभाविप के जरिए लखनऊ विश्वविद्यालय से राजनीति की शुरुआत की। पार्टी में प्रदेश मंत्री और प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर लंबा अनुभव है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के समान करीबी हैं।

**धर्मेंद्र सिंह :** पत्रकारिता से राजनीति में आए हैं। भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी हैं। वाराणसी और उसके आसपास के जिलों में भूमिहार समाज में पार्टी का उभरता हुआ चेहरा हैं।

**राम तीरथ सिंघल :** झांसी के पूर्व महापौर रहे हैं। बुंदेलखंड में वैश्य समाज को साधने के लिए मौका मिला है।

आपको बता दें कि भारतीय जनता पार्टी ने विधान परिषद की सात सीटों के लिए शनिवार को उम्मीदवारों का एलान कर दिया। वर्तमान सदस्य एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, मध्यप्रदेश में भाजपा के चुनाव प्रभारी एवं परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह और लोकसभा चुनाव समन्वय के प्रभारी एवं परिषद सदस्य अशोक कटारिया को फिर से परिषद का टिकट दिया गया है।

विधान परिषद की 13 सीटों पर हो रहे रहे चुनाव में एनडीए को दस और सपा को तीन सीटें मिलेंगी। एनडीए ने एक सीट अपना दल (एस) के कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल के लिए दी है। एक सीट पर राष्ट्रीय लोक दल ने योगेश चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। एक सीट गठबंधन में सुभासपा को मिल सकती है।

शेष सात सीटों पर पार्टी ने प्रत्याशी घोषित किए हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल और डॉ. संतोष सिंह, झांसी के पूर्व महापौर राम तीरथ सिंघल और प्रदेश भाजपा के मीडिया सह प्रभारी धर्मेंद्र सिंह को भी प्रत्याशी बनाया गया है। एनडीए के सभी प्रत्याशी नामांकन के अंतिम दिन 11 मार्च को नामांकन दाखिल करेंगे।

### इनका टिकट कटा

विधान परिषद के सदस्य यशवंत सिंह का टिकट कटा है। यशवंत ने स्थानीय निकाय क्षेत्र के चुनाव में आजमगढ़ से बगावत कर अपने बेटे विक्रांत सिंह उर्फ रिशु को निर्दलीय चुनाव लड़ाया था। भाजपा चुनाव हार गई थी, विक्रांत सदस्य निर्वाचित हुए थे। विद्यासागर सोनकर, मोहसिन रजा, डॉ. सरोजनी अग्रवाल, बुक्कल नवाब, अशोक धवन और निर्मला पासवान का टिकट कटा है।

## संक्षिप्त समाचार

### किशोर की हत्या कर शव सरसों के खेत में फेंका

**अलीगढ़ , एजेंसी।** रोरावर थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर मथुरा बाईपास स्थित अल्तवार मीट फैक्टरी के पास सरसों के खेत में एक 17 वर्षीय किशोर का शव मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव तीन-चार दिन पुराना लग रहा है। मृतक के निजी अंग गायब है।

रोरावर थाना पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के नीवरी आसिफ बाग निवासी सानू (17) पुत्र लाल मोहम्मद चार-पांच दिन से लापता था। नौ मार्च को अल्तवार मीट फैक्टरी के पास खेत में सरसों काट रहे मजदूरों की नजर पड़ी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। एसओ रोरावर ने बताया कि थाने में कोई तहरीर नहीं आई है।

### आगरा में बुलियन कारोबारी पर सेंट्रल जीएसटी का सर्वे, देर रात तक जारी रही कार्रवाई

**आगरा , एजेंसी।** आगरा में स्टेट जीएसटी के बाद सेंट्रल जीएसटी ने सराफा बाजार का रुख किया है। शनिवार की शाम को सेंट्रल जीएसटी ने चौबे जी का फाटक स्थित बुलियन कारोबारी फर्म राम बुलियन पर सर्वे की कार्रवाई शुरू की, जो देर रात तक चलती रही। जीएसटी के सर्वे के कारण शाम को ही चौबे जी का फाटक के साथ किनारी बाजार, जौहरी बाजार, नमक की मंडी की सराफा दुकानें बंद कर दी गईं। दूसरे शनिवार के अवकाश के दिन सेंट्रल जीएसटी की टीम ने जैसे ही चौबे जी का फाटक स्थित राम बुलियन पर सर्वे शुरू किया, कारोबारियों में हड़कंप मच गया और चंद मिनटों में ही दुकानों के शटर बंद कर व्यापारी चले गए। राम बुलियन पर जीएसटी के 30 से ज्यादा अधिकारी कर्मचारी सर्वे में शामिल हैं। बुलियन फर्म के खिलाफ बिलों में गड़बड़ी की शिकायतें मिल रही थीं, जिसमें जीएसटी की बड़े पैमाने पर चोरी की आशंका जताई गई। सर्वे में सेंट्रल जीएसटी के अधिकारियों ने देर रात तक कार्रवाई जारी रखी। स्टॉक रजिस्टर, कंपनी के कंप्यूटर, लैपटॉप और मोबाइल में मौजूद डेटा की जांच की जा रही है। कच्चे बिलों और स्टॉक के साथ इनवॉइस और रिटर्न में मिलान किया जा रहा है।

### चार चोरों समेत गहने खरीदने वाला सुनार गिरफ्तार

**अलीगढ़ , एजेंसी।** नगर पंचायत के सामने स्थित कॉलोनी में छह फरवरी को हुई चोरी के मामले में पुलिस ने चार चोरों और आभूषण खरीदने वाले सुनार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि चोरी का माल बरामद कर जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा। बता दें कि जवां क्षेत्र के पड़का गांव निवासी मदन कुमार कस्बे के बगीची रोड पर एक किराये के मकान में रहते हैं। छह फरवरी की सुबह वह घर का ताला लगाकर पारिवारिक कार्यक्रम में गांव चले गए। दोपहर में लौटने पर घर का ताला टूटा मिला। अंदर से छह लाख कीमत के जेवरात और 90 हजार रुपये नकद गायब थे। मामले में पीड़ित ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने बृहस्पतिवार को अलीगढ़ के दो चोरों समेत मेरठ के दो चोरों को भी गिरफ्तार कर लिया। जिनमें से मेरठ क्षेत्र के एक गांव का सुनार नौशाद भी है। उसने 58 हजार का माल 35 हजार में खरीदने की बात कही है।

### महिला ने 28 साल लड़ी लड़ाई, तब मिला ट्रांसपोर्टर से 59 हजार रुपये का चेक

**आगरा , एजेंसी।** आगरा में ट्रांसपोर्ट कंपनी से माल की कीमत लेने के लिए एक बुक स्टॉल की महिला संचालक को 28 साल कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी। मामला पहले जिला उपभोक्ता आयोग फिर राज्य उपभोक्ता आयोग में पहुंचा। राज्य उपभोक्ता आयोग ने जिले के फैसले को बरकरार रखते हुए ट्रांसपोर्ट कंपनी की अपील खारिज कर दी। शनिवार को महिला को 59 हजार रुपये का चेक सौंपा गया।

मानपाड़ा, कोतवाली निवासी स्नेहा गांधी की बुक स्टॉल की दुकान है। उनके अधिवक्ता भोला नाथ गांधी ने बताया कि स्नेहा ने वर्ष 1995 में रायपुर से किताबें मंगवाई थी। इसके लिए गोल्डन ट्रांसपोर्ट कंपनी से गाड़ी की थी। माल की कीमत 7566 रुपये थी। समय पर माल पहुंचना था लेकिन माल नहीं आया। कंपनी के लोगों से संतोषजनक जवाब नहीं मिला। अधिवक्ता के माध्यम से भेजे विधिक नोटिस का भी जवाब नहीं दिया।

## सरयू नहाने गए तीन युवकों की डूबकर मौत, एक-दूसरे को बचाने में गई जान, दर्शन के लिए आए थे कानपुर से

**अयोध्या , एजेंसी।** अयोध्या सरयू नदी में स्नान करने गए तीन युवकों की डूबकर मौत हो गई। 6 युवक नदी में स्नान कर रहे थे। जब कुछ डूबने लगा तो उसकी जान बचाने में एक के बाद एक तीन युवक डूब गए हैं। डूब कर मरने वाले ये तीनों युवक कानपुर के हैं। इनके नाम प्रियांशु सिंह, हर्षित अवस्थी और रवि मिश्रा है। 6 दोस्त कानपुर से अयोध्या राम मंदिर के दर्शन करने आए थे। सभी साथी शनिवार की शाम अयोध्या पहुँचे थे। नाका स्थित एक धर्मशाला में रुके थे। सुबह सभी स्नान करने आये थे। स्नान करने के बाद राम लला के दर्शन करने की योजना थी। बचे हुए तीन दोस्तों ने बताया कि रवि सबसे पहले डूबने लगा। उन्हें बचाने के चक्कर मे हर्षित व प्रियांशु गए और तीनों डूब गए। घटना की सूचना पर 10 मिनट के भीतर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व जल पुलिस पहुँच गयी थी। 30 मिनट तक चले रेस्कयू अभियान में तीनों डूबे युवकों का शव बरामद कर लिया गया।

## भाजपा सांसद संगमलाल गुप्ता के खिलाफ चस्पा किए गए पोस्टर, चुनाव में भयंकर विरोध की चेतावनी

**प्रतापगढ़ , एजेंसी।** प्रतापगढ़ के भाजपा सांसद संगमलाल गुप्ता के खिलाफ क्षेत्र में कई जगहों पर पोस्टर लगाए गए हैं। भाजपा सांसद पर भू माफिया को संरक्षण देने और अवैध कब्जा कराने का आरोप लगाया गया है। पोस्टर को लेकर क्षेत्र में काफी चर्चा हो रही है। भाजपा ने अपनी पहली सूची में ही प्रतापगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद संगमलाल गुप्ता को प्रत्याशी घोषित किया है। 2019 में संगमलाल भाजपा के टिकट पर चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। दूसरी बार टिकट मिलने के बाद उनका क्षेत्र में विरोध शुरू हो गया है। संगमलाल के विरोध में अमरगढ़, गौरमाफी, ढकवा, रामगंज, आसपुर देवसरा समेत कई बाजारों में पोस्टर चिपकाए गए हैं। सांसद संगम लाल गुप्ता पर भू-माफिया को संरक्षण देने का आरोप है। आरोप है की एक भू-माफिया ने सांसद के सहयोग से कृषि बीज गोदाम की भूमि व भवन पर कब्जा कर किया है और अवैध रूप से निर्माण करा लिया है। पोस्टर में बीज गोदाम के कर्मचारियों व क्षेत्रीय किसानों से गाली-गलौज करने का भी आरोप है। आगामी लोकसभा के आम चुनाव में दांत खट्टा कर देने वाले भयंकर विरोध का दावा किया गया है।

## चुनाव में नौ वोटों की धांधली... तब छह से जीत, अब तीन से हार

### तीन साल बाद दोबारा हुई मतगणना तो बदल गए नतीजे





**बरेली , एजेंसी।** जनता ने जिसे अपना प्रधान चुना, भ्रष्ट सिस्टम ने मतगणना में धांधली कर उसे हरा दिया। तीन साल तक उन्होंने लड़ाई लड़ी। एसडीएम कोर्ट के आदेश पर शनिवार को जब दोबारा मतगणना हुई तो राजकुमारी को जीत मिली। मामला बरेली जिले के रामनगर ब्लॉक की ग्राम पंचायत गुलेली का है। अब यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**वर्ष 2021 में हुआ था पंचायत चुनाव :** रामनगर ब्लॉक की ग्राम पंचायत गुलेली में वर्ष 2021 में हुए पंचायत चुनाव में प्रधान पद की प्रत्याशी आशा देवी को 650 और राजकुमारी को 644 मत मिले थे। इस आधार पर आशा देवी को विजेता घोषित कर दिया गया था।

राजकुमारी ने मतगणना में धांधली का आरोप लगाया लेकिन सिस्टम ने उसे अनसुना कर दिया, लेकिन राजकुमारी ने हार नहीं मानी। उन्होंने न्यायालय की शरण ली। तीन साल तक कानूनी लड़ाई लड़ी। आखिरकार उनके पक्ष में फैसला आया। न्यायालय ने दोबारा मतगगना के आदेश दिए।

**राजकुमारी को मिले 644 मत, आशा देवी को 641 :** शनिवार को रामनगर ब्लॉक में प्रधानी के चुनाव के मतों की दोबारा गिनती कराई गई तो राजकुमारी को फिर 644 मत मिले, मगर आशा देवी के मत 641 ही रह गए। वर्ष 2021 में छह मतों से जीत दर्ज करने वाली आशा इस बार तीन मतों से बाजी हार गईं। चुनाव परिणाम से हर कोई हैरान रह गया।

साथ ही यह चर्चा भी शुरू हो गई कि उस मतगणना में धांधली हुई। अधिकारियों ने राजकुमारी को विजेता घोषित कर दिया। राजकुमारी ने बताया कि उन्हें पहले से ही जीत का भरोसा था। मतदाताओं ने भी उन पर भरोसा जताया था पर सांठगांठ के चलते एक अन्य प्रत्याशी के मतपत्र आशा देवी के बंडल में शामिल कर राजकुमारी को हरा दिया गया था।

## यूपी के चार एक्सप्रेस वे पर लगेंगे 26 चार्जिंग स्टेशन, सभी पर पहली बार बैटरी स्वैपिंग की मिलेगी सुविधा

**लखनऊ , एजेंसी।** एक्सप्रेस वे को इलेक्ट्रिक वाहनों के मुफीद बनाने के लिए चार्जिंग स्टेशन बनने का रास्ता साफ हो गया है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे पर 26 ई चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे।

ये स्टेशन अडानी टोटल एनर्जी के जरिये बनाए जाएंगे। इन स्टेशनों पर 'बैटरी स्वैपिंग सिस्टम' यानी बैटरी बदलने की सुविधा भी दी जाएगी। इसे शुरू करने से पहले सर्वे किया जाएगा। चार एक्सप्रेस वे को ई वाहनों के लिए भी तैयार किया जा रहा है।

इसके अंतर्गत आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर चार, बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर चार, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर चार और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे पर दो चार्जिंग स्टेशनों का निर्माण होना है। मीटर से पहले का पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर यूपीडा बनाएगा। इन्हें बनाने के लिए पिछले साल 20 अक्तूबर को आवेदन मांगे गए थे।

**छह कंपनियों ने किया था आवेदन:** टेंडर में छह कंपनियों ने आवेदन किया था।



दौड़ में टेस्को चार्जजोन लिमिटेड, अडानी टोटल एनर्जी ई मोबिलिटी लिमिटेड, वर्दे मोबिलिटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड, टाटा पावर ईवी चार्जिंग साल्यूशंस लिमिटेड और कैश योर ड्राइव मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड थे। सभी कंपनियों ने प्रति किलोवाट एवरेज सर्विस फीस आफर की थी।

अदाणी टोटल एनर्जी ने 9.74 रुपये, कैश योर ड्राइव ने 10.49 रुपये, वर्दे मोबिलिटी ने 12.96 रुपये, टाटा पावर ने 13.20 रुपये, सर्वोटेक ने 14.35 रुपये और टेस्को चार्ज जोन ने 21 रुपये प्रति किलोवाट की मांग रखी थी। कीमतों की लड़ाई में सबसे कम कीमत लगातर अडानी की कंपनी ने बाजी मार ली।

खास बात यह है कि अदाणी की कंपनी चार्जिंग स्टेशन में ही बैटरी स्वैपिंग सिस्टम भी विकसित करेगी। इसे शुरू करने से पहले डिमांड सर्वे किया जाएगा। इस संबंध में कंपनी को लेटर आफ अवार्ड यूपीडा ने जारी कर दिया है।

## केंद्र के बाद यूपी के राज्य कर्मचारियों का डीए बढ़ाने की तैयारी

**लखनऊ , एजेंसी।** केंद्र के एलान के बाद राज्य सरकार भी अपने कर्मचारियों का डीए बढ़ा सकती है। केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (डीए) 4 फीसदी बढ़ाया गया है। अब केंद्रीय कर्मचारियों का डीए 50 फीसदी हो गया है। केंद्र की घोषणा के बाद राज्य सरकार भी होली से पहले कर्मचारियों का डीए बढ़ाने का फैसला कर सकती है। वित्त विभाग के सूत्रों के मुताबिक सोमवार को इस संबंध में फाइल शासन भेजी जाएगी, जहां इस मामले में चर्चा की जाएगी। डीए बढ़ने का लाभ करीब 16 लाख राज्य कर्मचारियों और लगभग 12 लाख पेंशनरों को मिलेगा।

### केंद्र में हो चुकी है बढ़ोत्तरी

केंद्र सरकार में लगभग एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनरों को पहली जनवरी से देय महंगाई भत्ते में 4 फीसदी की वृद्धि की सौगात मिल गई है। गुरुवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में डीए/डीआर की दरों में 4 फीसदी की बढ़ोतरी पर मुहर लगी है। इस वृद्धि के साथ ही डीए की मौजूदा दर 46 से 50 प्रतिशत पर पहुंच गई है। नियम है कि डीए की दर 50 प्रतिशत के पार होने पर वेतनमान और अन्य भत्तों में भी बढ़ोतरी हो जाती है। इसके बाद केंद्रीय कर्मचारी संगठन भी सरकार पर आठवें वेतन आयोग गठित करने का दबाव डाल सकते हैं।

## प्रदेश के इंजीनियरिंग संस्थानों को मिलेंगे 176 शिक्षक, पांच साल बाद नियमित भर्ती, 21 मार्च तक आवेदन

**लखनऊ, एजेंसी।** प्रदेश में लगभग पांच साल बाद राजकीय इंजीनियरिंग संस्थानों में शिक्षकों के खाली पदों पर बड़ी भर्ती होगी। शासन की हरी झंडी के बाद डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) ने भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर व असिस्टेंट प्रोफेसर के 176 पद शामिल हैं। आवेदन विवि की वेबसाइट के माध्यम से 21 मार्च तक होंगे।

विवि प्रशासन ने वेबसाइट पर संस्थानवार, पदवार, आरक्षण के साथ विस्तृत जानकारी दे दी है। अभ्यर्थी इसके अनुसार ही आवेदन करेंगे। आवेदन के बाद कमेटी स्क्रीनिंग करेगी और अपनी रिपोर्ट प्रकाशित करेगी। इस पर अभ्यर्थी अपना पक्ष रख सकेंगे। अंतिम रूप से शार्टलिस्ट असिस्टेंट प्रोफेसर के अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा भी होगी। इसमें सफल अभ्यर्थियों की मेरिट बनाकर इंटरव्यू और फिर फाइनल सूची जारी होगी। एसोसिएट व प्रोफेसर के लिए लिखित परीक्षा छोड़कर बाकी प्रक्रिया असिस्टेंट प्रोफेसर वाली ही अपनाई जाएगी।

**सुल्तानपुर व अंबेडकरनगर के संस्थान भी:** केएनआईटी सुल्तानपुर, यूपीटीटीआई कानपुर, बीआईईटी झांसी, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अंबेडकरनगर, बांदा, कन्नौज, सोनभद्र, आजमगढ़, बिजनौर और मैनपुरी में भर्तियां होंगी। इन राजकीय तकनीकी संस्थानों में 2018 में नियमित भर्ती हुई थी। इसके बाद खाली पदों के सापेक्ष 2021 में आवेदन लिए गए लेकिन प्रक्रिया पूरी नहीं हुई। भर्ती पूरी होने पर नए सत्र में इन संस्थानों को बड़ी संख्या में नियमित शिक्षक मिलेंगे। अभी तक संविदा से काम चलाया जा रहा है।

**2021 में लिए गए आवेदन निरस्त:** विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा है कि शासकीय सहायता प्राप्त डिग्री स्तरीय तकनीकी संस्थानों में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर व असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर सीधी भर्ती के लिए 2021 में आवेदन लिए गए थे। इसे निरस्त किया जाता है और पदों के सापेक्ष लिया गया आवेदन शुल्क वापस किया जाएगा। अभ्यर्थियों को नया आवेदन पत्र भरना होगा और निर्धारित आवेदन शुल्क देना होगा।



## बोदला जमीन प्रकरण: बेगुनाह परिवार को फंसाने के लिए शराब और गांजा कहां से आया....नहीं चल सका पता

**आगरा, एजेंसी।** आगरा के बोदला में 10 हजार वर्ग मीटर जमीन पर कब्जे के प्रकरण में दो माह बाद भी पुलिस की जांच में यह साफ नहीं हो सका है कि फर्जी मुकदमों में अवैध शराब और गांजा कहां से लाया गया था। एक मुकदमे में पुलिस फाइनल रिपोर्ट भी लगा चुकी है। वहीं आबकारी निरीक्षक और सिपाहियों से भी पूछताछ नहीं की गई है।

बोदला के चर्चित जमीन प्रकरण में जमीन पर कब्जे के लिए डकैती के केस में पुलिस ने शुक्रवार को खाली प्लॉट से लूटा गया माल बरामद कर लिया। इस मामले में अभी तक यह खुलासा नहीं हो सका है कि पुलिस ने चौकीदार रवि, शंकरिया और ओमप्रकाश को गांजा तस्करी और उसकी पत्नी और बहन को शराब बरामदगी के मामले में जेल भेजा था। काफी मात्रा में गांजा और शराब भी बरामद की गई थी। मामले में आबकारी निरीक्षक व सिपाहियों की संलिप्तता पाए जाने पर विभाग ने उन्हें निलंबित किया था। पर, गांजा व शराब कहां से लाए गए? यह अनसुलझा है। इसी तरह पीड़ितों पर दर्ज कराए गए फर्जी मुकदमे भी अभी तक वापस नहीं लिए गए हैं। पीड़ित चौकीदार को अब भी न्याय का इंतजार है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कराने वाली जमीन की कथित वादिनी उमा सिंह को भी पूछताछ के लिए नहीं बुलाया है। चर्चित बोदला भूमि प्रकरण में तहसील सदर की टीम 62 दिन बाद भी यह पता नहीं लगा सकी है कि जमीन पर मालिकाना हक किसका है।




## ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी मर्डर मुबारक

होमी अदजानिया के डायरेक्शन में बन रही फिल्म मर्डर मुबारक का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया था, जो सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर है। अब निर्माताओं ने मर्डर मुबारक का पहला गाना याद आवे रिलीज कर दिया। इसे सचिन-जिगर, सिमरन चौधरी और वरुण जैन ने अपनी आवाज से सजाया है। बोल प्रिया सरैया ने लिखे हैं। फिल्म में पहली बार सारा अली खान और विजय वर्मा की जोड़ी बनी है। इसमें डिंपल कपाड़िया, करिश्मा कपूर, टिस्का चोपड़ा, संजय कपूर और पंकज त्रिपाठी जैसे सितारे भी नजर आएंगे। फिल्म की कहानी दिल्ली में हुए एक मर्डर के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जिसकी पड़ताल पुलिस बने पंकज करते हैं। फिल्म का प्रीमियर 15 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होगा।



## महिला किरदारों के साथ न्याय करते हैं भंसाली

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी आने वाली वेब सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी इस सीरीज में सोनाक्षी के अलावा मनीषा कोईराला, ऋचा चड्ढा और अदिति राव अहम भूमिकाओं में नजर आने वाली हैं। हाल ही में शो के प्रमोशन के दौरान सोनाक्षी सिन्हा हीरामंडी के अलावा संजय लीला भंसाली के बारे में कई दिलचस्प खुलासे करती नजर आईं। सोनाक्षी सिन्हा शो हीरामंडी – द डायमंड बाजार से पहले भी संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शन में बनी फिल्म राउडी राठौड़ में काम कर चुकी हैं। सोनाक्षी बताती हैं, मैं काफी समय से संजय लीला भंसाली के साथ काम करना चाह रही थी, लेकिन किसी न किसी वजह से बात नहीं बन पा रही थी। मैं जब भी उनसे मिलने के लिए ऑफिस जाती थी वे कॉफी ऑफर करते थे। मैं कॉफी पी कर और बात करके वापस आ जाती थी। आप जब भी उनके ऑफिस जाएंगे वो आपको कॉफी जरूर पिलाते हैं। संजय लीला भंसाली कॉफी के शौकीन हैं। सोनाक्षी अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मुझे लगता है कि संजय लीला भंसाली अपनी स्त्री किरदारों को सबसे ज्यादा खूबसूरती से दिखाते हैं। आप उनकी कोई भी फिल्म उठा कर देख लीजिए वे महिला चरित्रों के साथ न्याय करते हैं। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे हीरामंडी- द डायमंड बाजार का हिस्सा बनने का मौका मिला।

### मनीषा कोइराला से सीखने को मिला

शो हीरामंडी- द डायमंड बाजार सोनाक्षी सिन्हा ने दिग्गज अदाकारा मनीषा कोइराला के साथ काम किया है। सोनाक्षी कहती हैं, इस शो में छह महिला किरदार हैं और सभी इस शो में अहम भूमिका निभा रही हैं। इन छह औरतों के पास अपनी अलग-अलग कहानियां हैं जिसे शो में दिखाया गया है। मुझे यह शो करके काफी मजा आया। मनीषा कोइराला से मुझे काफी सीखने को मिला। वे बेहद जहीन अदकारा हैं।





## सनकी में पूजा हेगड़े के साथ रोमांस करते दिखेंगे अहान शेट्टी

**बॉलीवुड स्टार सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी फिल्म सनकी में पूजा हेगड़े के साथ रोमांस करते दिखेंगे। फिल्म को साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं। नाडियाडवाला ग्रैंडसन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म सनकी की घोषणा की और स्टारकास्ट को दिखाया। उन्होंने कहा, वैलेंटाइन डे (14 फरवरी 2025) पर फिल्म सनकी रिलीज होगी।**

साजिद नाडियाडवाला की फिल्म सनकी में अहान शेट्टी पहली बार पूजा हेगड़े के साथ स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। रजत अरोरा द्वारा लिखित इस फिल्म को अदनान ए. शेख और यासिर जाह निर्देशित करेंगे।
बॉलीवुड स्टार सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी ने एक्शन रोमांस फिल्म तड़प से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। यह फिल्म साल 2021 में रिलीज हुई थी। फिल्म में तारा सुतारिया ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसका निर्देशन मिलन लूथरिया ने किया था और साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस की थी। वहीं, एक्ट्रेस पूजा हेगड़े हिंदी, तेलुगु और तमिल सिनेमा में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने साक्ष्यम, हाउसफुल 4, अला वैकुंठपुरमलो, बीस्ट, आचार्य, सर्कस और हाल ही में किसी का भाई किसी की जान जैसी फिल्में की हैं।

## अपने पति और बच्चों के साथ सउदी अरब पहुंची नयनतारा

जवान फिल्म में बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान के साथ पर्दे पर अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरने वाली साउथ सुपरस्टार नयनतारा अपने परिवार के साथ सउदी अरब पहुंची हैं। अभिनेत्री अपने पति विग्नेश शिवन और बच्चे, उइर और उलाग के साथ रेसिंग कार्यक्रम में शामिल होने सउदी अरब पहुंची। इवेंट से पहले नयनतारा और विग्नेश शिवन ने एक साथ कुछ क्वालिटी टाइम बिताया। इससे पहले नयनतारा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें साझा की थीं, जिसमें वो अपने पति के प्रति अपना आभार प्रकट करती हुई नजर आ रही थीं। अपने पति विग्नेश को टैग करते हुए अभिनेत्री ने लिखा- आज मैं जिस तरह की महिला हूं, वैसी महिला बनाने के लिए आपका दिल से शुक्रिया। इसके अलावा उन्होंने अपने पति से अलग होने को लेकर उठी सभी अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि उनके और उनके पति के बीच सबकुछ ठीक है। इससे पहले एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक संदेश साझा किया था, जिसे पढ़ने के बाद उसके प्रशंसक घबरा गए थे। बता दें कि यह संदेश उन्होंने ऐसे वक्त में लिखा था, जब उन्होंने अपने पति को अनफॉलो कर दिया था।



## मैं खुद को दुनिया का राजा की तरह महसूस कर रहा हूं

**मुंबई के बीकेसी इलाके में मिस वर्ल्ड 2024 के फिनाले की मेजबानी कर रहे बॉलीवुड फिल्मों के निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने कहा है कि इस कार्यक्रम की मेजबानी करने से उन्हें दुनिया के राजा जैसा महसूस हो रहा है। धर्म प्रमुख ने मंच की शोभा बढ़ाई और 2013 मिस वर्ल्ड की विजेता, साथी मेजबान मेगन यंग के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की।**

कार्यक्रम में 112 प्रतिभागियों और मेहमानों को संबोधित करते हुए करण जौहर ने लियोनार्डो डिकैप्रियो और केट विंसलेट-स्टारर टाइटैनिक के संवाद का हवाला दिया, जिसमें अभिनेता कहते हैं, मैं दुनिया के राजा की तरह महसूस करता हूं। उन्होंने कहा विश्व मंच पर सौंदर्य प्रतियोगिता के दावेदारों की संगति में वह वास्तव में विश्व के राजा की तरह महसूस कर रहे हैं और वह इस कार्यक्रम में महिलाओं के बीच केवल एक मात्र नश्वर हैं। करण जौहर ने इवेंट के लिए झिलमिलाते कंधों वाले काले रंग का टक्सीडो और काली पैंट पहने हुए थे। इस बार यह सौंदर्य प्रतियोगिता 28 साल बाद भारत लौटी है। मुंबई में जन्मीं सिनी शेट्टी, जो कर्नाटक की हैं, सौंदर्य प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। यह कार्यक्रम मुंबई के बीकेसी इलाके में जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता में 112 प्रतिभागी होंगी। मिस वर्ल्ड 2023 पोलैंड की कैरोलिना बिलावस्का शनिवार को मुंबई में फाइनल में अपने उत्तराधिकारी को ताज पहनाएंगी।





## नेवी की महिला अफसरों की सख्त कहानी बयां करेंगी आरुषी निशंक

हिमश्री फिल्म्स और टी- सीरीज ने अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट तारिणी की घोषणा की है। इस फिल्म के माध्यम से मशहूर कत्थक नृत्यांगना आरुषी निशंक बॉलीवुड में अपना डेब्यू करेंगी। तारिणी दुनिया के सामुद्रिक सफर पर निकलीं पहली, नेवी की छह जांबाज महिला अफसरों पर आधारित एक फिल्म है। इस घोषणा के बाद दर्शकों के बीच गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। रक्षा मंत्रालय से सफलतापूर्वक अधिकार प्राप्त करने के बाद, आरुषि निशंक और कुमार विश्वास वर्तमान में तारिणी के लेखन को पूरा करने में लगे हुए हैं। यह परियोजना छह वीर महिलाओं की मनोरंजक कहानी को पर्दे पर जीवंत तरीके से पेश करने के लिए तैयार है, जिन्होंने समाज की रूढ़िवादिता को तोड़ा और समुद्र पर विजय प्राप्त की और हर महिलाओं के लिए मिसाल बनी थीं। बता दें कि तारिणी केवल एक साधारण कहानी नहीं है। यह महिला सशक्तिकरण को भी प्रदर्शित करती है। यह महिलाओं की उपलब्धियों का प्रमाण है। आरुषि निशंक का मानना है कि यह परियोजना दुनिया भर में महिलाओं के लिए सशक्तिकरण के प्रतीक और उदाहरण के रूप में काम करेगी। मेक इन इंडिया के तहत बनी इस तारिणी नौका में सवार होकर इन छह महिला अफसरों ने इस साहसिक अभियान के साथ अपना नाम इतिहास के पन्नों में सुनहरे अक्षरों से भी दर्ज कर था। अरुषी निशंक ने इस प्रोजेक्ट के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, तारिणी सिर्फ एक कहानी से कहीं अधिक है; यह उन महिलाओं की जाबाज भावना को श्रद्धांजलि है जो बाधाओं को तोड़ती हैं और संभावनाओं को फिर से परिभाषित करती हैं। इस परियोजना के माध्यम से, हमारा लक्ष्य महिलाओं को प्रेरित और सशक्त बनाना है। लेखक कुमार विश्वास ने अपना उत्साह साझा करते हुए कहा, तारिणी पर सहयोग करना एक सम्मान की बात है और मैं साहस और विजय की इस कहानी को बुनने के लिए उत्साहित हूं। इन छह महिलाओं की यात्रा प्रेरणा का स्रोत है और हम आशा करते हैं कि उनकी कहानी को इस तरह व्यक्त करें जो दर्शकों को पसंद आए।

## अवंतिका के जाने के बाद लेखा मेरी जिंदगी का हिस्सा बनीं





अभिनेता इमरान खान इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। पिछले दिनों अफवाहों का बाजार गर्म था कि वे लेखा वाशिंगटन को डेट कर रहे हैं। लोगों को लग रहा था कि लेखा की वजह से इमरान ने अवंतिका को तलाक दे दिया। अपने तलाक के विषय में बात करते हुए इमरान बोलते हैं, मैं और अवंतिका आपसी सहमति से अलग हुए थे। मैं फरवरी 2019 के बाद से ही अवंतिका से अलग रह रहा हूं। हां, मैंने इस बात का जिक्र शायद पहले नहीं किया था। इमरान अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, मैं बता नहीं सकता हूं कि मुझे कितनी तकलीफ हुई जब मैंने सुना कि लोग लेखा को घर तोड़ने वाली महिला बुला रहे हैं। वे मेरी जिंदगी में अवंतिका के जाने के बाद आई हैं। मैं डेढ़ साल से अकेले रह रहा था। कोई नहीं था मेरे साथ तब लेखा ने मेरा साथ दिया।

## धनुष की अगली फिल्म कुबेर

**धनुष, नागार्जुन, रश्मिका मंदाना और जिम सर्भ के साथ राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक शेखर कम्मुला की आगामी फिल्म का नाम अब कुबेर रखा गया है। फिल्म निर्माताओं ने महा शिवरात्रि पर फिल्म का शीर्षक और फिल्म से धनुष का पहला लुक जारी किया।धनुष का फर्स्ट लुक जबकि धनुष ने एक्स पर पोस्टर और वीडियो साझा किया।**

नागार्जुन ने लिखा कि वह आगे की यात्रा के लिए उत्साहित थे, उन्होंने लिखा, ...अविश्वसनीय प्रतिभाओं के साथ आगे की यात्रा के लिए उत्साहित!! रश्मिका ने लिखा, पहला लुक है (दिल की आंखें और आग इमोजी) मुझे यह पसंद है! मैं इसके लिए बहुत उत्साहित हूँ!! कुबेर और इसके फर्स्ट लुक पोस्टर में भगवान शिव और पार्वती हैं..आशीर्वाद के साथ शुरुआत और इससे अधिक की उम्मीद नहीं की जा सकती थी! कुबेर को सबसे अमीर देवता के रूप में जाना जाता है और शेखर की तुलना धनुष से की जाती है, जिसके चेहरे पर मुस्कान है, लेकिन वह मैला दिखता है, लंबे बाल और दाढ़ी के साथ, फटे हुए कपड़े पहने हुए है। उनके पीछे की दीवार पर भगवान शिव की देवी अन्नपूर्णा से भिक्षा लेते हुए एक तस्वीर लगी हुई है। निर्माताओं ने एक मोशन पोस्टर जारी किया है जिसमें देवी श्री प्रसाद का संगीत है। कुबेर को सोनाली नारंग द्वारा प्रस्तुत किया गया है और सुनील नारंग और पुस्कुर राम मोहन राव द्वारा उनके बैनर श्री वेंकटेश्वर सिनेमाज एलएलपी, एशियन ग्रुप की एक इकाई, एमिगोस क्रिएशन्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से निर्मित किया गया है। निर्माता नागार्जुन, रश्मिका और जिम के लिए चरित्र लुक जारी करेंगे। बाद की तारीखों में. निकेथ बोम्मी फिल्म के छायाकार हैं जबकि रामकृष्ण सब्बानी और मोनिका निगोत्रे प्रोडक्शन डिजाइनर हैं। चैतन्य पिंगली को सह-लेखक के रूप में श्रेय दिया गया है। यह फिल्म धनुष और जिम दोनों की तेलुगु सिनेमा में पहली फिल्म है। यह फिल्म जनवरी में लॉन्च हुई थी और यह तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी में भी रिलीज होगी। शेखर की पिछली फिल्में फिदा और लव स्टोरी जबरदस्त हिट रही थीं, इसलिए इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। धनुष को आखिरी बार कैप्टन मिलर में देखा गया था, जिसमें प्रियंका मोहन, शिव राजकुमार और संदीप किशन भी थे। वह रायन के साथ निर्देशन में भी वापसी कर रहे हैं, जिसमें उनके अलावा संदीप, कालिदास जयराम, निथ्या मेनन, एसजे सूर्या और वरलक्ष्मी सरथकुमार हैं। आखिरी बार संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल में नजर आईं रश्मिका जल्द ही सुकुमार की पुष्पा- द रूल में श्रीवल्ली की अपनी भूमिका को दोहराने के अलावा, रेनबो, तेलुगु में द गर्लफ्रेंड और हिंदी में चावा में दिखाई देंगी।





**सहजन या ड्रम्स्टिक कुल के पौधे के बारे हम सभी जानते हैं की इसे सीजना, सुरजना, शोभाजन, इंडियन हार्सरैडिश आदि नामों से जानते हैं लेकिन इनके औषधीय गुणों के बारे मे बहुत कम ही लोग जानते हैं इसके जड़, पते, छाल और फलियों आदि भाग किसी न किसी रूप मे उपयोग लेते हैं**

# सहजन एक जादुई पौधा

## पेड

इनके सभी भागों मे औषधीय गुण बहुत अधिक मात्रा मे होते हैं इसके पते एवं फलिया शरीर को ऊर्जा देने के साथ साथ शरीर मे विटामिन,खनिज एवं पोषक तत्व प्रदान करते हैं और शरीर मे उपस्थित हानिकारक या विषैले तत्वों को निकालने का काम करते हैं सहजन भारत,पाकिस्तान,बांग्लादेश और अफगानिस्तान की मूल वानस्पतिक पौधा हैं !

सहजन हमे संतरा से 7 गुना विटामिन सी ओर गाजर से 10 गुना विटामिन ए और दुध से 17 गुना कैल्सीयम तथा योगर्ट से 9 गुना अधिक प्रोटीन और केला से 15 गुना अधिक पोटेशियम तथा पालक से 25 गुना अधिक लौह तत्व की पूर्ति करते हैं !

## सहजन के औषधीय महत्व



सहजन के पौधे के सभी भागों से आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं सहजन का पौधा आवश्यक पोषक तत्वों का खजाना हैं सहजन की पत्तियों से आयरन, कैल्सीयम, पोटेशियम, जिंक, कॉपर तथा विटामिन जैसे विटामिन ए, विटामिन बी, विटामिन सी और विटामिन डी उपस्थित होते हैं!

सहजन की फलियों मे अमीनो ऐसिड होता हैं तथा ये पाचन समस्याओ और पेट के कैंसर को खत्म करने मे भी सहायक हैं, सहजन की पत्तियों,फूल और बीजों मे काफी मात्रा मे एंटी-ऑक्सीडेंट होते हैं तथा ये एंटी-ऑक्सीडेंट शरीर मे रैडीओऐक्टिव कारकों को कम कर कैंसर और जोड़ों के दर्द जैसे गंभीर रोगों से बचाव करते हैं तथा ये रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढाता हैं !

## पौधे लगाने के लिए मिट्टी एवं जलवायु कीआवश्यकता

सहजन उष्ण एवं उपोष्ण जलवायु का पौधा हैं इसको उगाने के लिए 25-35एष्ट तापमान की आवश्यकता होती हैं तथा इसके लिए दोमट तथा हल्की लवणीय मिट्टी उपयुक्त होती हैं सहजन के बीज उगने मे 5-12 दिन का समय लेते हैं, बीज को 2 ष्द्ध गहराई मे बोते हैं तथा इन्हे प्लास्टिक की थैलियों मे लगाते हैं और जब ये 30 ष्द्ध का हो जाए तब इन्हे जहां पौधे लगाने हैं वहा पर रोपाण कर देते हैं !

## पौधे के उपयोगी भाग

सहजन वृक्ष का हर भाग उपयोगी है। इसके बीज, पत्तियां, छाल, जड़, फूल, व फलिया सभी का कुछ ना कुछ प्रयोग होता है

## बीज

सहजन के बीजों मे लेनोलेक ऐसिड, फाइटोकेमिकल्स,रैसा, प्रोटीन, खनिज, विटामिन ए, बी और सी तथा अमीनो ऐसिड उपस्थित होते हैं तथा इसमे एंटी-माइक्रोबियल गुण होते हैं जो हाइपोथायराडीजम, जोड़ों के दर्द,और दिल की बीमारियों को कम करता हैं तथा कॉलेस्टरल तथा ब्लड शुगर के स्तर को भी कम करता हैं ,

प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत करता हैं तथा इसके बीजों को पीसकर पानी मे मिलाया जाता हैं जो पानी के साथ घुलकर यह एक प्रभावी प्राकृतिक क्लोरो-फीकेसन एजेंट बन जाता हैं जो बैक्टेरियल रोगों के निदान मे सहायक होते हैं सहजन के बीजों से तेल निकालकर इससे त्वचा के

## पत्तियां

सहजन की पत्तियों मे कार्बोहाइड्रैट,प्रोटीन,आयरन, पोटेशियम,मेग्नेसीयम और विटामिन प्रचुर मात्रा मे उपस्थित होते हैं

सहजन मे शुगर के स्तरको संतुलित रखने की क्षमता होती हैं जो डायबीटीज से लड़ने मे मदद करती हैं !

सहजन की पत्तियों का काढ़ागठिया,सायटिका,पक्षापात मे शिघ्र लाभ देता हैं !

इसकी पत्तियों को पीसकर लगाने से घाव, सूजन ठीक हो जाते हैं !

इसकी पत्तियों के सेवन से उच्च रक्त चाप मे लाभ होता हैं !

सहजन की पत्तियों का लगातार सेवन करने से आँखों की रोशनी बढ़ती हैं क्योंकि इसमे विटामिन ए प्रचुर मात्रा मे पाया जाता हैं !

## फलियाँ

सहजन की फलियों की सब्जी बनाई जाती हैं इसके खाने से पुराने गठिया ,जोड़ों के दर्द,वात रोगों मे लाभ होता हैं !

सहजन की सब्जी खाने से गुर्दे व मूत्राशय की पत्थरी कटकर निकल जाती हैं!

सहजन की फलियों मे बहुत अधिक मात्रा मे विटामिन सी उपस्थित होता है!

सहजन के बीजों फलियों तथा इसकी पत्तियों के अलावा इसकी जड़,छाल,तथा इसके फूल का भी औषधीय रूप मे उपयोग लिया जाता हैं !

## सहजन की फलियां

### सहजन का प्रसंस्करण

सहजनका प्रसंस्करण करकेइसेलंबे समय तकउपयोग मे लियाजा सकता है!

## बीजों का चूरन

बीजों को अच्छी तरह सुखाकर इसे पीसकर तैयार किया जाता हैं!

सहजन की पत्तियों का पाउडर -

सहजन की ताजा पत्तिया तोड़कर इन्हे 1-2 दिन धूप मे सुखा लिया जाता हैं और अच्छी तरह सुख जाने के बाद मे इन पत्तियों को पीस लिया जाता हैं इसके बाद इस पाउडर को साधारण तापमान पर 6 महीने तक भंडारित किया जा सकता हैं !



# मूंगफली की खेती

**मूंगफल में तेल 45 से 55 प्रतिशत, प्रोटीन 28 से 30 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट 21-25 प्रतिशत, विटामिन बी समूह, विटामिन-सी, कैल्शियम, मैग्नेशियम, जिंक फॉस्फोरस, पोटाश जैसे मानव शरीर को स्वस्थ रखनें वाले खनिज तत्व प्रचुर मात्रा में पाये जाते है।**



## मृदा एवं भूमि की तैयारी

मूंगफली की खेती विभिन्न प्रकार की मृदाओं में की जा सकती है फिर भी इसकी अच्छी तैयारी हेतु जल निकास वाली कैल्शियम एवं जैव पदार्थो से युक्त बलुई दोमट मृदा उत्तम होती है। मृदा का पीएच मान 6.0 से 8.0 उपयुक्त रहता है। मई के महीने में खेत की एक जुताई मिट्टी पलटनें वाले हल से करके 2-3 बार हैरो चलावें जिससे मिट्टी भुरभुरी हो जावें। इसके बाद पाटा चलाकर खेत को समतल करें जिससे नमी संचित रहें। खेत की आखिरी तैयारी के समय 2.5 क्विंटल प्रति हैक्टेयर की दर से जिप्सम का उपयोग करना चाहिए।

## भूमि उपचार

मूंगफली फसल में मुख्यतः सफेद लट एंव दीमक का प्रकोप होता है। इसलिए भूमि में आखरी जुताई के समय फोरेट 10 जी या कार्बोफ्यूरान 3 जी से 20-25 किलोग्राम प्रति हैक्टेयर की दर से उपचारित करते है। दीमक का प्रकोप कम करने के लिये खेत की पूरी सफाई जैसे पूर्व फसलो के डण्ठल आदि को खेत से हटाना चाहिए और कच्ची गोबर की खाद खेत में नहीं डालना चाहिए। जिन क्षेत्रों में उकठा रोग की समस्या हो वहाँ 50 कि.ग्रा. सड़े गोबर में 2 कि.ग्रा. ट्राइकोडर्मा जैविक फफूंदनाशी को मिलाकर अंतिम जुताई के समय प्रति हैक्टेयर की दर से भूमि में मिला देना चाहिए।

## खाद एवं उर्वरक प्रबंधन

मिट्टी परीक्षण के आधार पर की गयी सिफारिशों के अनुसार ही खाद एवं उर्वरकों की मात्रा सुनिश्चित की जानी चाहिए। मूंगफली की अच्छी फसल के लिये 5 टन अच्छी तरह सड़ी गोबर की खाद प्रति हैक्टर की दर से खेत की तैयारी के समय मिट्टी में मिला देनी चाहिए। उर्वरक के रूप में 20¬60¬20 कि.ग्रा./है. नत्रजन, फॉस्फोरस व पोटाश का प्रयोग आधार खाद के रूप में करना चाहिए।

मूंगफली में गंधक का विशेष महत्व है अतः गंधक पूर्ति का सस्ता स्त्रोत जिप्सम है। जिप्सम की 250 कि.ग्रा. मात्रा प्रति हैक्टर की दर से प्रयोग बुवाई से पूर्व आखरी तैयारी के समय प्रयोग करें। मूंगफली के लिये 5 टन गोबर की खाद के साथ 20¬60¬20 कि.ग्रा./हैक्टर नत्रजन,फॉस्फोरस व पोटाश के साथ 25 कि.ग्रा./हैक्टर जिंक सल्फेट का प्रयोग आधार खाद के रूप में प्रयोग करने से उपज में 22 प्रतिशत वृद्धि प्रक्षेत्र परीक्षण व अग्रिम पंक्ति प्रदर्शनों में पायी गयी है।

## बीजदर

मूंगफली की गुच्छेदार प्रजातियों का 100 कि.ग्रा. एवं फैलने व अर्द्ध फैलने वाली प्रजातियों का 80 कि.ग्रा. बीज (दाने) प्रति हैक्टर प्रयोग उत्तम पाया गया है।

## बीजोपचार

बीजोपचार कार्बोक्सिन 37.5 प्रतिशत + थाइरम 37.5 प्रतिशत की 2.5 ग्राम/कि.ग्रा. बीज की दर से या 1 ग्रा. कार्बेन्डाजिम + ट्राइकार्डमा विरिडी 4 ग्रा./कि.ग्रा. बीज को उपचार करना चाहिए। बुवाई पहले राइजोबियम एवं फास्फोरस घोलक जीवाणु (पी.एस.बी.) से 5-10 ग्रा./कि.ग्रा. बीज के मान से उपचार करें। जैव उर्वरकों से उपचार करने से मूंगफली में 15-20 प्रतिशत की उपज बढ़ोत्तरी की जा सकती है।

## बुवाई एवं बुवाई की विधि

मूंगफली की बुवाई जून के द्वितीय सप्ताह से जुलाई के प्रथम सप्ताह में की जाती है। झुमका किस्म के लिए कतार से कतार की दूरी 30 से.मी. और पौधे से पौधे की दूरी 10 से.मी. रखना चाहिए। विस्तार और अर्धविस्तारी किस्मों के लिए कतार से कतार की दूरी 45 से.मी. एवं पौधे से पौधे की दूरी 15 सें.मी. रखना चाहिए। बीज की गहराई 3 से 5 से.मी. रखनी चाहिए।

फसल की बोनी को रेज्ड/ब्रोड-बेड पद्धति से किया जाना लाभप्रद रहता है। बीज की बुवाई ब्रोड बेंड पद्धति से करने पर उपज का अच्छा प्रभाव पड़ता है। इस पद्धति में मूंगफली की 5 कतारों के बाद एक कतार खाली छोड़ देते है। इससे भूमि में नमीं का संचय, जलनिकास, खरपतवारों का नियंत्रण व फसल की देखरेख सही हो जाने के कारण उपज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

## उन्नत किस्में

| किस्म | अवधि (दिन) | उपज (क्विं/हैक्टर) | विमोचन वर्ष |
|---|---|---|---|
| जे.जी.एन.-3 | 100-105 | 15-20 | 1999 |
| जे.जी.एन.-23 | 90-95 | 15-20 | 2009 |
| टी.जी.- 37ए. | 100-105 | 18-20 | 2004 |
| जे.एल.- 501 | 105-110 | 20-25 | 2010 |
| जी.जी.-20 | 100-110 | 20-25 | 1992 |

## निराई-गुड़ाई एवं खरपतवार नियंत्रण

मूंगफली की अच्छी पैदावार लेने के लिये कम से कम एक निराई-गुड़ाई अवश्य करें। इससे जड़ों का फैलाव अच्छा होता है, साथ ही भूमि में वायु संचार भी बढ़ता है। और मिट्टी चढ़ाने का कार्य स्वतः हो जाता है, जिससे उत्पादन बढ़ता है। यह कार्य कोल्पा या हस्तचलित व्हील हो से करना चाहिए।

रसायनिक विधि से खरपतवार नियंत्रण हेतु पेण्डीमिथेलीन 38.7 प्रतिशत 750 ग्रा. सक्रिय तत्व प्रति हेक्टर की दर से बुवाई के 3 दिन के अंदर प्रयोग कर सकते है या खडी फसल में इमेजाथापर 100 मि.ली. सक्रिय तत्व को 400-500 लीटर पानी में घोल बनाकर बोनी के 15-20 दिन बाद प्रयोग कर सकते हैं। साथ ही एक निराई-गुड़ाई बुवाई के 30-35 दिन बाद अवश्य करें जो तंतु (पेगिंग) प्रक्रिया में लाभकारी होती है।

## सिंचाई प्रबंधन

मूंगफली वर्षा आधारित फसल है अतः सिंचाई की कोई विशेष आवश्यकता नहीं होती है। मूंगफली की फसल में 4 वृद्धि अवस्थाऐं क्रमशः प्रारंभिक वानस्पतिक वृद्धि अवस्था, फूल बनना, अधिकीलन (पैगिंग) व फली बनने की अवस्था सिंचाई के प्रति अति संवेदनशील है। खेत में अवश्यकता से अधिक जल को तुरंत बाहर निकाल देना चाहिए अन्यथा वृद्धि व उपज पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।



## कीटों की रोकथाम

सफेद लट, बिहार रोमिल इल्ली, मूंगफली का माहू व दीमक प्रमुख है। सफेद लट की समस्या वाले क्षेत्रों में बुवाई के पूर्व फोरेट 10 जी या कार्बोयुरान 3 जी 20-25 कि.ग्रा/हैक्टर की दर से खेत में डालें।

दीमक के प्रकोप को रोकने के लिये क्लोरोपायरीफॉस दवा की 3 लीटर मात्रा को प्रति हैक्टर दर से प्रयोग करें।

रस चूसक कीटों (माहू, थ्रिप्स व सफेद मक्खी) के नियंत्रण के लिए इमिडाक्लोप्रिड 0.5 मि.ली./प्रति लीटर या डायमिथोएट 30 ई.सी. का 2 मि.ली./ली. के मान से 500 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रयोग करें।

पत्ती सुरंगक कीट के नियंत्रण हेतु क्यूनॉलफॉस 25 ई.सी. का 1 लीटर/हैक्टर का 500 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करना चाहिए।

## रोगों की रोकथाम

मूंगफली में प्रमुख रूप से टिक्का, कॉलर और तना गलन और रोजेट रोग का प्रकोप होता है। टिक्का के लक्षण दिखते ही इसकी रोकथाम के लिए डायथेन एम-45 का 2 ग्रा./लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करना चाहिए। छिड़काव 10-12 दिन के अंतर पर पुनः करें।

रोजेट वायरस जनित रोग हैं, इसके फैलाव को रोकने के लिए फसल पर इमिडाक्लोप्रिड 0.5 मि.ली./लीटर पानी के मान से घोल बनाकर छिड़काव करना चाहिए।

## खुदाई एवं भण्डारण

जब पौधों की पत्तियों का रंग पीला पड़ने लगे और फलियों के अंदर का टेनिन का रंग उड़ जाये तथा बीज खोल रंगीन हो जाये तो खेत में हल्की सिंचाई कर खुदाई कर लें और पौधों से फलियाँ को अलग कर लें। मूंगफली खुदाई में श्रमह्रास कम करने के लिए यांत्रिक ग्राउण्डनट डिगर उपयोगी है।मूंगफली में उचित भंडारण और अंकुरण क्षमता बनाये रखने के लिए खुदाई पश्चात् सावधानीपूर्वक सुखाना चाहिए। भंडारण के पूर्व पके हुये दानों में नमीं की मात्रा 8 से 10त्न से अधिक नहीं होना चाहिए। अन्यथा नमीं अधिक होने पर मूंगफली में एस्परजिलस प्लेक्स फफूंद द्वारा एफलाटाक्सिन नामक विषैला तत्व पैदा हो जाता है जो मानव व पशु के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। यदि मूंगफली को तेज धूप में सुखाये तो अंकुरण क्षमता का ह्रास होता है।

## अंकुरण क्षमता को बनाये रखने के लिए

उपयुक्त नमीं होने पर ही मूंगफली को जमीन से निकाले।

मूंगफली को भूमि से उखाड़ने के बाद इसके पौधों को उल्टा करके, छोटे-छोटे गठ्ठर बनाकर फलियाँ हमेंशा धूप की तरफ होना चाहिए।

पूर्णतया सूखी फलियों को हवादार स्थान में भण्डारित करना चाहिए। जहाँ पर नमीं ग्रहण नहीं कर सकें या फिर प्रत्येक बोरे में कैल्शियम क्लोराइड़ 300 ग्राम प्रति 40 कि.ग्रा. बीज की दर से भंडारण करें।

भण्डारण के समय हानि पहुँचाने वाले कीट पतंगो से सुरक्षा रखें, जिससे भण्डारण के समय फलियाँ खराब नहीं हो।

## संक्षिप्त समाचार

### अब तक नहीं हुई रूस के सरकारी हैकरों की खोज, माइक्रोसॉफ्ट के ईमेल खातों में लगाई थी सेंध

**बोस्टन, एजेंसी।** साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट की यह स्वीकारोक्ति कि क्लाउड कम्प्यूटिंग कंपनी, रूसी एसवीआर की हैकिंग को नियंत्रित नहीं कर सकी, कई और खतरों को उजागर करती है। इनके दायरे में सरकार और व्यापार की भारी निर्भरता पर मंडरा रहे खतरे शामिल हैं। रूस के हैकरों ने नवंबर में माइक्रोसॉफ्ट के जिन ईमेल खातों में सेंध लगाई थी, उनके बारे में कंपनी को अब तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। माइक्रोसॉफ्ट ने कहा, वह चोरी किए गए डाटा के साथ ग्राहक नेटवर्क में सेंध लगाने वाले रूस के सरकारी हैकरों का पता लगाने की अब भी कोशिश ही कर रहे हैं। इसी प्रकार क्लाउड-कम्प्यूटिंग कंपनी हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज भी जनवरी में हैकिंग का शिकार हुई। सॉफ्टवेयर दिग्गज ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि रूस की एसवीआर विदेशी खुफिया सेवा के हैकरों ने घुसपैठ में हासिल डाटा का इस्तेमाल आंतरिक सिस्टम के लिए किया है। कंपनी के प्रवक्ता ने यह नहीं बताया कि किस स्रोत कोड तक हैकरों ने पहुंच बनाई। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट की यह स्वीकारोक्ति कि क्लाउड कम्प्यूटिंग कंपनी, रूसी एसवीआर की हैकिंग को नियंत्रित नहीं कर सकी, कई और खतरों को उजागर करती है। इनके दायरे में सरकार और व्यापार की भारी निर्भरता पर मंडरा रहे खतरे शामिल हैं।

### अमेरिका के न्यूयॉर्क में लापता हुई भारतीय युवती, बाइपोलर डिसऑर्डर से है पीड़ित

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** अमेरिका में बाइपोलर डिसऑर्डर से पीड़ित भारतीय युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि 25 वर्षीय एक भारतीय युवती न्यूयॉर्क शहर में लापता हो गई है और पुलिस उसे खोजने में मदद के लिए लोगों से जानकारी मांग रही है। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, युवती का नाम फेरिन खोजा है। उसे आखिरी बार 1 मार्च को रात करीब 11 बजे क्वींस स्थित अपने आवास से निकलते देखा गया था। न्यूयॉर्क सिटी पुलिस विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, वह अंतिम बार अपने घर से निकलती हुई दिखाई दी थी। उसे आखिरी बार ऑलिव ग्रीन कलर की जैकेट, ग्रीन स्वेटर और ब्लू जींस में देखा गया था। पुलिस ने बताया कि फेरिन खोजा बाइपोलर डिसऑर्डर से पीड़ित है। वहीं, पुलिस विभाग ने कहा कि लापता युवती की तलाश के लिए लोगों से मदद मांगी जा रही है। साथ ही उसकी तस्वीरों को जगह-जगह पर चस्पा भी किया गया है। इसके अलावा पुलिस ने न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास को मामले के बारे में सूचित कर दिया है।

### पाक राष्ट्रपति के रूप में जरदारी का संभावित चुनाव संविधान का उल्लंघन

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के चेयरमैन बैरिस्टर गौहर अली खान ने शनिवार को कहा कि आसिफ अली जरदारी का देश के राष्ट्रपति के रूप में संभावित चुनाव संविधान का उल्लंघन है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, गौहर अली खान ने इस्लामाबाद में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा, असंवैधानिक तरीके से संवैधानिक भूमिका निभाना संविधान का उल्लंघन है। पीपीपी और पीएमएल-एन पर परोक्ष हमला करते हुए उन्होंने कहा कि पहले दो परिवारों का देश के संसाधनों पर नियंत्रण हुआ करता था और अब, ये दो परिवार देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं पर भी नियंत्रण कर रहे हैं। इससे पहले, नेशनल असेंबली के पीटीआई सदस्य अमीर डोगर ने कहा कि आसिफ अली जरदारी को आज देश पर थोपा जा रहा है। अमीर डोगर ने पार्टी के एक्स हैंडल पर पोस्ट किया, जिन्होंने हमारा जनादेश चुराया है, वे भ्रष्ट हैं। उनके सबसे बड़े राजा आसिफ अली जरदारी को आज इस देश पर थोपा जा रहा है। पाकिस्तान में राष्ट्रपति पद के लिए पीपीपी और पीएमएल-एन के संयुक्त उम्मीदवार आसिफ अली जरदारी और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के उम्मीदवार महमूद खान अचकजई मैदान में हैं।

# वर्जीनिया की सीनेट में भारतवंशी पत्रकार का सम्मान, काम की सराहना करते हुए सर्वसम्मति से पारित हुआ प्रस्ताव

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
भारतीय-अमेरिकी पत्रकार टी विष्णुदत्त जयरामन एक बार फिर सुर्खियों में हैं। दरअसल, वर्जीनिया के सदन ने जयरामन के पत्रकारिता और विदेश नीति के प्रति समर्पण के लिए उनके काम की सराहना करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है। यह प्रस्ताव भारतीय अमेरिकी सांसद सुहास सुब्रमण्यम ने चार मार्च को पेश किया था। बता दें, सुब्रमण्यम वर्जीनिया के 10वें कांग्रेस निर्वाचन क्षेत्र से अमेरिकी कांग्रेस के डेमोक्रेटिक उम्मीदवार भी हैं। बाद में आठ मार्च को सदन ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर दिया।



सीनेट में जयरामन का परिचय देते हुए सुब्रमण्यम ने पत्रकारिता और विदेश नीति के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। साथ ही उन्हें सामाजिक परिवर्तन के लिए प्रतिष्ठित अशोक पुरस्कार प्राप्त करने वाले पत्रकार के रूप में संदर्भित किया। सुब्रमण्यम ने कहा कि जयरामन को 27 जनवरी को अमेरिका में तत्कालीन भारतीय राजदूत तरणजीत संधू और वर्जीनिया के लेफ्टिनेंट गवर्नर एवं सदन के अध्यक्ष विनसम सियर्स ने भारतीय प्रवासियों के लिए मीडिया कवरेज करने और अमेरिका-भारत संबंधों को बढ़ावा देने के लिए विशिष्ट सेवा पुरस्कार प्रदान किया था। अरुणाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल एवं भारतीय सेना के 22वें सेनाध्यक्ष जनरल जे.जे. सिंह और भारत के पूर्व गृह एवं पर्यटन मंत्री सुबोध कांत सहाय ने जयरामन को पिछले साल सात दिसंबर को नई दिल्ली में अशोक पुरस्कार दिया था। तमिलनाडु के चेन्नई में जन्मे जयारमन को जे. टी. विष्णु के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने अमेरिका जाने से पहले नई दिल्ली में कई मीडिया हाउसों के साथ काम किया था। उन्होंने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में सार्वजनिक सूचना विभाग में भी काम किया और 'यूएन इयरबुक' और 'यूएन क्रॉनिकल' सहित कई प्रकाशनों में योगदान दिया।

जयरामन ने चेन्नई के लोयोला कॉलेज से स्नातक की डिग्री हासिल की है। उनके पास पत्रकारिता और जनसंचार में परास्नातक डिग्री है। मद्रास विश्वविद्यालय से अंतर्राष्ट्रीय प्रशासन और संयुक्त राष्ट्र में पीएचडी की हुई है। उनके पास न्यू जर्सी के सेटन हॉल विश्वविद्यालय से कूटनीति और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में परास्नातक की डिग्री भी है।

## हैती में गृहयुद्ध से बढ़ी आम लोगों की मुश्किलें, घरों में हुए कैद; हजारों बच्चे भी विस्थापित

**पोर्ट औ प्रिंस , एजेंसी।**
कैरिबियाई देश हैती में हालात लगातार बिगड़ते ही जा रहे हैं। सशस्त्र गिरोहों द्वारा हैती की राजधानी में राष्ट्रपति भवन और पुलिस मुख्यालय सहित कई सरकारी इमारतों को निशाना बनाया गया है। हालांकि, सशस्त्र हमलावरों द्वारा सरकारी इमारतों को निशाना बनाने के बाद संयुक्त राष्ट्र समूह ने शहर की घेराबंदी की चेतावनी दी है। समाचार एजेंसी एएफपी के अनुसार, दर्जनों लोगों ने अपनी सुरक्षा को लेकर गुहार लगाई है। इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन ने शनिवार को कहा कि अशांति के कारण 362,000 लोग विस्थापित हुए हैं, जिनमें बच्चे और बुजुर्ग शामिल हैं। हैती में इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन के प्रमुख फिलिप ब्रांचट ने एक बयान में कहा कि यहां के लोग डर में जी रहे हैं और हर दिन, हर घंटे यह स्थिति बनी रहती है। उन्हें डर है कि यहां हालात और बदतर न हो जाएं। उन्होंने कहा कि राजधानी में रहने वाले लोग घरों में कैद होकर रह गए हैं। वह कहीं जा नही सकते हैं। हैती की राजधानी सशस्त्र गिरोहों से घिरी हुई है। जो एक तरह की घेराबंदी है। वहीं, हाईटियन पुलिस यूनियन के लियोनेल लाजारे ने कहा कि पुलिस ने शुक्रवार रात को राष्ट्रपति भवन सहित गिरोह के हमलों को नाकाम कर दिया और साथ ही पुलिस की कार्रवाई में सशस्त्र समूहों के कई लोगों की मौत हुई है। समाचार एजेंसी एएफपी के अनुसार, हिंसा के कारण गृह मंत्रालय के बाहर और आसपास की सड़कों पर जले हुए वाहन अभी भी सुलग रहे हैं।



## जिनपिंग ने जरदारी को पाकिस्तान का 14वां राष्ट्रपति बनने पर दी बधाई, कहा- ''फौलाद जैसी मित्रता इतिहास की पसंद

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पाकिस्तान का राष्ट्रपति चुने जाने पर आसिफ अली जरदारी को रविवार को बधाई देते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच ''फौलाद जैसी मित्रता इतिहास की पसंद है और विश्व में मौजूदा बदलाव के मद्देनजर इन संबंधों का ''रणनीतिक महत्व और बढ़ गया है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के सह-अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी शनिवार को देश के 14वें राष्ट्रपति चुने गए और देश में दूसरी बार इस पद पर पहुंचने वाले पहले असैन्य व्यक्ति हैं। इससे पहले, वह 2008 से 2013 तक इस पद रहे थे। जरदारी(68) पीपीपी और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के संयुक्त उम्मीदवार थे। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ के अनुसार, शी ने जरदारी को भेजे अपने संदेश में कहा, ''चीन और पाकिस्तान अच्छे पड़ोसी, अच्छे दोस्त, अच्छे साझेदार और अच्छे भाई हैं। दोनों देशों की फौलाद जैसी दोस्ती इतिहास की पसंद और दोनों के लिए एक अनमोल खजाना है। उन्होंने कहा, ''दोनों देशों ने हाल के वर्षों में करीबी उच्च स्तरीय आदान-प्रदान बनाए रखा है, अपने मूल हितों और प्रमुख चिंताओं से जुड़े मुद्दों पर एक-दूसरे का समर्थन किया है, चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के निर्माण में सार्थक परिणाम प्राप्त किए हैं और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत किया है। भारत ने चीन के शिनजियांग को बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह से जोड़ने वाले 60 अरब अमेरिकी डॉलर के सीपीईसी को लेकर आपत्ति जताई है क्योंकि यह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से होकर गुजर रहा है। शी ने अपने संदेश में कहा कि चूंकि दुनिया तेजी से हो रहे ऐसे परिवर्तनों से गुजर रही है, जो पहले कभी नहीं देखे गए, ऐसे में चीन-पाकिस्तान संबंधों का रणनीतिक महत्व और अधिक बढ़ गया है।

## रमजान शुरू होने से पहले पाकिस्तान में बढ़ने लगे खाद्य पदार्थों के दाम, दो से तीन गुना तक बढ़ी कीमत



**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
मुसलमानों का पवित्र महीना रमजान शुरू होने वाला है। पाकिस्तान में पहले से ही सब्जियों, दूध, चीनी, खाद्य तेल, घी, मांस, अंडे और दालों की कीमतों में दो से तीन गुना तक बढ़ोतरी देखने को मिली है। अब रमजान के लिए पाकिस्तान के लोग खुद को आवश्यक वस्तुओं की बढ़ोतरी के लिए तैयार कर रहे हैं।

कुछ भ्रष्ट व्यापारियों द्वारा जल्दी पैसा कमाने की कोशिश के कारण देश भर में सभी वस्तुओं की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई है। इससे निम्न और मध्यम आय वाले उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रमजान महीने में कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। हाल के महीनों में सामान्य तौर पर 31.5 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है और कई खाद्य पदार्थों की दरों में रमजान से पहले ही 60 फीसदी की वृद्धि देखने को मिली है। प्याज की कीमत 150 पीकेआर (पाकिस्तानी रुपये) से बढ़कर अब 300 रुपये तक हो गई हैं। हालांकि, कुछ विक्रेता इसमें थोड़ी छूट देकर इसे 250 पीकेआर प्रति किलो से बेच रहे हैं। इसके अलावा फल, सब्जियों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भी वृद्धि हुई है। आलू की कीमत 50 पीकेआर से बढ़कर 80 रुपये तक हो चुकी है। वहीं गोभी की कीमतों में भी बढ़ोतरी देखने को मिली। रमजान के कारण गोभी की कीमत 80-100 पीकेआर किलो से बढ़कर 150 पीकेआर हो गई है। हरी मिर्च को यहां 200 पीकेआर के बदले 320 पीकेआर प्रति किलो के हिसाब से बेचा जा रहा है।

## बातचीत करने का साहस रखना होगा, रूस के साथ जारी युद्ध पर यूक्रेन को पोप फ्रांसिस ने दी सलाह

**बर्न, एजेंसी।**
स्विट्जरलैंड में एक साक्षात्कार में पोप फ्रांसिस ने यूक्रेन-रूस संघर्ष पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन सरकार को रूस के साथ बातचीत के माध्यम से चल रहे विवाद को खत्म करने के लिए साहस जुटाना चाहिए। पोप से जब यूक्रेन में जारी लोगों के बीच आत्मसमर्पण और सफेद झंडे को लेकर चल रहे चर्चा के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, यह केवल एक व्याख्या है। लेकिन मुझे लगता है कि सबसे मजबूत वह है जो स्थिति को देखता है। जो लोगों के बारे में सोचता है और सफेद झंडे का साहस रखता है और वह जो बातचीत करता है। उन्होंने आगे कहा, जब आप देखते हैं कि आप हार गए हैं, चीजें ठीक नहीं चल रही है तो आपको बातचीत करने का साहस रखना होगा। बातचीत कभी भी आत्मसमर्पण करने के बारे में नहीं है, बल्कि देश को बचाने के बारे में है।

मध्यस्थता के लिए अन्य देशों की मदद लें-



पोप फ्रांसिस पोप फ्रांसिस ने कहा, आपको शर्म आ सकती है, लेकिन आखिरकार कितनी मौंते हुई है। सही समय पर बातचीत करें और मध्यस्थता के लिए अन्य देशों की मदद लें। बता दें कि रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष को तीन साल हो चुके हैं और कई देश अब इस युद्ध को समाप्त करने में मदद करने के लिए तैयार है। यूक्रेन और उनके पश्चिमी समर्थकों ने इस बात पर जोर दिया कि शांति समझौता केवल कीव की शर्तों पर ही हासिल किया जाना चाहिए। उन्होंने यूक्रेन को हथियार पहुंचाना जारी रखने की कसम खाई है। इस बीच रूस ने बताया कि किसी भी विदेशी सहायता से इस युद्ध का रुख बदल नहीं सकता है। बता दें कि मॉस्को और कीव के बीच 2022 में शांति वार्ता टूट गई थी। दोनों देश एक-दूसरे के सामने अवास्तविक मांग रखने के आरोप लगाए थे।

## अनोखे रिश्ते की कहानी- दूसरे पति ने महिला को पहले बीमार हसबैंड के साथ अपनाया, करता है पूरी देखभाल

**लंदन, एजेंसी।** इन दिनों अनोखे रिश्ते की अनूठी कहानी इंटरनेट पर खूब चर्चा में है। ये कहानी एक ऐसे शख्स की है जो अपनी पत्नी के पहले बीमार पति की जी जान से देखभाल कर रहा है। इतना ही नहीं उसने अपनी पत्नी से वादा किया है, कि अगर उसका पहला पति ठीक हो जाता है, तो वह उन दोनों की जिंदगी से दूर चला जाएगा। 'द सन' की रिपोर्ट के अनुसार, क्रिस आर्मस्ट्रांग और ब्रैंडन स्मिथ हाई स्कूल में मिले थे और 2006 में दोनों ने शादी कर ली। हालांकि शादी के दो साल बाद ही ब्रैंडल का एक भयानक कार एक्सीडेंट हो गया और इनके सिर पर गंभीर चोटें आईं।

अस्पताल में डॉक्टरों ने बताया कि उसका ब्रेन डैड हो चुका है। इस हादसे के कुछ साल बाद क्रिस की जिंदगी में जेम्स आर्मस्ट्रांग आए और उन्होंने क्रिस से शादी करने की बात कही। क्रिस ने कहा कि वह उससे शादी कर सकती है लेकिन एक शर्त पर कि उसका पहला पति ब्रैंडल भी उनके जीवन का हिस्सा होगा। क्रिस ने बताया कि उसने जेम्स को बताया दिया कि मेरा पहला पति आज भी मेरे जीवन का हिस्सा है और मुझे एहसास है कि वो मेरे लिए बहुत कुछ है। लेकिन अगर आप मेरे जीवन का हिस्सा बनना चाहते हैं, तो आपको उसे भी स्वीकार करना होगा। जब जेम्स ने मेरी कहानी सुनी तो बिना झिझक कहा- मैं तैयार हूं। क्रिस ने कहा कि जेम्स उनके पति की पूरी देखभाल करता है और उनका भी ख्याल रखता है।

## गाजा में हो रही नागरिकों की मौत पर भड़के राष्ट्रपति बाइडन, कहा- नेतन्याहू मदद करने के बजाय नुकसान पहुंचा रहे

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** हमास और इस्राइल के बीच पांच माह से अधिक समय से जंग जारी है। युद्ध में अब तक दोनों पक्षों के हजारों लोगों की मौत हो गई है। फिलहाल न तो जंग की रफ्तार कम हो रही है और न ही लोगों की जान की परवाह की जा रही है। इस बीच, अमेरिका ने अपने सहयोगी देश को एक बार फिर युद्ध को लेकर चेताया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का कहना है कि जिस तरह से गाजा पर हमले किए जा रहे हैं वैसे इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इस्राइल की मदद करने से ज्यादा उसे नुकसान पहुंचा रहे हैं।



**अमेरिका दे रहा चेतावनी:** सात अक्तूबर को जब हमास ने इस्राइल पर हमला बोल दिया था, उस समय से अमेरिका इस्राइल के साथ खड़ा हुआ है। हालांकि अब इस्राइल जिस तरह से युद्ध के मैदान में आगे बढ़ रहा है वो उसके सहयोगी देश को पसंद नहीं आ रहा है। अमेरिका लगातार निर्दोष लोगों की जान जाने पर अधिक ध्यान देने के लिए चेता रहा है। बाइडन पिछले कई महीनों से चेतावनी दे रहे हैं कि गाजा में जिस तरह से नागरिकों की जान जा रही है, वैसे में इस्राइल अंतरराष्ट्रीय समर्थन खो सकता है। रिपोर्ट की माने तो तो यह टिप्पणी दोनों नेताओं के बीच तनावपूर्ण संबंधों की ओर इशारा करती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने गाजा में मरने वालों की संख्या को लेकर कहा कि यह आंकड़ा इस्राइल के खिलाफ है। मुझे लगता है कि यह एक बड़ी गलती है। उन्होंने आगे कहा कि गाजा के रफा पर हो रहे संभावित इस्राइली हमले अस्वीकार्य हैं। हालांकि, वह फिर भी इस्राइली नागरिकों को रॉकेट हमलों से बचाने वाले आयरन डोम मिसाइल इंटरसेप्टर जैसे हथियारों को नहीं हटाएंगे। बता दें, रफा में फिलहाल 13 लाख से अधिक लोग शिविरों में रह रहे हैं।

बाइडन से जब रफा को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा, यह अस्वीकार्य है, लेकिन मैं इस्राइल का साथ नहीं छोड़ने वाला हूं।

# चीनी हैकिंग उद्योग में घिनौनी चालबाजी का खुलासा

### पर्दे के पीछे चल रहा शराब और सेक्स का खेल

**बीजिंग, एजेंसी।**
पिछले महीने चीन सरकार और पुलिस से जुड़े एक निजी ठेकेदार के आंतरिक दस्तावेजों के बेहद असामान्य लीक से चीन के हैकिंग उद्योग में पर्दे के पीछे होने वाली घिनौनी चालबाजी और लेन-देन का चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। दस्तावेज़ों से पता चलता है कि चीन का हैकिंग उद्योग संदिग्ध व्यावसायिक प्रथाओं, वेतन और काम की गुणवत्ता पर असंतोष और खराब सुरक्षा प्रोटोकॉल से ग्रस्त है। निजी हैकिंग ठेकेदार ऐसी कंपनियां हैं जो चीनी अधिकारियों को बेचने के लिए दूसरे देशों से डेटा चुराती हैं। पिछले दो दशकों में, चीनी राज्य सुरक्षा की विदेशी खुफिया जानकारी की मांग बढ़ गई है, जिससे इन निजी हैकर्स-फॉर-हायर कंपनियों के एक विशाल नेटवर्क को बढ़ावा मिला है और चीन के बाहर सैकड़ों सिस्टमों में इन्होंने घुसपैठ की है।

हालाँकि इन हैकिंग ठेकेदारों का अस्तित्व चीन में एक खुला रहस्य है, लेकिन वे कैसे काम करते हैं, इसके बारे में बहुत कम जानकारी थी। लेकिन आई-सून नामक फर्म से लीक हुए दस्तावेज़ों ने पर्दा हटा दिया है, जिससे एक गंदे, विशाल उद्योग का पता चलता है जहां पैसे कमाने की चाहत में नियमों को अस्पष्ट और खराब तरीके से लागू किया जाता है। लीक हुए चैट रिकॉर्ड से पता चलता है कि आई-सून के अधिकारी भव्य रात्रिभोज और देर रात तक अत्यधिक शराब पीने के लिए अधिकारियों को लुभाते हैं। वे सरकारी ठेकों के लिए बोली लगाने में हेराफेरी करने के लिए प्रतिस्पर्धियों के साथ सांठगांठ करते हैं। वे उन संपर्कों को परिचय शुल्क के रूप में हजारों डॉलर का भुगतान करते हैं जो उनके लिए आकर्षक परियोजनाएं लाते हैं। आई-सून ने दस्तावेज़ों पर कोई टिप्पणी नहीं की है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस वाक्य के जरिए घिनौनी चालबाजी का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है - होटल विशाल था। यह ऊंचे



दर्जे का था। इसमें एक कराओके बार था। चीनी हैकिंग कंपनी के सीईओ ने सोचा कि यह सरकारी अधिकारियों के पक्ष में चंद्र नववर्ष भोज आयोजित करने के लिए एकदम सही जगह है। उनके शीर्ष डिप्टी ने कहा, बस एक कमी थी। वहां कौन जाएगा? डिप्टी ने लिखा. लड़कियाँ बहुत बदसूरत हैं। रिपोर्ट के अनुसार हालांकि ऐसा और भी बहुत कुछ है जो बताया नहीं जा सकता । मेई डैनोव्स्की, एक साइबर सुरक्षा विश्लेषक, जिन्होंने अपने ब्लॉग, नट्टो थॉट्स पर आई-सून के बारे में लिखा था, ने कहा कि दस्तावेज़ दिखाते हैं कि चीन के हैकर्स चीन में किसी भी अन्य उद्योग की तरह ही काम करते हैं। डानोव्स्की ने कहा यह लाभ-प्रेरित है,। यह चीन की व्यावसायिक संस्कृति के अधीन है कि आप किसे जानते हैं, आप किसके साथ भोजन और शराब पीते हैं, और आप किसके मित्र हैं। चीन का हैकिंग उद्योग देश की शुरुआती हैकर संस्कृति से उभरा, जो पहली बार 1990 के दशक में सामने आया जब नागरिकों ने कंप्यूटर खरीदे और ऑनलाइन हो गए। आई-सून के संस्थापक और सीईओ वू हाइबो उनमें से एक थे। वू चीन के पहले हैक्टिविस्ट समूह, ग्रीन आर्मी का सदस्य एक समूह जिसे एक प्रसिद्ध चीनी सैन्य स्कूल के बाद अनौपचारिक रूप से व्हामपोआ अकादमी के रूप में जाना जाता था। वू और कुछ अन्य हैकरों ने खुद को रेड हैकर घोषित करके खुद को देशभक्त प्रतिष्ठित किया और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी को अपनी सेवाएं प्रदान कीं, जो कि कई कोडर्स के बीच लोकप्रिय फ्रीव्हीलिंग, अराजकतावादी और स्थापना-विरोधी लोकाचार के विपरीत था।

## बीबीसी की खालिस्तान समर्थक सिख एंकर के खिलाफ की गई शिकायत

**लंदन, एजेंसी।** प्रवासी भारतीय समुदाय के कई सदस्यों ने हाल में एशियाई नेटवर्क में शामिल हुई एक ब्रिटिश सिख प्रस्तोता के कथित ''खालिस्तान समर्थक अलगाववादी विचारों को लेकर चिंता व्यक्त की है और बीबीसी से शिकायत की है। लेखिका और शिक्षिका, जसप्रीत कौर ने इस महीने की शुरुआत में ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन के 'एशियन नेटवर्क चिल में काम शुरू किया था। सार्वजनिक प्रसारक में अपनी नई भूमिका की घोषणा करते हुए कौर ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा था, ''शांत रहने के लिए समय निकालना, चाहे आपके लिए इसका जो भी मतलब हो, बहुत महत्वपूर्ण है।

कौर के इस बयान के तुरंत बाद, सोशल मीडिया पर कुछ साल पुरानी उनकी पोस्ट प्रवासी भारतीयों के बीच प्रसारित होने लगी। प्रवासी भारतीयों ने कौर के कथित अलगाववादी विचारों को लेकर चिंता व्यक्त की। बीबीसी के भारतीय मूल के नये अध्यक्ष समीर शाह को संबोधित ऐसी ही एक शिकायत में कहा गया है, ''मुझे आपके संज्ञान में यह तथ्य लाना चाहिए कि आपकी संस्था चरमपंथियों को 'प्रस्तोता के रूप में नियुक्त कर रही है। इसमें कहा गया है, ''सिख समुदाय में जसप्रीत को खालिस्तानी के रूप में जाना जाता है। वह सोशल मीडिया में अपनी पोस्ट में खुलेआम 'खालिस्तान हैशटैग करती हैं।

डब्ल्यूपीएल 2024

# मुंबई इंडियंस ने गुजरात जायंट्स को हराया



नई दिल्ली, एजेंसी। यहां अरुण जेटली स्टेडियम में शनिवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 के 16वें मैच में कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टीम का नेतृत्व करते हुए नाबाद 95 रनों की पारी खेली, जिससे मुंबई इंडियंस ने गुजरात जायंट्स को सात विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ मुंबई इंडियंस अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई और सात मैचों में पांच जीत और दो हार के साथ 10 अंक जुटाकर प्लेऑफ के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। छह मैचों में पांचवीं हार झेलने के बाद गुजरात जायंट्स दो अंकों के साथ अंक तालिका में सबसे नीचे है.

पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात जायंट्स ने कप्तान बेथ मूनी (35 गेंदों पर 66 रन) और दयालन हेमलता (40 गेंदों पर 74 रन) के धमाकेदार अर्धशतकों की बदौलत 20 ओवरों में 190/7 का मजबूत स्कोर बनाया।जवाब में मुंबई इंडियंस 14वें ओवर में 98/3 पर गिर गई थी, लेकिन हरमनप्रीत कौर और अमेलिया केर ने चौथे विकेट के लिए 93 रन बनाए। हरमनप्रीत कौर ने 30 से अधिक गेंदों में 75 रन बनाए। मुंबई इंडियंस एक गेंद बाकी रहते 191/3 तक पहुंचने में सफल रही।मुंबई इंडियंस ने 191 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए यास्तिका भाटिया (49) और हेले मैथ्यूज (18) के साथ अच्छी शुरुआत की और पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़े, लेकिन मैथ्यूज तनुजा कंवर की गेंद पर स्नेह राणा के हाथों कैच आउट हो गए। नैट साइवर-ब्रंट भी जल्दी ही आउट हो गईं, उन्हें 57 के स्कोर पर शाहनाम एमडी की गेंद पर स्नेह राणा ने कैच कर लिया।यास्तिका और हरमनप्रीत ने स्कोर को 98 रन तक पहुंचाया। इससे पहले कि यास्तिका 49 रन पर एशले गार्डनर की गेंद पर कैच और बोल्ड हो गईं, उन्होंने 36 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाकर अपनी पारी खेली।

हरमनप्रीत कौर ने मुंबई इंडियंस की उम्मीदें बरकरार रखीं व खुलकर रन बनाए और 33 गेंदों पर छह चौके और एक छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। हरमनप्रीत और अमेलिया केर ने चौथे विकेट के लिए सिर्फ 22 गेंदों पर 50 रन जोड़े, जिसमें हरमन ने 36 रन और केर ने नौ रन जोड़े।

मुंबई इंडियंस 18वें ओवर में 150 रन तक पहुंच गई और हरमनप्रीत कौर ने स्नेह राणा द्वारा फेंके गए 18वें ओवर में 24 रन बनाकर मैच का रुख बदल दिया। जब 18 गेंदों पर 47 रनों की जरूरत थी, तब हरमनप्रीत कौर ने स्नेह की गेंद पर तीन चौके और दो छक्के लगाए। उन्होंने अगले ओवर में तजुना कंवर की गेंद पर छक्का लगाया, जिससे मुंबई इंडियंस का स्कोर 10 रन हो गया।आखिरी छह गेंदों पर 13 रनों की जरूरत थी, हरमनप्रीत ने एशले गार्डनर को पहली गेंद पर छक्का और अगली गेंद पर एक छक्का लगाया, क्योंकि आखिरी चार गेंदों पर तीन रन के साथ वे 191 पर पहुंच गए।इससे पहले, मूनी और हेमलता ने दूसरे विकेट की साझेदारी के लिए 121 रन बनाए, जिसमें मूनी ने 66 (8×4, 3×6) और हेमलता ने 74 (9×4, 2×6) रन जोड़े। मूनी ने 27 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया, जबकि हेमलता ने 28 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। सजीवन सजना की गेंद पर मूनी के बोल्ड होने से पहले उन्होंने स्कोर को 139 रन तक पहुंचाया। भारती फुलमाली ने 13 गेंदों में 21 रन बनाए और गुजरात जायंट्स को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया।

**संक्षिप्त स्कोरः** गुजरात जायंट्स 20 ओवर में 190/7 (बेथ मूनी 66, दयालन हेमलता 74; सैका इशाक 2-31) 19.5 ओवर में 191/3 से हार गई (यास्तिका भाटिया 49, हरमनप्रीत कौर 95 नाबाद; एशले गार्डनर 1-22) सात से विकेट से।

## 36 गेंद पर 91 रन! हरमनप्रीत कौर ने तो उत्पात मचा दिया



महिला प्रीमियर लीग 2024 के 16वें मैच में मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपनी बैटिंग से तबाही मचा दिया। हरमनप्रीत ने महज 48 गेंद में 95 रनों रनों की तूफानी पारी खेली। मैच में एक समय गुजरात जायंट्स की टीम मजबूत स्थिति में दिखाई पड़ रही है। मुंबई को 36 गेंद में 91 रन बनाने थे जो काफी मुश्किल लग रहा था, लेकिन हरमनप्रीत कौर ने इसे संभव कर दिया। ऐसे में आइए जानते हैं आखिरी के उन 6 ओवरों में क्या हुआ जिससे मुंबई की टीम ने महिला प्रीमियर लीग में इतिहास रच दिया।

मैच में गुजरात की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 190 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई की शुरुआत कुछ खास नहीं थी। टीम 14 ओवर में 3 विकेट गंवाकर मुश्किल से 100 रन तक पहुंच पाई थी, लेकिन इसके बाद हरमनप्रीत कौर ने अपना जलवा दिखाया। हरमन खुद 14वें ओवर की समाप्ति तक 21 गेंद में 20 रन बनाकर खेल रही थी, लेकिन 15वें ओवर में उन्होंने मेघना सिंह के खिलाफ 2 चौके और 1 छक्के की मदद से 19 रन कूट दिए।

मेघना सिंह के ओवर में 19 रन खाने के बाद गुजरात ने 16वां ओवर स्नेह राणा को थमाया। स्नेह ने अपने इस ओवर में मुंबई के बल्लेबाजों को बांधकर रखा और सिर्फ 7 रन खर्च किए। गुजरात के लिए 17वां ओवर शबनम शकील लेकर आई। शबनम शकील की इस ओवर में हरमनप्रीत कौर और अमेलियिया केर ने मिलकर 18 रन बटोरे जिसमें 6 छक्का और एक चौका भी शामिल था।

## नीरज चोपड़ा ने सरकार के प्रतिभा पहचान कार्यक्रम का समर्थन किया




नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने सरकार के राष्ट्रीय स्तर के खेल विकास कार्यक्रम कीर्ति का समर्थन करते हुए कहा कि इसमें देश के शैक्षणिक तंत्र में बड़े बदलाव लाने की क्षमता है। खेल मंत्रालय ने स्कूली बच्चों को ध्यान में रखते हुए जमीनी स्तर के प्रतिभा पहचान कार्यक्रम कीर्ति को शुरू किया है। इस कार्यक्रम के तहत प्रतिभा की पहचान करके उनके कौशल को निखारा जाएगा।

### भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा

ओलंपिक और विश्व चैंपियन चोपड़ा ने कहा कि यह स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए मजबूत आधार होगा और इससे उनके भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। साई (भारतीय खेल प्राधिकरण) मीडिया के वीडियो में चोपड़ा ने कहा, हमें 13-14 आयु वर्ग के बच्चों को यह बताना होगा कि उन्हें खेल और शिक्षा दोनों पर ध्यान देने की जरूरत है।

अगर स्कूल भी उनका समर्थन करके चीजों को संतुलित कर सकते हैं, तो यह बहुत अच्छा होगा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि इसमें (शिक्षा प्रणाली) बदलाव होना चाहिए ताकि खेल और शिक्षा दोनों के बीच संतुलन पैदा किया जा सके। यदि ऐसा होता है तो इससे हमारे देश में बड़ा बदलाव आएगा।

# रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया की बादशाहत, हर फॉर्मेट में बनी नंबर 1

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय टीम ने इंग्लैंड को टेस्ट सीरीज में 4-1 से मात दी। भारतीय टीम का घर पर जीत का सिलसिला कायम है। वह बीते 12 साल से अपनी जमीन पर कोई टेस्ट सीरीज नहीं हारा है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम लगातार सफलता हासिल कर रही है और इसका सबूत है आईसीसी वर्ल्ड रैंकिंग। भारतीय टीम रविवार को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर वन बन गई है।

### भारतीय टीम बनी टेस्ट में नंबर 1

भारतीय टीम धर्मशाला टेस्ट से पहले रैंकिंग में दूसरे स्थान पर थी। रविवार को उसने ऑस्ट्रेलिया को हटाकर टॉप स्थान हासिल किया। भारत के 122 रैटिंग अंक हैं वहीं ऑस्ट्रेलिया क



117 अंक है। इंग्लैंड 111 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर कायम है। न्यूजीलैंड चौथे और साउथ अफ्रीका पांचवें नंबर पर हैं।

### वनडे और टी20 में भी नंबर वन

भारत पहले से ही वनडे और टी20 रैंकिंग में पहले स्थान पर है। इस समय वह तीनों फॉर्मेट में पहले स्थान पर है। रोहित शर्मा तीनों की फॉर्मेट में टीम के कप्तान हैं। ऐसे में इस सफलता का बड़ा श्रेय रोहित की कप्तानी को दिया जा रहा है।

### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भी नंबर वन भारत

भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंकतालिका में भी पहले स्थान पर है। भारत ने अब तक नौ टेस्ट मैच खेले हैं जिसमें से वह छह जीता है जबकि दो में उसे हार मिली। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज के परिणाम का भारत की पॉजिशन पर असर नहीं होगा। न्यूजीलैंड के वेलिंगटन में ऑस्ट्रेलिया से पहले टेस्ट में 172 रन से हारने से भारत इस हफ्ते के शुरू में डब्ल्यूटीसी तालिका में दूसरे से पहले स्थान पर पहुंच गया था।

ऑस्ट्रेलिया 59.09 प्रतिशत अंक से तालिका में तीसरे स्थान पर है। भारत से श्रृंखला हारने से इंग्लैंड 17.5 प्रतिशत अंक से आठवें स्थान पर है। भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के पिछले दोनों फाइनल खेल चुका है। उसे पहली बार में न्यूजीलैंड और दूसरी बार में ऑस्ट्रेलिया से हार मिली थी।

## क्राइस्टचर्च टेस्ट के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया 77/4, 202 रन की और जरूरत

क्राइस्टचर्च, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच क्राइस्टचर्च में 2 टेस्ट की सीरीज का आखिरी मुकाबला खेला जा रहा है। हैग्ले ओवल मैदान पर तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 4 विकेट पर 77 रन



बना लिए। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 372 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया को 279 रन का टारगेट दिया।

पहली पारी में न्यूजीलैंड ने 162 और ऑस्ट्रेलिया ने 256 रन बनाए थे। तीसरे दिन न्यूजीलैंड ने 134/2 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टॉम लैथम ने 65 और रचिन रवींद्र ने 11 रन के स्कोर से पारी आगे बढ़ाई। लैथम 73 रन बनाकर आउट हो गए लेकिन रचिन ने फिफ्टी लगा दी। उन्होंने डेरिल मिचेल के साथ चौथे विकेट के लिए 123 रन की पार्टनरशिप की।

मिचेल 58 रन बनाकर आउट हुए, उनके बाद रचिन भी 82 रन बनाकर आउट हो गए। इनके बाद टॉम ब्लंडेल 9 रन बनाकर आउट हुए और टीम ने 296 रन के स्कोर पर 6 विकेट गंवा दिए। डेरिल मिचेल और रचिन रवींद्र ने 123 रन की पार्टनरशिप की।

### फिलिप्स-कुगलेइन ने की फिफ्टी पार्टनरशिप

ग्लेन फिलिप्स और स्कॉट कुगलेइन ने फिर 7वें विकेट के लिए 53 रन की पार्टनरशिप कर ली। फिलिप्स 16 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच साझेदारी टूटी। मैट हेनरी ने 16 रन बनाए और टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचा। टिम साउदी खाता भी नहीं खोल सके, उनके बाद कुगलेइन 44 रन बनाकर आउट हुए और टीम 372 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई।

फ्रेंच ओपन

# सात्विक-चिराग की जोड़ी फ्रेंच ओपन के फाइनल में



पेरिस, एजेंसी। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की विश्व में नंबर एक भारतीय जोड़ी ने दक्षिण कोरिया के सियो सेउंग जे और कांग मिन ह्युक को सीधे गेम में हराकर फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने इस साल लगातार तीसरी बार फाइनल में जगह बनाई है।

हालांकि, वह इस साल एक भी खिताब नहीं जीत पाए हैं। उन्हें पहले खिताब की तलाश है और फ्रेंच ओपन में वह इस सूखे को खत्म करना चाहेंगे। फ्रेंच ओपन में भी यह जोड़ी तीसरी बार फाइनल में पहुंची है। सात्विक और चिराग ने शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल में कोरिया की जोड़ी को 21-13, 21-16 से हराया।

### लक्ष्य सेन का अभियान समाप्त

पुरुष एकल में हालांकि लक्ष्य सेन का अभियान मौजूदा विश्व चैंपियन थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न से हारने के बाद समाप्त हो गया। कुनलावुत ने सेमीफाइनल में एक घंटे 18 मिनट तक चले मुकाबले में 20-22, 21-13, 21-11 से जीत दर्ज की।सात्विक-चिराग ने बदला पूरा किया

सात्विक और चिराग ने दुनिया की दो सर्वश्रेष्ठ जोड़ियों के बीच खेले गए मुकाबले में शुरू से ही दबदबा बनाए रखा तथा इस साल के शुरू में इंडिया ओपन में मिली हार का बदला चुकता किया।

### फाइनल में इनसे होगा सामना

मौजूदा विश्व चैंपियन जोड़ी के खिलाफ पहला गेम आसानी से जीतने के बाद सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में भी कोरियाई जोड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया। भारतीय जोड़ी ने यह मुकाबला केवल 40 मिनट में अपने नाम किया। भारतीय जोड़ी फाइनल में चीनी ताइपे के ली झे हुई और यांग पो ह्सान से भिड़ेगी, जिन्होंने सेमीफाइनल में जापान के ताकुरो होकी और यूगो कोबायाशी को हराया।




## श्रीलंका ने 28 रन से जीता तीसरा टी-20, बांग्लादेश को सीरीज 2-1 से हराई

कोलंबो, एजेंसी। श्रीलंका ने बांग्लादेश को तीसरे टी-20 में 28 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने 3 टी-20 की सीरीज भी 2-1 के अंतर से जीत ली। श्रीलंका से नुवान थुषारा ने हैट्रिक लेने के साथ पारी में 5 विकेट लिए। उनकी ही टीम के कुसल मेंडिस प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए। सिलहट में शनिवार को श्रीलंका ने पहले बैटिंग करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 174 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश टीम 146 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

**कुसल मेंडिस ने दिलाई शानदार शुरुआत**

शनिवार को बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। श्रीलंका ने 18 रन के स्कोर पर धनंजय डी सिल्वा का विकेट गंवा दिया। लेकिन ओपनर कुसल मेंडिस दूसरे एंड पर टिक गए। उन्होंने कमिंदु मेंडिस के साथ 34 रन और वनिंदू हसरंगा के साथ 59 रन की पार्टनरशिप की।

श्रीलंका ने 111 रन के स्कोर पर 3 विकेट गंवाए, मेंडिस फिर भी टिके रहे। वह 17वें ओवर में 86 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि तब तक टीम का स्कोर 140 तक पहुंच चुका था।

**शनाका ने 174 तक पहुंचाया**

मेंडिस के विकेट के बाद चरिथ असलंका 3 और एंजलो मैथ्यूज 10 रन बनाकर आउट हो गए। आखिर में पूर्व कप्तान दसुन शनाका ने 9 बॉल पर 19 रन बनाए और टीम का स्कोर 174 रन तक पहुंचा दिया। वह पारी की आखिरी बॉल पर रन आउट हो गए। बांग्लादेश से रिशाद हुसैन और तस्कीन अहमद ने 2-2 विकेट लिए। एक-एक सफलता शोरिफुल इस्लाम और मुस्तफिजुर रहमान को भी मिली।

बांग्लादेश की शुरुआत खराब, थुषारा ने पावरप्ले में हैट्रिक ली

175 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी बांग्लादेश टीम की शुरुआत खराब रही।

# पेरिस ओलंपिक में रेसलिंग का मेडल पक्का! ट्रायल में भाग लेने के लिए तैयार हुए बजरंग पुनिया



नईदिल्ली, एजेंसी। भारत के दिग्गज पहलवान बजरंग पुनिया से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है. दरअसल, बजरंग पुनिया पेरिस ओलंपिक ट्रायल में भाग लेने के लिए तैयार हो गए हैं. आज सोनीपत के स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया एकेडमी में ट्रायल का आयोजन होना है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बजरंग पुनिया सोनीपत पहुंच चुके हैं. पिछले दिनों रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया को संस्पेंड कर दिया था. लेकिन अब एक बार फिर रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया को बहाल कर दिया गया है.

**सोनीपत के स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया एकेडमी पहुंचे बजरंग पुनिया**

इससे पहले बजरंग पुनिया के पेरिस ओलंपिक ट्रायल में भाग लेने के सवाल पर लगातार कयास लग रहे थे, लेकिन अब साफ हो गया है कि वह सोनीपत के स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया एकेडमी में आयोजित ट्रायल में हिस्सा ले रहे हैं. टोक्यो ओलंपिक में बजरंग पुनिया ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था. इसके अलावा कई बड़े इवेंट्स में बजरंग पुनिया मेडल अपने नाम कर चुके हैं. बहरहाल, पेरिस ओलंपिक से पहले भारतीय फैंस के लिए अच्छी खबर सामने आ रही है. हालांकि, यह देखना मजेदार होगा कि पेरिस ओलंपिक में बजरंग पुनिया का प्रदर्शन कैसा रहता है?

**बजरंग पूनिया ने डब्ल्यूएफआई के खिलाफ की थी एक्शन की मांग**

पिछले दिनों भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया ने एक ओपन लेटर लिखा था. इस लेटर के माध्यम से उन्होंने यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग से भारतीय कुश्ती महासंघ के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की थी. हालांकि, इसके बाद कुछ दिनों बाद ही वर्ल्ड रेसलिंग ने भारतीय कुश्ती संघ से प्रतिबंध हटा दिया था. दरअसल, वर्ल्ड रेसलिंग ने भारतीय संघ को चुनाव न होने के चलते अनिश्चित काल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था.

## संक्षिप्त समाचार

### रूद्रपुर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

**गुमला/जारी, एजेंसी।** महाशिवरात्रि पर शिव मंदिर रूद्रपुर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन। बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक व थाना के प्रभारी आदित्य कुमार ने फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से सामाजिक समरसता बढ़ती है। वहीं जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक ने कहा कि रुद्रपुर का शिव मंदिर काफी प्राचीन है इस मंदिर में दूर-दूर से लोग पूजा अर्चना करने आते हैं, और प्रत्येक साल यहां महाशिवरात्रि पर भंडारा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। मौके पर नारायण भगत, मनोज सिंह,सत्यम सिंह, सुजीत सिंह, सतनारायण सिंह, सनम सिंह सहित काफी संख्या में दूर दराज आए ग्रामीण उपस्थित थे। जहां रात भर लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया।

### लोक अदालत में एक लाख मामले निष्पादित, 40 करोड़ की वसूली भी

**रांची , एजेंसी।** सिविल कोर्ट रांची में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में एक लाख से अधिक मामले निपटाए गए। साथ ही मौके पर 40 करोड़ रुपए से अधिक की वसूली भी की गई। इसमें अदालत में लंबित और लिटिगेशन फ्री मामले, दोनों शामिल हैं। लोक अदालत में 31 पीड़ितों के बीच 63.30 लाख रुपए की मुआवजा राशि भी वितरित की गई। यहां मामलों के निष्पादन के लिए 45 बेंच बनाई गई थीं।10 साल पुरानी शादी टूटने से बचाई- मध्यस्थता केंद्र ने टूट के कगार पर पहुंची 10 साल पुरानी शादी को बचाया। अधिवक्ता मध्यस्थ एलके गिरि ने दोनों पति-पत्नी के बीच विवाद दूर किया। शनिवार को जस्टिस एसएन प्रसाद एवं न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय की उपस्थिति में दोनों पुन: साथ रहने को राजी हो गए। उनके दो बच्चे भी हैं। पत्नी ने विवाद को लेकर मुकदमा किया था।

### अबुआ आवास पर आ रही है शिकायत-अबुआ आवास योजना में भारी अनियमितता, डीडीसी को सौपा ज्ञापन

**चाईबासा , एजेंसी।** पश्चिमी सिंहभूम के ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के तत्वाधान में कच्चा मकान एवं आवास विहिन परिवारों को पक्का आवास का लाभ देने हेतु विगत दिनों झारखंड सरकार द्वारा अबुआ आवास योजना का शुभारंभ किया गया है। अबुआ आवास योजना में भारी अनियमितता, योग्य लाभुक को वंचित रखने, ग्राम सभा से प्राथमिकता का कोई लाभ नहीं मिलने से संबंधित विषय को लेकर राष्ट्रीय भ्रष्टाचार नियंत्रण एवं जनकल्याण संगठन के झारखंड प्रदेश निदेशक बसंत महतो ने बुधवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले के उप विकास आयुक्त को योजना से संबंधित आंकड़ों के साथ एक ज्ञापन सौंपा ।प्रतिनिधिमंडल के रूप में बसंत महतो, वासिल हेंब्रम एवं नारायण उपस्थित थे।

### रजिस्टर टू का प्रमाणित प्रतिलिपि नहीं मिलने पर नाराज हैं महिलाएं, जारी है विरोध प्रदर्शन

**गिरिडीह , एजेंसी।** गिरिडीह के तिसरी प्रखंड में किसान जनता पार्टी आदिवासी महिला मोर्चा द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय के मुख्य द्वार में ताला जड़ दिया गया है ।बता दें कि मैनुअल रजिस्टर टू का प्रमाणित प्रतिलिपि कॉपी लेने को लेकर पिछले 16 फरवरी को 32 मौजा का मांग किया था। जिसे नहीं मिलने पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष लोग धरना पर बैठ गए थे। धरना के 16 दिन बीत जाने के बाद भी इसका सुध लेने कोई नहीं आया। सब्र का बांध टूट गया और किसान मोर्चा के सदस्यों ने शनिवार अगले सुबह ही तिसरी अंचल के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। ताला जड़ने में महिलाओं का मुख्य भूमिका है। किसानों का कहना है कि रजिस्टर टू का प्रतिलिपि कॉपी लेने का निर्धारित राशि जनवरी माह में ही अंचल में जमा कर दिया गया है। इसके बावजूद उन्हें रजिस्टर टू का कॉपी नहीं मिला। संबंधित अधिकारी टाल मटोल कर रहे हैं जिससे लोग नाराज होकर अंचल कार्यालय के मुख्य गेट पर ही ताला जड़ दिया गया और जबतक रजिस्टर टू का कॉपी नहीं दिया जाएगा तब तक ताला नहीं खुलेगा। जिसके बाद धरना पर बैठे लोगों ने रेली निकाल कर पूरे तिसरी बाजार में भ्रमण करते हुए किसानों के साथ धोखाधड़ी करना बंद करो, किसान महिला मोर्चा जिंदाबाद सहित कई नारे लगाए गए। जिसके बाद वापस प्रखंड कार्यालय के सामने धरना पर बैठ गए।

# सूखे से निपटने के लिए झारखंड सरकार का प्लान, 10 जिलों में सिंचाई क्षमता बढ़ाने का हो रहा काम

**रांची , एजेंसी।**

झारखंड के कृषि योग्य खेतों तक पानी पहुंचाने के लक्ष्य को लेकर झारखंड सरकार का जल संसाधन विभाग तेजी से काम कर रहा है। विभाग ने उत्तरी छोटानागपुर, संथाल परगना, कोल्हान और पलामू प्रमंडल के 10 जिलों पर विशेष फोकस किया है। इन जिलों में हजारीबाग, देवघर, साहिबगंज, गोड्डा, जामताड़ा, दुमका, पलामू, लातेहार, गढ़वा, सरायकेला-खरसावां शामिल हैं। इन जिलों में विभाग 11 ऐसी सिंचाई परियोजना पर काम कर रहा है, जिसके पूरे होने से इन जिलों के 2,47,166 हेक्टेयर (2.47 लाख हेक्टेयर) तक कृषि योग्य भूमि को सिंचित कर पाएगा। सभी परियोजना पर काम अभी चालू है।

संथाल परगना प्रमंडल में देवघर प्रखंड के पुनासी गांव में पुनासी जलाशय परियोजना पर काम चल रहा है। परियोजना पर अभी तक 746.86 करोड़ रुपए खर्च हो चुका है। जिले के बरहेट प्रखंड के पेटखासा गांव में बन रही साहिबगंज की गुमानी बैराज परियोजना में अभी तक 188.98 करोड़ रुपए खर्च हो चुके है। योजना का शीर्ष कार्य पूरा हो चुका है। केवल एफलक्स बांध निर्माण करने की आवश्यकता है, जिसके लिए भू-अर्जन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। वहीं, बटेश्वर स्थान गंगा पंप नहर योजना एक अंतरराज्यीय परियोजना है जिसका शीर्ष कार्य बिहार में है। झारखंड में मुख्य नहर का लगभग



80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। जबकि देवघर जिले में बुढ़ई जलाशय परियोजना बन रही है और दुमका में मिसलिया रानीश्वर मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना का निर्माण होना है। सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना देवघर एवं जामताड़ा जिले के सारठ, करों, विद्यासागर एवं जामताड़ा प्रखंड में प्रस्तावित है।

### पलामू प्रमंडल

अमानत बराज परियोजना- पांकी प्रखंड में निर्माणाधीन इस परियोजना में अभी तक 325.40 करोड़ रुपए की राशि खर्च हो चुकी है। इस योजना के पूरे होने से 26,990 हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई सुविधा दी जा सकेगी।

शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना- जिले के मंडल गांव में निर्माणाधीन इस परियोजना के शेष कार्य को केंद्र सरकार के जल संसाधन मंत्रालय से पूरा करने के लिए इकरारनामा हो चुका है। योजना की लागत अब 3199.83 करोड़ रुपए हो चुकी है। योजना के पूरे होने से सूखाग्रस्त पलामू तथा गढ़वा जिले में 22,104 हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो पाएगी।

सोन कनहर पाइप लाइन परियोजना-राज्य के सुखाड़ग्रस्त गढ़वा जिले में यह परियोजना स्वीकृत है। योजना में अभी तक 861.63 करोड़ रुपए खर्च हो चुका है। परियोजना के पूरे होने से जिले के 15 प्रखंडों में 22,000 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित हो पाएगी।

### उत्तरी छोटानागपुर

हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड के बनासो गांव के समीप कोनार सिंचाई परियोजना पर काम चल रहा है। योजना में अभी तक 511.49 करोड़ रुपए खर्च हो चुके है। योजना के पूरी होने पर हजारीबाग सहित गिरिडीह, बोकारो के विष्णुगढ़, बगोदर, डुमरी, नावाडीह प्रखंडों के कुल 62,955 हेक्टेयर सिंचाई क्षमता का विकास होगा।

### कोल्हान प्रमंडल

भीमखांड माइक्रो लिफ्ट सिंचाई परियोजना- सरायकेला-खरसावां जिले के खरकई बैराज के दांयी तरफ के कमांड क्षेत्र के दक्षिणी भूभाग में राजनगर प्रखंड में सिंचाई क्षमता देने के लिए इस परियोजना का निर्माण कराया जाना है। परियोजना के लिए 76.65 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। योजना के पूरे होने से प्रखंड के 1000 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो पाएगी।

## बीबीएमकेयू में ग्रेजुएट अप्रेंटिसशिप की 96 सीट के लिए आवेदन शुरू

**धनबाद, एजेंसी।** बीबीएमकेयू धनबाद में एक वर्ष के लिए 96 युवाओं का ग्रेजुएट अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के लिए चयन होगा। रविवार से ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गया है। आवेदन की अंतिम तिथि 18 मार्च है। वर्ष 2019 से 2023 के बीच झारखंड के किसी भी विवि या कॉलेज से स्नातक छात्र इसके लिए आवेदन कर सकता है। चयनित युवा को अगले एक वर्ष तक 12 हजार रुपए महीना स्टाइपेंड मिलेगा। ऑनलाइन आवेदन के लिए बीबीएमकेयू की ओर से क्यूआर कोड जारी किया गया है। उसे स्कैन करते हुए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। ग्रेजुएट अप्रेंटिसशिप को बीबीएमकेयू में 20 पद के अलावे धनबाद व बोकारो के 10 अंगीभूत कॉलेजों के लिए 76 का चयन किया जाएगा।

बीबीएमकेयू ने इस संबंध में शनिवार को आदेश जारी कर दिया है। बताते चलें कि व्यावहारिक प्रशिक्षण बोर्ड (पूर्वी क्षेत्र) और झारखंड सरकार के उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से एक वर्षीय स्नातक प्रशिक्षु योजना को शुरू किया गया है। यह पहल राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रशिक्षण योजना (एनएटीएस) का एक हिस्सा है। इसका उद्देश्य झारखंड के विश्वविद्यालय और कॉलेजों में स्नातकों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करके उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाना है। एक वर्ष पूरा करने पर सर्टिफिकेट ऑफ प्रोफिसिएंसी दिया जाएगा। यह एक वर्ष के नौकरी का अनुभव के समान होगा।

# रांची में घर का ताला तोड़ नगदी समेत 46 लाख के जेवरात चोरी, सीसीटीवी कैमरा भी उखाड़ ले गए

**रांची , एजेंसी।** रांची के डोरंडा एजी ऑफिस में सीनियर ऑडिट ऑफिसर के पद से रिटायर हुए हाजी मोइनुद्दीन अंसारी के हिंदपीढ़ी नेजाम नगर स्थित घर का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी समेत 46.50 लाख रुपए के जेवरात की चोरी कर ली।

इस वारदात को चोरों ने उस समय अंजाम दिया जब मोइनुद्दीन घर बंद कर परिवार के साथ मिट्टी मंजिल में शामिल होने के लिए चक्रधरपुर गए थे। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। मोइनुद्दीन के पुत्र अजहर इकबाल ने बताया कि शनिवार की सुबह उन्हें पड़ोसियों से घर का ताला टूटने की खबर मिली। जिसके बाद वह पिता के निजामनगर स्थित आवास पहुंचे। अंदर जाने पर देखा कि घर का पूरा सामान बिखरा पड़ा है। घर के अलमीरा खुलेहुए हैं। परिजनों के अनुसार घर में मौजूद दस लाख रुपए नगदी के अलावा 35.50 लाख के जेवरात गायब थे।



इसके बाद वह हिंदपीढ़ी थाना पहुंचे और मामले की जानकारी दी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि, अब तक पुलिस को चोरों का कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।

**सात को चक्रधरपुर गए थे मोइनुद्दीन :** अजहर ने पुलिस को बताया कि उनकी बुधा चक्रधरपुर में रहती थी। छह मार्च की रात उनकी मौत हो गई। सात की सुबह उनके पिता परिवार के सदस्यों के साथ मिट्टी मंजिल में शामिल होने के लिए निकल गए थे। घर में ताला बंद था। आठ की सुबह चोर घर में दाखिल हुए और सामान लेकर निकल गए। सीसीटीवी में चोर आते और जाते दिख रहे हैं।

**कैमरा उखाड़ ले गए चोर :** चोरों ने मोइनुद्दीन के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरा को न सिर्फ क्षतिग्रस्त किया, बल्कि उसे अपने साथ भी ले गए। घर के भीतर लगे कैमरा में चोरी करते हुए चोर दिख रहे हैं।

## कांग्रेस से गिर सकते हैं और विकेट, झारखंड में इस विधायक के पार्टी छोड़ने की अटकलें तेज



**रांची, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के लिए सबसे पहले प्रत्याशियों की घोषणा कर भाजपा तैयारियों के मामले में दूसरे दलों से एक कदम आगे नजर आ रही है, जबकि कांग्रेस और झामुमो अभी सीटों के बंटवारे तथा प्रत्याशियों के चयन में उलझे हैं। राज्य की 14 लोकसभा सीटों में से 11 पर भाजपा अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है।

टिकट पाने वाले प्रत्याशियों ने अपना चुनावी अभियान आरंभ कर दिया है। इसके मुकाबले राज्य में सत्तारूढ़ आइएनडीआइए गठबंधन की चाल सुस्त है। कांग्रेस यहां क्षेत्रीय दल झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के भरोसे है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इस बार पिछले चुनाव के मुकाबले ज्यादा सीटों पर दावा ठोक दिया है, जिससे कांग्रेस असहज है।

कांग्रेस के लिए स्थिति इस कदर विकट है कि चाईबासा से सांसद गीता कोड़ा ने अंतिम समय में पाला बदलकर भाजपा का टिकट हासिल कर लिया। इससे कांग्रेस पर यह सीट छोड़ने का दबाव बढ़ गया है। राजद और वामदलों की तैयारी व दावेदारी भी कुछ सीटों पर है। भाजपा के सहयोगी आजसू के बात करें तो इस बार भी वह गिरिडीह सीट पर अपना उम्मीदवार उतारेगी। हालांकि, यहां इस बार वह प्रत्याशी बदल सकती है।

झामुमो ने तर्क दिया है कि सिंहभूम में एक को छोड़ सारे विधायक उसके दल से आते हैं। लिहाजा, इस सीट पर उसकी दावेदारी है। हालांकि, कांग्रेस ने इसे लेकर अभी कुछ स्पष्ट नहीं किया है, लेकिन मजबूत साथी झामुमो को नाराज करने का जोखिम उठाने की स्थिति में कांग्रेस कतई नहीं है। झामुमो ने कई मौके पर अपनी मर्जी भी कांग्रेस पर थोपी है।

राष्टपति चुनाव से लेकर राज्यसभा चुनाव तक इसके उदाहरण हैं, जब झामुमो ने अपने स्तर से निर्णय लिया। एक मायने में इसे क्षेत्रीय दल पर कांग्रेस की निर्भरता भी कहा जा सकता है। ऐसे में कांग्रेस को कम सीटों पर संतोष करना पड़ सकता है। फिलहाल विभिन्न राज्यों में गठबंधन के साथियों से हाथ धो रही कांग्रेस को झामुमो की शर्तें माननी पड़ सकती हैं।

झामुमो ने कई मौके पर कहा है कि वह गठबंधन में बड़े भाई की भूमिका में है। इसका स्पष्ट संकेत है कि उसे बड़ा हिस्सा चाहिए। ऐसे में सीटों के तालमेल को लेकर निष्कर्ष तक पहुंचने में अभी समय लग सकता है, जिसका स्वाभाविक फायदा भाजपा के प्रत्याशियों को मिलेगा।

कांग्रेस को चुनाव आते-आते झारखंड में और कई झटके लग सकते हैं। गीता कोड़ा के साथ-साथ संगठन की चाईबासा जिला इकाई के प्रमुख नेताओं ने भी पार्टी का साथ छोड़ दिया। ऐसे में जगन्नाथपुर से कांग्रेस के विधायक सोनाराम सिंकू भी अलग राह चुन सकते हैं। जगन्नाथपुर कोड़ा परिवार की परंपरागत सीट है।

इस सीट का प्रतिनिधित्व मधु कोड़ा कर चुके हैं। टिकट बंटवारे को लेकर विचार-विमर्श के दौर असंतोष भी बड़े पैमाने पर उभर रहा है। टिकट की घोषणा होने के बाद यह चरम पर होगा।

## 13 और 14 मार्च को बारिश के आसार; अब चढ़ने लगा है तापमान

**रांची , एजेंसी।** झारखंड में 13 और 14 मार्च को बारिश के आसार हैं। 9 मार्च से लेकर 13 मार्च तक राज्य में मौसम विभाग ने बारिश नहीं होने की संभावना जाहिर की गई है। झारखंड में किसी तरह का अलर्ट नहीं है, लेकिन तापमान में आ रही गिरावट अब महसूस होने लगी है। राज्य के तापमान में आ रहा बदलाव भी नजर आने लगा है।



मौसम विभाग ने 13 मार्च को आसमान में आशंकी बादल रहने और गर्जन के साथ वज्रपात की संभावना जाहिर की है। 14 मार्च को दक्षिणी, पूर्व और निकट के इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार 10 मार्च से तापमान में बदलाव महसूस होने लगेगा। 11 मार्च से धीरे- धीरे तापमान में 2 से 4 डिग्री की बढ़त दर्ज की जा सकती है। 9 मार्च से लेकर 12 मार्च तक राज्य मे अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस तक होने का अनुमान है।

झारखंड में पिछले 24 घंटे के मिजाज पर नजर डालें तो कुछ जगहों पर हल्की बारिश दर्ज की गई है। पश्चिमी सिंहभूम के मनोहरपुर में 8.0 डिग्री सेल्सियस सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई। राज्य का बढ़ता तापमान 32 डिग्री सेल्सियस के आंकड़े को पार कर गया है। सबसे ज्यादा 32.1 डिग्री सेल्सियस तापमान बोकारो थर्मल में दर्ज किया गया है। राज्य में सबसे कम तापमान 11.7 डिग्री सेल्सियस है।

राज्य में तापमान में हो रहा परिवर्तन इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि लगभग राज्यों में तापमान अब 28 डिग्री सेल्सियस के आंकड़े को पार कर रहा है। पाकुड़ में तापमान 31 डिग्री के आंकड़े के आगे निकल रहा है। तापमान पर नजर डालें तो बोकारो में 30.3 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान, रामगढ़ में 30.6 अधिकतम तापमान , सिमडेगा में 30.3 अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है।

## डेड बॉडी से खुलेगा हत्या का राज पिता ने नाबालिग बेटी को मारकर दफनाया, अबतक पांच गिरफ्तार

**पलामू, एजेंसी।** पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के सलतुआ गांव में मथुरा सिंह की 16 वर्षीया बेटी की 3 मार्च को हत्या कर शव सेमरा नदी में दफना दिया था। शुक्रवार को पुलिस ने बतौर मजिस्ट्रेट चैनपुर के सीओ चंद्रशेखर कुणाल और ग्रामीणों की उपस्थित में कब्र से शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच भेजा है।

सीओ ने बताया कि सेमरा नदी के किनारे एक नाबालिग लड़की का शव दफनाए जाने की सूचना मिली थी। सूचना का सत्यापन के बाद शव को कब्र से निकाला गया है। मेदिनीनगर एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद ने बताया कि हत्या क्यों कब और किसने की है इसकी जांच की जा रही है। मृतका के चाचा हनुमाड गांव निवासी बबनी सिंह ने प्रशासन को आवश्यक सहयोग दिया।

सलतुआ पंचायत की मुखिया चिंतामणि देवी एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरिद्वार सिंह ने बताया कि मथुरा सिंह की पत्नी की मौत चार साल पूर्व हो गई है। घर में मथुरा सिंह के दो बेटे और दो बेटियां रह गई थी। कुछ माह पूर्व बड़ा बेटा प्लांट में काम करने झारखंड से बाहर गया था जहां तनाव में आकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। वहीं बड़ी बेटी प्रेम-विवाह कर पति के साथ बाहर चली गई है।

वर्तमान में घर में पिता के साथ नाबालिग बेटा व बेटी रह गए थे। तनाव के कारण मथुरा सिंह आजकल नशापान ज्यादा करने लगा है। तीन मार्च को नाबालिग लड़की बकरी चराने गई थी और शाम में लौट घर लौटी। इधर मथुरा सिंह अपनी बेटी को बहुत देर से ढूंढ रहा था। घर आने पर बेटी को देखकर गुस्से में उसने धारदार हथियार से सिर पर वार कर दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। बाद में कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर बेटी के शव को सेमरा नदी के किनारे दफना दिया।

पलामू की पुलिस अधीक्षक रेश्मा रमेसन ने बताया कि शव दो या तीन दिन पुराना लग रहा है। उन्होंने कहा कि शव का पोस्टमार्टम किया गया, लेकिन पुलिस अभी रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा कि गिरफ्तार लोगों ने अपराध के लिए लड़की के पिता को दोषी ठहराया है। मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जबकि लड़की का पिता फिलहाल फरार है।

## एसएस हाई स्कूल गुमला में उत्कृष्ट स्वास्थ्य आरोग्य दूत सम्मान समारोह

**गुमला, एजेंसी।** जिला स्वास्थ्य समिति, गुमला द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट स्वास्थ्य आरोग्य दूत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह समारोह जिला मुख्यालय के एसएस हाई स्कूल के सभागार में आयोजित हुई। बतौर मुख्य अतिथि डीडीसी दिलेश्वर महतो,सिविल सर्जन डॉ राजू कच्छप, डीईओ नूर आलम ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर डीडीसी कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग द्वारा मिलकर किशोर - किशोरियों के लिए किए जा रहे कार्यक्रम से किशोर स्वास्थ्य में लाभ मिल रहा है। इससे आने वाले समय में स्वस्थ्य युवा का निर्माण होगा। सिविल सर्जन डॉ राजू कच्छप ने बताया कि किशोर -किशोरावस्था में मन पर नियंत्रण रखना बहुत जरूरी है। इसके लिए स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग मिलकर 10-19 के किशोर किशोरियों को स्वास्थ्य शिक्षा दिया जा रहा है। डीईओ नूर आलम ने कहा कि व्यक्ति की पहली प्राथमिकता स्वास्थ्य है। स्वस्थ्य रहने से शिक्षा प्राप्त कर सफल नागरिक बनना आसान है।

## रांची के 1008 परिवारों को आज मिलेगा अपना घर, पीएम मोदी करेंगे लाइट हाउस का उद्घाटन

**रांची , एजेंसी।** रांची के 1008 परिवारों को रविवार को अपना घर मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार दोपहर 12 बजे धुर्वा के आनी गांव में बने लाइट हाउस प्रोजेक्ट का ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे। सांकेतिक तौर पर 10 परिवारों का गृह प्रवेश भी कराया जाएगा। उद्घाटन से पहले शनिवार को निगम प्रशासक अमित कुमार और नगरीय निदेशालय के निदेशक ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।

प्रशासक ने ड्रेनेज सहित अन्य बचे हुए काम को देर रात तक पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने निगम के पदाधिकारियों और प्रोजेक्ट का निर्माण कर रही एजेंसी मैजिक्रेट्स के प्रतिनिधियों को बिजली-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। लाइट हाउस प्रोजेक्ट का शिलान्यास प्रधानमंत्री मोदी ने 1 जनवरी 2021 को किया था। एक साल में जर्मनी की 3 डी टेक?नोलॉजी से प्रोजेक्ट को पूरा करना था। लेकिन जिला प्रशासन जमीन पर निर्माण शुरू नहीं करा पाया। स्थानीय लोगों के विरोध की वजह से एक वर्ष तक प्रोजेक्ट लटका रहा। आखिरकार तीन




वर्ष में निर्माण पूरा हुआ। गरीबों के लिए बने इस प्रोजेक्ट में वन बीएचके के 1008 फ्लैट का निर्माण किया गया है।

होटल में मजदूरी करने वाली शोभा देवी, घरों में झाड़ू-पोछा करने वाली केशरी देवी, फेरी लगाकर कपड़ा बेचने वाले संजय कुमार करन, मनिहारी का काम करने वाले राकेश कुमार दास, गार्ड का काम करने वाली पूनम देवी, सब्जी बेचने वाली मुन्नी देवी, सैलून चलाने वाले अजय ठाकुर, स्टूडियों संचालक मनोज कुमार वर्मा, इंदू देवी और सबिता देवी को फ्लैट में गृह प्रवेश कराया जाएगा।